# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 28-02-2023

# राज्य सूचना आयुक्त ने 58 मामलों की सुनवाई की

**गोरखपुर (एसएनबी)।** राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चन्द्र सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जन सूचना अधिकारियो के साथ जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत लम्बित प्रकरणों की समीक्षा बैठक करते हुये निर्देश दिये कि सूचना के अधिकार के अन्तर्गत प्राप्त सभी आवेदनों को समय से निस्तारित किया जाए।

**10 मामलों की सुनवाई में अफसरों को शीघ्र निस्तारण की चेतावनी**

**राज्य सूचना आयुक्त ने अफसरों को प्रशिक्षण भी दिया**

राज्य सूचना आयुक्त ने लम्बित 68 मामलों की सुनवाई की, जिसमें से मौके पर 58 मामलों का निस्तारण किया। 10 मामलों में चेतावनी के साथ अग्रिम तिथि निर्धारित की गयी। सुनवाई के पश्चात राज्य सूचना आयुक्त ने सभी जन सूचना अधिकारियों को आरटीआई के बारे में प्रशिक्षण दिया। राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि जनसूचना अधिकारी आवदेक को सूचना समय से उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि पिछली बैठकों की जागरूकता का परिणाम है कि जन सूचना अधिकारी व वादी मौके पर उपस्थित रहें जिससे मौके पर मामलों का निस्तारण हो सका। उन्होंने कहा कि सभी जन सूचना अधिकारी समय से जन सूचना उपलब्ध करा दें अन्यथा दण्डित किया जायेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन सहित जन सूचना अधिकारी एवं वादी उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई करते राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चंद सिंह।

# जालसाजी के आरोप में जमीन कारोबारी गिरफ्तार

**खोराबार (एसएनबी)।** जालसाजी कर जमीन कारोबारी जमीन बेचने के नाम पर करीब दो करोड़ रुपये ठगी कर फरार था। इस मामले में ठगी के शिकार आधार दर्जन लोगों ने खोराबार थाने में केस दर्ज कराया था। खोराबार पुलिस ने मुकदमे में फरार चल रहे मुख्य अभियुक्त को पुलिस रविवार को गिरफ्तार करके सोमवार को न्यायालय में पेश की जहा से उसे जेल भेज दिया गया तथा अन्य अभियुक्तों की तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही है ।

लगभग दो दर्जन लोगों का गैंग बनकर जमीन बेचने ,खरीदवाने आदि के नाम पर लोगो से जालसाजी करने के मामले में वादीगण विवेकानंद चौरसिया निवासी बहरामपुर खोराबार , इंद्रावती देवी निवासी हाटा कुशीनगर , रामपति निषाद निवासी रामनगर कडजहा खोराबार , गुड्डू निषाद निवासी रामनगर कडजहा खोराबार सहित लगभग एक दर्जन लोगों से जालसाजी और धोखाधड़ी करके 1 करोड़ 92 लाख रुपये हड़पने वाले मुख्य आरोपी शैलेन्द्र पासवान पुत्र स्व रवि पासवान निवासी जंगल सिकरी बाईपास को थाना प्रभारी खोराबार कल्याण सिंह सागर एस एस आई मनोज कुमार वर्मा , चौकी इंचार्ज बेलावर विवेक रंजन , कांस्टेबक दिनेश और सुरेंद्र यादव ने मुखबिर की सूचना पर रविवार को गिरफ्तार करके सोमवार को न्यायालय में पेश की जहा से उसे जेल भेज दिया गया।

**आधा दर्जन मुकदमों में फरार चल रहा आखिरकार शैलेन्द्र पासवान को पुलिस ने दबोचा**

**शैलेन्द्र पर दर्जनों मुकदमे है दर्ज**

जमीन के मामले को लेकर वर्ष 2015 में जालसाज शैलेंद्र के खिलाफ गोलबंद होकर मारपीट करने जान मारने की नियति से हमला करने के मामले में शैलेन्द्र पासवान के खिलाफ पहली बार 147 , 307 , 323 , 325 ,504 ,506 आईपीसी का केस दर्ज हुआ साथ बीते एक माह के अंदर लगभग एक दर्जन लोगों ने जालसाजी करके लगभग 2 करोड़ रुपये हड़पने का आरोप लगाया जिसके आधार पुलिस धारा 406 , 420 , 427 ,504 , 506 आईपीसी के तहत केस दर्ज की है ।

**गैंग के इन सदस्यों पर दर्ज है केस**

जालसाजी के मामले में शैलेंद्र के साथ उसके गैंग में काम करने वाले सुनील , विधा , सूरज , प्रदीप , आजाद मल्ल , सरिता , जयराम , सौरभ , महेश्वर , अखिलेश्वर , मुस्ताक अली , विशाल यादव , अनिल यादव , वीना शर्मा , शशि कुमार तिवारी पर धारा 406 , 420 , 427 , 504 , 506 , आई पी सी के तहत मुकदमा दर्ज है जिनको पुलिस सरगर्मी से तलाश रही है ।

## अश्लील वीडियो बनाकर लूटपाट करने वाले गैंग का खुलासा

# महिला समेत चार गिरफ्तार, लूट का माल बरामद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** कैन्ट पुलिस ने व्यापारी का महिला के साथ नग्न फोटो बना कर ब्लैकमेल करने वाले गिरोह के एक महिला सहित चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। गिरोह ने व्यापारी से तीन लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। इससे पूर्व व्यापारी से तीन हजार नगद और उसके सोन की अंगूठी छीन लिया था तथा उसके एटीएम कार्ड से इक्कीस हजार रुपयो भी निकाल लिये थे। चारों इस तरह की वारदात को पहले भी अंजाम दे चुके हैं।

**व्यापारी से तीन लाख की मांगी थी फिरौती**

सोमवार को एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि गिरोह ने देवरिया निवासी ओम प्रकाश को सिंघड़िया में मकान दिखाने के बहाने बुलाया था। कैन्ट पुलिस ने पीड़ित ओम प्रकाश की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी महिला देवरिया को लार के पिपरा चौराहा निवासी अनिता सिंह पत्नी नरेंद्र, कुशीनगर के रामकोला के कुशमहा निवासी संजय कुमार कुशवाहा, देवरिया कोतवाली के अबु बकर निवासी सूरज पटेल व देवरिया बरहज के बरहज बकार निवासी रामभरोसे तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चारों को कोर्ट में पेश किया कोर्ट ने सभी को जेल भेज दिया गया।

उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर कैन्ट इंस्पेक्टर शशिभूषण राय, इंजीनियरिंग कालेज चौकी के दरोगा अखिलेश कुमार अरुण, शिल्पी चौधरी, दिव्या, विजय और शुभम की टीम ने आरोपियों को पकड़ा। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया आरोपी राम भरोसे तिवारी पहले से ही ओम प्रकाश से परिचित था। ओमप्रकाश ने राम भरोसे से गोरखपुर में मकान खरीदने की बात कही थी। इसका लाभ लेकर आरोपी रामभरोसे ने पीड़ित ओमप्रकाश को मकान देखने के लिये सिंघड़िया बुलाया। साथ ही उसने प्लान के मुताबिक अपने अन्य साथी अनीता, सूरज पटेल व संजय कुशवाहा को भी बुला लिया। जब ओमप्रकाश 23 फरवरी 2023 को आये तो राम भरोसे उन्हें एक मकान के अंदर ले गया। जंहा पहले से ही आरोपी महिला अनीता कमरे में नग्न अवस्था मे थी। सभी ने मिलकर ओमप्रकाश को डराया धमका कर ओमप्रकाश का कपड़ा उतरवा कर महिला संग उसका अश्लील वीडियो बनाया। फिर उसके पास रखा 3000 रुपया, सोने की अंगूठी व एटीएम कार्ड ले लिया। एटीएम का कोड पूछकर 21 हजार निकाल लिया। साथ ही अगले दिन 3 लाख रुपये और लाकर देने को कहा। 3 लाख न देने पर वीडियो परिवार को भेजने व वायरल करने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़ित व्यापारी ओमप्रकाश ने पुलिस को तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। सोमवार की सुबह पुलिस ने चारों को आवास विकास कालोनी प्रदूषण बोर्ड चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।



अश्लील वीडियो बनाकर गम्भीर आघात के भय में डालकर जबरदस्ती वसूली करने के आरोप में गिरफ्तार अभियुक्त राम भरोसे तिवारी, सूरज पटेल, संजय कुमार कुश्वाहा व अनिता सिंह के बारे में मीडिया को जानकारी देते एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई।

**ग्राहकों को बुलाकर कर चुके है वसूली**

एसपी सिटी ने बताया कि राम भरोसे ने ही महिला अनिता को सिंघड़िया में किराए पर उस मकान में रखा था। वह महिला संग मिलकर पहले भी लोगो को ग्राहक के रूप में बुलाया , उसके संग अश्लील वीडियो बनाकर लूट व फिरौती को अंजाम दे चुका है। एसपी सिटी ने बताया कि रामभरोसे पर इससे पहले देवरिया में दो केस और सूरज व संजय पर एक एक केस दर्ज है। ये तीनो अश्लील वीडियो बनाकर रुपये वसूलने के मामले में देवरिया से जेल जा चुके हैं।

**गोरखपुर में पहले भी हुई है ऐसी वारदात**

जिले में इस तरह की घटना पहले भी एक बार हो चुकी है। कुछ साल पहले रात में दुकान बंद कर घर जा रहे मोहद्दीपुर के एक व्यापारी को कौवाबाग के पास शाहपुर इंस्पेक्टर बन कर कुछ लोगो ने रोक लिया था। फिर उसे अपने साथ प्राइवेट गाड़ी में बैठाकर शाहपुर के स्पोर्ट्स कालेज के पास ले जाया गया। जंहा जबरन पहले से मौजूद एक महिला संग उसका अश्लील वीडियो बना कर व्यापारी को लूटा था। फिरौती भी मांगी थी। बाद में शाहपुर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी युवको व महिला को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था।

# महिला समेत 24 बदमाश गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध

**गोरखपुर (एसएनबी)।** जिले की पुलिस ने हत्या, लूट व डकैती जैसे जघन्य अपराध को अंजाम देने वाले 24 बदमाशों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज किया है। जिसमें कैंट पुलिस ने 08, खोराबार पुलिस ने 10 जबकि बेलीपार पुलिस ने 06 बदमाशों के विरूद्ध उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। अपराधिक वारदातों को अंजाम देकर अवैध रूप से कमायी गयी इन बदमाशों की संपत्ति को पुलिस अब जब्त करने की कार्रवाई भी करेगी।

**लूट व डकैती व हत्या जैसे कारित करते हैं अपराध**

**कैंट ने 08, खोराबार ने 10 व बेलीपार पुलिस ने 06 के विरूद्ध दर्ज किया केस**

**बेलीपार पुलिस ने हत्यारोपित महिला पार्बती साहनी पर भी की गैंगस्टर की कार्रवाई**

प्रभारी निरीक्षक कैंट शशि भूषण राय ने जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में गैंग लीडर अजीत मिश्रा उर्फ सोनू बाबा पुत्र स्व. शम्भू मिश्रा निवासी सिधवाना थाना बेलघाट, मनोज चौहान पुत्र दूधनाथ चौहान, मारूति नन्दन पुत्र दाताराम चौहान निवासी मोहरीपुर चौहान टोला थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर, मनोज साहनी पुत्र देवमुनि निवासी मोहरीपुर थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर, राजकुमार पुत्र रामलवट निवासी जंगल बेनी माधव नं0-2 मोहरीपुर थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर, सुनील चौहान उर्फ बहादुर चौहान पुत्र स्व. श्रीराम चौहान निवासी मोहरीपुर चौहान टोला थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर, मनोज साहनी उर्फ टमाटर पुत्र विदेशी निवासी केवटहिया नकहा न01 थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर व वीरेन्द्र कसौधन पुत्र स्व. ठाकुर कसौधन निवासी मोहरीपुर थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर के विरूद्ध धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया है।

**खोराबार पुलिस ने 10 को किया गैंगस्टर में निरुद्ध :** खोराबार प्रतिनिधि के मुताबिक प्रभारी निरीक्षक कल्यान सिंह सागर ने ग्राम डांगीपार में हत्या का अपराध कारित करने वाले 10 अभियुक्तगण के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की है। थानेदार ने घटना में आरोपित बदमाश राज निषाद पुत्र बाल लखन्दर निवासी चकरा अव्वल अमरुद मण्डी थाना राजघाट जनपद गोरखपुर, शैलेन्द्र निषाद पुत्र रमेश निषाद निवासी ग्राम खैरा लहसड़ी थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर, गोविन्द निषाद पुत्र अयोध्या निषाद निवासी ग्राम खैरा लहसड़ी थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर, अभिषेक निषाद पुत्र लाला निषाद निवासी खैरा लहसड़ी थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर, शैलेन्द्र पुत्र चन्द्रकांत निवासी खैरा लहसड़ी थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर, मुरली पुत्र रामबृक्ष निवासी ग्राम खैरा लहसड़ी थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर, माखन उर्फ उपेन्द्र पुत्र मोती निषाद निवासी ग्राम खैरा लहसड़ी थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर, अंशु पुत्र दशहरु निवासी ग्राम खैरा लहसड़ी थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर, अविनाश निषाद पुत्र स्व0 सम्मपत निषाद निवासी ग्राम मझरिया थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर व अमरनाथ निषाद पुत्र ध्रुवनाथ निषाद निवासी ग्राम जंगल नकवा विलहरुवा टोला थाना श्यामदेउरवा जनपद महराजगंज को धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट के तहत निरूद्ध किया है। इस गैंग का लीडर राज निषाद है।

**बेलीपार पुलिस ने छह हत्यारोपितों पर लगाया गैंगस्टर :** बेलीपार प्रतिनिधि के मुताबिक प्रभारी निरीक्षक बेलीपार इकरार अहमद ने मारपीट कर हत्या की घटना कारित करने वाले 06 अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की। थानेदार ने हत्यारोपित सन्तोष निषाद पुत्र सुग्रीव निषाद, सुग्रीव पुत्र भभूती, पार्वती साहनी पत्नी सन्तोष निषाद, मनोज पुत्र भोला निषाद, अर्जुन पुत्र भोला निषाद, रामसाही पुत्र शंकर निवासीगण जुड़ापुर थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर के विरुद्ध जिला मजिस्ट्रेट जनपद गोरखपुर से अनुमोदन प्राप्त कर थाना बेलीपार पर धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# बरामद लावारिस बाइक पूर्व बीडीसी की निकली

**भटहट (एसएनबी)।** गुलरिहा पुलिस द्वारा भटहट निवासी एक सम्मानित व्यक्ति के दरवाजे पर खड़ी एक लावारिस बाइक को बरामद किया। जांच पड़ताल में बाइक पिपराइच के समदार खुर्द निवासी व पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य मोहम्मद सिद्धीक की निकली। 17 फरवरी को सिद्धीक की बाइक उनके दुकान के समीप से चोरी हो गयी थी। जिसका थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। घटनास्थल से चंद मीटर की दूरी पर एक सम्मानित व्यक्ति का घर है। चोरों ने बाइक को उन्हीं के दरवाजे पर खड़ी कर दिया था। एक सप्ताह तक वह यह समझते रहे कि बाइक उनके किसी किराएदार की होगी। पूछताछ के बाद भी जब उक्त बाइक के मालिक का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस बाइक को बरामद की।

# दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। जानमाल की धमकी देकर दुष्कर्म किए जाने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को सहजनवा पुलिस ने गिरफ्तार किया। एसआई लालचंद वर्मा एवं एसआई सत्यदेव ने टीम के साथ आरोपित को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम रिन्कू पुत्र रामकेवल निवासी ग्राम बाहिलपार थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित के विरूद्ध आईपीसी की धारा 376 व 506 के तहत उसे कोर्ट में पेश की जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# जितेंद्र की मौत में मौसा व अन्य पर हत्या का केस

**उरुवा बाजार (एसएनबी)।** रविवार को उरुवा थाना क्षेत्र के तुर्कवलिया में हुई जितेंद्र यादव की हत्या के मामले में स्थानीय पुलिस ने मां की तहरीर पर उसके मौसा, मौसेरे भाई, एक रिस्तेदार व एक अन्य के विरूद्ध आईपीसी की धारा 302 के तहत केस दर्ज किया है।

सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मुसरद के 21वर्षीय जितेंद्र यादव पुत्र रामप्रवेश ने बीते 25फरवरी को माँ से कहा कि मौसा का फोन आया है। उनके घर जा रहा हूँ। इतना कहकर वह शाम 5बजे मौसा के घर के लिए निकल गया। 26 फरवरी को सुबह 6 बजे मौसा गिरजेश यादव ने जितेंद्र की मां को फोन कर बताया कि जितेंद्र की बाइक गांव के बाहर सड़क पर पड़ी है। उसका कुछ पता नही चल रहा है। जिसके बाद परिजन जितेंद्र को खोजते हुए तुर्कवलिया में पहुंचते हैं। जहां सड़क किनारे जितेंद्र की बाइक गिरी हुई थी। वहां से 100 मीटर दूर जितेंद्र की शव बांस के खूंटी में एक बाँस में मफलर के फंदे से लटका हुआ था। जिसकी सूचना उन्होंने उरुवा पुलिस को दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की माँ नीता देवी ने मृतक जितेंद्र के मौसा गिरजेश, सन्नी, राहुल, एक अज्ञात के खिलाफ हत्या का आरोप लगाकर तहरीर दिया।

**गला कसकर हत्या के बाद बंसवारी में मफलर में बांधकर टांगा गया था शव**

उधर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला कसकर हत्या किए जाने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने आईपीसी की धारा 302 के तहत केस दर्ज कर लिया है। हालांकि थानेदार सुनील कुमार निषाद ने रविवार को मीडिया को बताया था कि युवक ने आत्महत्या की है। पुलिस अभी तक एक भी नामजद आरोपित की गिरफ्तारी नहीं कर सकी है।

# कमला हास्पिटल के संचालक समेत अन्य पर हत्या का केस

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** पथरी के आपरेशन के बाद महिला की हालत बिगड़ने और उसकी रेफरल अस्पताल में हुई मौत के मामले में स्थानीय पुलिस ने पति की तहरीर पर कमला हास्पिटल कैम्पियरगंज के संचालक समेत अन्य अज्ञात के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। पोस्टमार्टम के बाद रविवार को शव मिलने के बाद से ही परिजन रात में कमला अस्पताल के सामने सड़क पर महिला का शव रखकर प्रदर्शन कर रहे थे।

महिला की मौत के मामले में दर्ज किया गया है गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

कार्रवाई की मांग को लेकर परिजन शव सड़क पर रखकर कर रहे थे प्रदर्शन

पथरी का ऑपरेशन होने के बाद बिगड़ गयी थी महिला की हालत



शनिवार को करतहरी गांव निवासिनी 36 वर्षीय आरती देवी के मौत को लेकर आक्रोशित परिजन व ग्रामीण रविवार की रात्रि में ही कमला हास्पिटल के सामने शव को रखकर अहेतुक सहायता, हास्पिटल के संचालक के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर धरना दे रहे थे। परिजन मांग पूरे होने पर ही महिला का दाह संस्कार करने की बात पर अड़े हुए थे।

धरने की सूचना पर एसडीएम पंकज दीक्षित, तहसीलदार राकेश कुमार, नायव तहसीलदार विजय यादव, कैम्पियरगंज, पीपीगंज के थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के प्रयास पर एसडीएम ने सरकार से अनुमन्य आवास, राशि दिलाने का लिखित आश्वासन परिजनों को दिया। जिसके बाद परिजनों ने शव वहां से हटाया और अपराह्न 3 बजे प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में राप्ती नदी के घाट पर अंतिम संस्कार किया। बताया जा रहा है कि कमला हास्पिटल एमसी पाण्डेय के नाम से स्वास्थ्य विभाग से पंजीकृत है।

## युवक का शव सड़क पर रख कर प्रदर्शन

**उरुवा बाजार (एसएनबी)।** दुर्घटना में घायल एवं अस्पताल पहुंचने पर मृत घोषित किए गए युवक का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा। परिजन और ग्रामीण स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से हुई युवक की मौत और पुलिस द्वारा वाहन के विरूद्ध कार्रवाई न किए जाने का आरोप लगाते हुए शव को बेसहनी गांव में सड़क पर रखकर जाम कर दिया और प्रदर्शन करने लगे। सूचना पर पहुंचे थानेदार सुनील कुमार निषाद ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया जिसके बाद परिजन व ग्रामीण शांत हुए और शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए। सिकरीगंज क्षेत्र के ग्राम रघुपुर निवासी मंगरु का करीब 18 वर्षीय बेटा सूरज उरुवा क्षेत्र के ग्राम बेसहनी अपने मौसी के यहां 25 फरवरी को आया था। उसी दिन बाइक से अपने घर जा रहा था। बेसहनी में ही 22 चक्का ट्रेलर से ठोकर से गम्भीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने एम्बुलेंस 108 पर फोन किया 45 मिनट बिलम्ब से एम्बुलेंस पहुंची। घायल को लेकर जब सदर अस्पताल पहुंचे तो वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव पीएम के लिए चला गया था। परिजनों ने बताया कि दुर्घटना करने वाला 22 चक्का ट्रेलर खलीलाबाद से बेसहनी में एक व्यापारी के वहां सामान लेकर आया था। थानाध्यक्ष उरुवा सुनील कुमार निषाद ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे चार मुन्नाभाई गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल विज्ञान विषय की परीक्षा के दौरान सोमवार को कैम्पियरगंजक्षेत्र में तीन और बेलघाट में वास्तविक परीक्षार्थी की जगह पर परीक्षा दे रहे एक मुन्नाभाई को पकड़ा गया। तीनों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। इससे पहले 21 फरवरी को भी जिले के तीन परीक्षा केन्द्रों पर तीन युवक दूसरे की जगह परीक्षा देते पकड़े गए थे।

कैम्पियरगंज क्षेत्र के जवाहर शिक्षा निकेतन इंटरमीडिएट कालेज जंगल बब्बन में बोर्ड परीक्षा में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे तीन मुन्नाभाई पकड़े गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। परीक्षा के दौरान सचल दल के विकास तिवारी व अमर गुप्ता ने विद्यालय के परीक्षा कक्ष की जांच के दौरान तीन परीक्षार्थियों पर संदेह होने पर उनसे पूछताछ की। करन पुत्र रामकुमार निवासी सिद्धार्थनगर के स्थान पर साबिक पुत्र अरसद रजा निवासी केवटलिया संतकबीरनगर, संदीप मौर्य पुत्र श्रीराम मौर्य निवासी बृजमनगंज महराजगंज के स्थान पर शाहिद पुत्र सलाहुद्दीन अंसारी निवासी नरायनपुर, महराजगंज, प्रिंस कुमार पुत्र ध्रुव कुमार निवासी जोगिया सिद्धार्थनगर के स्थान पर दुर्गेश यादव पुत्र मनीराम योगिया सिद्धार्थनगर को परीक्षा देते पकड़ा गया। चर्चा के मुताबिक इनमें एक कोचिंग संचालक है और दो उसकी कोचिंग में पढ़ने वाले छात्र हैं। बेलघाट क्षेत्र में जनता इंटर कालेज शाहपुर में बालकृष्ण इंटर कालेज सोहनाग के हाईस्कूल के विद्यार्थियों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। यहां एक किशोर को दूसरे की जगह हाईस्कूल की परीक्षा के दौरान पकड़ा गया। केन्द्र व्यवस्थापक कमलेश चन्द राणा की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। शिक्षा विभाग के मुताबिक इन चारों लोगों को सघन तलाशी व पूछताछ के दौरान पकड़ा गया। प्रवेश पत्र पर मौजूद फोटो से उनका चेहरा मेल नहीं खा रहा था। इसके बाद उन्हें तत्काल परीक्षा कक्ष से बाहर निकाल दिया गया।

**यूपी बोर्ड**

## 7733 छात्र-छात्राओं ने छोड़ी परीक्षा

**गोरखपुर (एसएनबी)।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में छात्र-छात्राओं का परीक्षा छोड़ने का सिलसिला थम नहीं रहा है। सोमवार को पहली पाली में हाईस्कूल विज्ञान और दूसरी पाली में इंटर विज्ञान व गणित की परीक्षा में 7733 छात्र-छात्रा अनुपस्थित रहे। यह एक दिन में परीक्षा छोड़ने वाले विद्यार्थियों की सर्वाधिक संख्या है। इनमें हाईस्कूल के 5091 व इंटर के 2642 परीक्षार्थी शामिल हैं। दोनों पालियों में नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए सभी पांचों सचल दस्ते सक्रिय रहे। डीआइओएस ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह भदौरिया ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गई।

### अंग्रेजी के प्रश्नपत्र ने चेहरों पर मुस्कान बिखेरी

सीबीएसई की 10वीं के प्रमुख विषयों की मुख्य परीक्षा सोमवार को अंग्रेजी कोर विषय के साथ शुरू हुई। आसान प्रश्नपत्र ने परीक्षार्थियों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। परीक्षार्थियों के मुताबिक शुरूआत अच्छी हुई है तो बाकी पेपर भी बढ़िया होगा। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की तलाशी के बाद उन्हें प्रवेश दिया गया। परीक्षा सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक चली। जिला समन्वयक अजीत दीक्षित ने बताया कि परीक्षा में 15 हजार विद्यार्थी पंजीकृत थे। परीक्षा को लेकर कोई समस्या नहीं हुई।

सीआइएससीई की 10वीं के मुख्य विषय की परीक्षा भी सोमवार को अंग्रेजी विषय के साथ शुरू हुई। जिले के 20 परीक्षा केंद्रों पर छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। परीक्षा पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर एक बजे तक हुई। परीक्षार्थियों के मुताबिक प्रश्नपत्र आसान था। आइसीएसइ के समन्वयक फादर जोश के मुताबिक परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गई।

# उमेश पाल की हत्या का साजिशकर्ता सदाकत गोरखपुर से उठाया गया

**गोरखपुर (एसएनबी)।** इलहाबाद में उमेश पाल को बम व गोलियों से भूनने के बाद पूरे प्रदेश की पुलिस हाई अलर्ट पर है। पुलिस की जांच के दौरान वारदात के समय सीसीटीवी फुटेज से हमलावरों की पहचान हो गयी है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मुस्लिम हॉस्टल में उमेश पाल की हत्या की योजना तैयार की गई थी। हत्या के बाद जिस कमरे में सदाकत रुका था वहां से वह सीधे गोरखपुर जिले के शाहपुर इलाके के कृष्णा नगर रेलवे कालोनी में रहने वाली बहन के घर आ गया। एसटीएफ ने शाहपुर इलाके से उसे हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की और उसे जिला पुलिस को सौंप दी। जांच के दौरान पुलिस को हमलावरों के बारे में ठोस जानकारी नहीं मिली है। यह माना जा रहा है कि पुलिस हमलावरों के नजदीक पहुंच चुकी है।

याद दिला दें इलाहाबाद में उमेश पाल की हत्या की साजिश इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हॉस्टल मुस्लिम बोर्डिंग हाउस में रची गई थी। हास्टल में अवैध रूप से रहने वाले अधिवक्ता के कमरे में प्लान तैयार कर अतीक अहमद के बेटे ने शूटरों का इंतजाम दिया था। इसका खुलासा होने पर एसटीएफ ने गोरखपुर जिले के शाहपुर इलाके से अधिवक्ता को गिरफ्तार कर प्रयागराज पुलिस को सौंप दिया। उसे लेकर स्थानीय पुलिस ने एमबी हाउस में छापामारी की तो वह भागने के चक्कर में डिवाइडर से टकराकर जख्मी हो गया। पुलिस ने आरोपी अधिवक्ता को साजिशकर्ता के रूप में गिरफ्तार किया है। इलाज के लिए उसे स्वरूपरानी अस्पताल में भर्ती किया गया है।

**मुस्लिम हॉस्टल में तैयार हुई थी उमेश पाल की हत्या की योजना**

- शाहपुर इलाके में बहन के घर आया था सदाकत अली
- जिला पुलिस कर रही पूछताछ, घटना के बाद वह इलहाबाद से पहुंचा था वहन के घर गोरखपुर
- एसटीएफ के शिकंजे में आने के बाद खुला राज

गाजीपुर जिले के बारा निवासी शमशाद का 27 साल का बेटा सदाकत मुस्लिम बोर्डिंग हाउस में अवैध रूप से रहता था। विधि की पढ़ाई करके उसने हाईकोर्ट में रजिस्ट्रेशन कराया था। उमेश पाल मर्डर केस में शामिल शूटर गुलाम से उसकी अच्छी दोस्ती थी। गुलाम छात्रावास में आता- जाता था। वहीं पर अतीक के बेटे को बुलाया गया। अतीक के बेटे ने उमेश पाल की हत्या की साजिश रची। शूटर मुहैया कराया गया। सदाकत व्हाट्सएप काल के जरिए आरोपियों के संपर्क में था। 24 फरवरी को उमेश पाल की हत्या के बाद सदाकत गोरखपुर भाग निकला। हत्या में साजिकर्ता के तौर पर सदाकत का नाम सामने आया तो एसटीएफ उसकी तलाश तेज कर दी। इस दौरान पता चला कि वह गोरखपुर जिले के शाहपुर इलाके के रेलवे कालोनी में रहने वाली बहन के वहां आया है। टीम ने उसे दबोच लिया और फिर पूछताछ के लिए उसे इलहावाद पुलिस को सौंप दिया।

सोमवार को पुलिस अधिवक्ता सदाकत की निशानदेही पर एमबी हाउस में उसके कमरे की तलाशी लेने पहुंची। कमरे से आपत्तिजनक सामान मिले। उसके मोबाइल की जांच की गई तो पता चला कि वह व्हाट्सएप कॉल करके अतीक के बेटे से बात करता था। गुलाम समेत अन्य आरोपियों से बातचीत की बात भी सामने आई है। इस दौरान हस्टल में भीड़ जुटने लगी। तभी सदाकत ने मौके का फायदा उठाकर वहां से भागने की कोशिश की। पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने बताया कि डिवाइडर से टकराकर सदाकत जख्मी हो गया। उसके पैर में चोट आई है। उसे एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**अपराधियों का साथी कैसे बना सदाकत :** गाजीपुर से पढ़ाई करने आया सदाकत इलाहाबाद हाईकोर्ट का वकील बन गया। सवाल यह है कि फिर अचानक से वह अपराधियों के संपर्क में कैसे आ गया। पुलिस के मुताबिक सदाकत को इस गैंग ने लालच दिया था कि इलाके में विवादित जमीनों के सौदे और उनसे जुड़े तमाम कानूनी मामले में उसे ही वकील बनाया जाएगा। इसमें उसे काफी फायदा होगा। इसी लालच में वह इस गैंग में शामिल हो गया।

पुलिस विभाग का कहना है कि गुलाम की काल डिटेल खंगाली गई तो पता चला कि वह मुस्लिम बोर्डिंग हाउस में रहने वाले अधिवक्ता सदाकत के संपर्क में था। दोनों की हास्टल में बैठकें होती थीं, लेकिन वारदात के बाद से उसकी लोकेशन कहीं और मिल रही थी। उसे ट्रेस करके पकड़ा गया। पूछताछ में सदाकत ने पूरी कहानी सुनाई। उसने खुलासा किया कि केवल शूटर गुलाम बल्कि इस दोहरे हत्याकांड में शामिल शूटर समेत कई अन्य अपराधी भी उमेश पाल की हत्या की साजिश में शामिल थे। एसटीएफ ने यह पहली गिरफ्तारी की है। इसके अलावा 11 अन्य संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ की जा रही है।

**जांच** सहजनवां के सहबाजगंज में ट्रिपल मर्डर, अभी कई राज खुलना बाकी

# सीडीआर, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**SAHJANWA (27 Feb):** सहजनवां एरिया के सहबाजगंज में ट्रिपल मर्डर कांड का पुलिस ने भले ही खुलासा कर दिया है. लेकिन अभी भी कुछ अनसुलझे पहलू लोगों के बीच चर्चा बने हुए हैं. परिजनों का दावा है की नीलम घटना की रात करीब 11 बजे छत की सीढ़ी पर बैठकर किसी से बात कर रही थी. पुलिस की जांच अब सीडीआर पर टिकी हुई है. साथ ही साथ पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है. पुलिस का दावा है कि सीडीआर आने के बाद उनके हाथ कुछ अहम सुराग लग सकते हैं. इधर, एसओ सहजनवां नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि सीडीआर आने के बाद कुछ अहम सुराग लग सकता है.

**FOLLOW UP**



## सिपाही के नाम की चर्चा

मृतक अवधेश की पत्नी नीलम का परिजनों से पटता नही था. लोगो में चर्चा है कि जब भी नीलम विवाद करती थी तो थाने के एक सिपाही को फोन कर तुरंत बुला लेती थी. जबकि घर के अन्य लोग जब सिपाही को बुलाते थे तो वह तुरंत नही आता था. इधर, मर्डर कांड के बाद पुलिस ने अवधेश के मकान में ताला बंद कर दिया था. सोमवार को पुलिस परिजन को चाभी दे रही थी लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया. वहीं मुखाग्नि देने वाले अवधेश के छोटे भाई सोनू गुप्ता के रो-रोकर बेहाल होने पर लोग दिन भर सांत्वना देते रहे.

## परिजनों को दी धमकी

परिजनों ने बताया की नीलम शादी के 15 दिन बाद से ही आए दिन विवाद करती रहती थी. शिकायत भी थाने पर की गई थी. कुछ माह पूर्व नीलम ने अवधेश के भाई नंदलाल गुप्ता के लड़के सूरज गुप्ता को फोन पर पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी भी दी थी.

## फोन न मिलने पर सवाल

परिजनों का दावा है कि नीलम तीन मोबाइल चलाती थी.उसके पास दो एंड्राइड फोन था. जबकि पुलिस एक हाथ सिर्फ एक एंड्राइड फोन लगा है. ऐसे में सवाल यह है कि आखिर नीलम के दो फोन कहां हैं.

## दरोगा की दरियादिली

घटना स्थल पर पहुंची सहजनवां पुलिस ने तत्काल उन्हें अपनी गाड़ी से इलाज के लिए हॉस्पिटल ले गई.जहां परिजनों के पास दवा व जांच का पैसा न होने पर हलका दरोगा विशाल मिश्रा ने अपने पास से 2300 दिए, लेकिन इलाज के दौरान कुछ ही देर में मासूम ने दम तोड़ दिया.

# लूट, डकैती व हत्या के 24 आरोपितों पर लगा गैंगेस्टर




gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (27 Feb): पुलिस ने लूट, डकैती व हत्या के 24 आरोपियों पर सोमवार को गैंगेस्टर लगाया है. कैंट, खोराबार व बेलीपार पुलिस ने यह कार्रवाई की है. एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि कैंट पुलिस ने लूट व डकैती के आरोपी बेलघाट के सिधवाना निवासी अजीत मिश्र, चिलुआताल के मोहरीपुर निवासी मनोज चौहार, मारूतिनंदन, मनोज साहनी, सुनील उर्फ बहादुर चौराहा, राजकुमार, नकहा नंबर एक निवासी मनोज साहनी उर्फ टमाटर और वीरेंद्र कसौधन के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई की है.

## अजीत है गिरोह का सरगना

पुलिस के अनुसार ये सभी कैंट एरिया के अलग-अलग स्थानों पर लूट व डकैती की घटना को अंजाम दिया है. इनका एक गिरोह है जिसका सरगना अजीत मिश्रा उर्फ सोनू बाबा है. अजीत मिश्रा पर चिलुआताल, बेलघाट, रामगढ़ताल, गगहा, गोरखनाथ व कैंट थाने में हत्या के प्रयास लूट, डकैती व गैंगेस्टर के आरोप में 16 केस दर्ज हैं. वहीं मनोज चौहान पर 16, मारूतिनंदन पर 1, मनोज साहनी पर 11, राजकुमार पर एक, सुनील उर्फ बहादुर पर 10, मनोज उर्फ टमाटर पर 8 और वीरेंद्र पर 7 केस दर्ज हैं. टमाटर समेत 3 आरोपी वर्तमान में जेल में हैं.

## राज निषाद है गैंग लीडर

एसपी सिटी ने बताया कि खोराबार पुलिस ने हत्या के आरोपियों राजघाट के अमरूद मंडी निवासी राज निषाद, रामगढ़ताल के लहसड़ी निवासी शैलेंद्र निषाद, गोविंद निषाद, अभिषेक निषाद, शैलेंद्र, मुरली, माखन उर्फ उपेंद्र, अंशु, मंझरिया निवासी अविनाश और महराजगंज के अमरनाथ निषाद पर गैंगेस्टर की कार्रवाई की है. राज निषाद गैंग लीडर है. इन लोगों ने लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन के दौरान डांगीपार में बर्तन व्यापारी विक्की ठठेरा की चाकूओं से गोदकर हत्या की थी. सभी को अरेस्ट कर जेल भेजा गया था.

## पुलिस ने 6 पर की कार्रवाई

दूसरी तरफ बेलीपार पुलिस ने मारपीट कर हत्या करने के 6 आरोपियों संतोष निषाद, सुग्रीव, पार्वती साहनी, मनोज निषाद, अर्जुन निषाद, रामसाही निवासी जुड़ापुर के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई की है. बताया कि इन लोगों ने जुड़ापुर में पीट पीटकर एक व्यक्ति की हत्या की थी. संतोष गैंग का लीडर है. उसपर 3 केस, सुग्रीव पर 3 केस, पार्वती पर 2, मनोज व अर्जुन और राम शाही पर एक-एक केस दर्ज हैं.

PIC: PRANJAL SAHU



## ऐसी भी क्या जल्दी है...

गोरखपुर में लोगों ने मानों नियम न मानने की कसम खा रखी है. रेलवे लगातार क्रॉसिंग पर ट्रेन आने के दौरान पटरियां पार करने के लिए मना करता आया है. इसके लिए अवेयरनेस ड्राइव भी चलाई गई, लेकिन उसका फायदा कहीं से भी नजर नही आ रहा है. जरा सी जल्दबाजी में लोग जोखिम उठाकर पटरी पार करने में लगे हुए है.

# युवक की मौत में मौसा समेत तीन पर नामजद केस

**GORAKHPUR (27 Feb):** उरुवा थाना एरिया के तुर्कवलिया गांव में बांस के पेड़ से रविवार सुबह लटके मिले जितेंद्र यादव (21) के शव मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया. मां नीता देवी की तहरीर पर पुलिस ने मौसा गिरजेश, उनके बेटे सत्री, राहुल व अज्ञात को आरोपी बनाया है. दरअसल, जितेंद्र के दोनों पैर जमीन पर टिके होने की वजह से परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी.सिकरीगंज के मुसरद गांव निवासी जितेंद्र शनिवार को घर से एक दोस्त के जन्मदिन समारोह में जाने की बात कहकर निकला था. लेकिन, रात में घर नहीं लौटा. परिजन उसकी तलाश में थे कि इसी बीच रविवार को बगल के गांव तुर्कवलिया में उसका बांस का पेड़ से लटकता शव मिला. गांव में ही उसके मौसा गिरिजेश का घर है. परिजनों का आरोप है कि मौसा ने ही अपने रिश्तेदारों संग मिलकर हत्या कर शव को लटकाया है. पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही. एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही. जांच और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी.

# हाईकोर्ट अधिवक्ता को एसटीएफ ने गोरखपुर से दबोचा




gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (27 Feb):** प्रयागराज के उमेश पाल हत्याकांड में एक होईकोर्ट के अधिवक्ता को एसटीएफ ने गोरखपुर से दबोचा है. चर्चा है कि अधिवक्ता के प्रयागराज स्थित कमरे पर ही हत्या की साजिश रचे जाने की आशंका है. उससे पूछताछ कर हत्या की गुत्थी सुलझाई जा रही है.

मिली जानकारी के अनुसार प्रयागराज में अधिवक्ता और राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी. इस दौरान बदमाशों ने बम भी मारा था. माफिया अतीक अहमद और उसके करीबियों से पुलिस और जांच एजेंसियां पूछताछ कर रही है. इस बीच आरोपियों के नेपाल भागने की सूचना पर एडीजी अखिल कुमार ने हाई अलर्ट भी जारी कर दिया है. रविवार आधी रात एक अधिवक्ता के नेपाल भागने की सूचना मिली थी. इस पर एसटीएफ ने गोरखपुर सीमा से दबोच लिया. एसटीएफ आरोपी अधिवक्ता को लेकर प्रयागराज चली गई है.

# चार वर्षीय मासूम को बंधक बनाकर दुष्कर्म की कोशिश

**GORAKHPUR (27 Feb):** चौरीचौरा एरिया के एक गांव में रविवार को चार वर्षीय बच्ची को बंधक बनाकर दुष्कर्म की कोशिश का मामला सामने आया. मां की तहरीर पर पुलिस ने बंधक बनाकर दुष्कर्म की कोशिश, पॉक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है. आरोपी घर छोड़कर फरार है, उसकी तलाश में पुलिस टीम लगी है. पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी. बच्ची की मां अपने दो बच्चों को घर में अकेले छोड़कर रविवार शाम में किसी काम से बाजार की ओर चली गई थी. पंद्रह मिनट में वापस लौटी तो बच्ची घर पर नहीं थी. बच्ची की मां आसपास खोजने लगी तो एक झोपड़ी से उसके रोने की आवाज आती सुनाई दी. मां उस झोपड़ी में गई तो आरोपी उससे दुष्कर्म करने की कोशिश कर रहा था. यह देखकर मां के होश उड़ गए और वह चीख पड़ी. शोर सुनकर आसपास के लोग आने लगे और आरोपी फरार हो गया. बच्ची की मां की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया. एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है. जल्द आरोपी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी.

# शाहपुर के मुर्गी फॉर्म में बंधक बनाकर किशोरी से किया रेप

### मेडिकल कॉलेज के गायनी विभाग में कराया गया भर्ती, आरोपित हिरासत में

**GORAKHPUR (27 Feb):** शाहपुर एरिया के पादरीबाजार स्थित एक मुर्गी फार्म में सोमवार सुबह किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म का मामला सामने आया. आरोपी के चंगुल से छूटकर घर पहुंची किशोरी की गंभीर हालत को देखते हुए परिजनों ने उसे मेडिकल कॉलेज के गायनी विभाग में भर्ती कराया. उधर, मामला संज्ञान में आने पर शाहपुर पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया. हालांकि, परिजन की ओर से फिलहाल पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई.

## मां को बताई बात

शाहपुर एरिया के पादरीबाजार चौकी क्षेत्र में एक मुर्गी फॉर्म के पास सोमवार सुबह किशोरी किसी काम से गई थी. आरोप है कि किशोरी को आरोपी युवक ने पकड़ लिया और फिर उससे दुष्कर्म किया. किसी तरह युवक के चंगुल से छूटकर किशोरी घर पहुंची और पूरी घटना अपने मां को बताई. इसके बाद परिजन किशोरी को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे,जहां गायनी विभाग में इलाज चल रहा है. इस संबंध में एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि घटना की जानकारी मिली हैं. आरोपी हिरासत में है, केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही.

## मकान दिखाने को बुला महिला संग बनाया अश्लील वीडियो, फिर...

# बिजनेसमैन को ब्लैकमेल

**i SHOCKING**

पुलिस ने लूट के सोने की अंगूठी, एटीएम कार्ड और 11 हजार रुपए किए बरामद

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



एसपी सिटी ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी पूरे घटनाक्रम की जानकारी.

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (27 Feb):** कैंट एरिया के सिंघड़िया में मकान दिखाने का झांसा देकर एक व्यापारी का महिला संग जबरन अश्लील वीडियो बनाकर लूट का मामला सामने आया है. वीडियो वायरल करने की धमकी देकर तीन हजार रुपए कैश, सोने की अंगूठी और एटीएम कार्ड निकाल लिए, साथ ही तीन लाख की फिरौती की डिमांड भी की गई. कैंट पुलिस ने पीड़ित ओमप्रकाश की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपितों को अरेस्ट कर लिया है. उनकी पहचान देवरिया के लार पिपरा चौराहा निवासी अनिता सिंह पत्नी नरेंद्र, कुशीनगर के रामकोला के कुशमहा निवासी संजय कुमार कुशवाहा, देवरिया कोतवाली के अबु बकर निवासी सूरज पटेल व देवरिया बरहज के बरहज बकार निवासी रामभरोसे तिवारी के रूप में हुई है. पुलिस ने चारों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया.

### परिचित था आरोपी

मामले का पर्दाफाश करते हुए एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोपी राम भरोसे तिवारी पहले से ही पीड़ित बिजनेसमैन देवरिया निवासी ओम प्रकाश से परिचित था. ओम प्रकाश ने राम भरोसे से गोरखपुर में मकान खरीदने की बात कही थी. इसका लाभ लेकर आरोपी रामभरोसे ने पीड़ित ओम प्रकाश को मकान देखने के लिए सिंघड़िया बुलाया. साथ ही उसने प्लान के मुताबिक अपने अन्य साथी अनीता, सूरज पटेल व संजय कुशवाहा को भी बुला लिया.

### 23 फरवरी को हुई घटना

जब ओम प्रकाश 23 फरवरी 2023 को आए तो राम भरोसे उन्हें एक मकान के अंदर ले गया. जहां पहले से ही आरोपी महिला अनीता कमरे में नग्न अवस्था में थी. सभी ने मिलकर ओम प्रकाश को डराया धमकाया. ओम प्रकाश का कपड़ा उतरवाकर महिला संग उसका अश्लील वीडियो बनाया. फिर उसे पास रखा 3000 रुपया, सोने की अंगूठी व एटीएम कार्ड ले लिया. एटीएम का कोड उगलवाकर 21 हजार रुपए निकाल लिए. साथ ही अगले दिन तीन लाख रुपए और लाकर देने को कहा. तीन लाख न देने पर वीडियो परिवार को भेजने व वायरल करने की धमकी दी. इसके बाद पीड़ित बिजनेसमैन ओम प्रकाश ने पुलिस को तहरीर दी थी. तहरीर के आधार पर पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी थी. सोमवार की सुबह पुलिस ने चारों के आवास विकास कॉलोनी प्रदूषण बोर्ड चौराहे के पास से अरेस्ट कर लिया.

### देवरिया में भी दर्ज है केस जेल भी गए आरोपित

एसपी सिटी ने बताया कि राम भरोसे ने महिला अनीता को सिंघड़िया में किराए पर उस मकान में रखा था. उसने महिला संग मिलकर पहले भी लोगों को कस्टमर के रूप मे बुलाया है. फिर उसके संग अश्लील वीडियो बनाकर लूट व फिरौती को अंजाम दिया है. एसपी सिटी ने बताया कि रामभरोसे पर इससे पहले देवरिया में दो केस और सूरज व संजय पर एक-एक केस दर्ज है. ये तीनों अश्लील वीडियो बनाकर रुपए वसूलने के मामले में देवरिया से जेल जा चुके हैं.

### सिटी में पहले भी हुई है ऐसी वारदात

जिले में इस तरह की घटना पहले भी एक बार हो चुकी है. करीब दो साल पहले रात में दुकान बंद कर घर जा रहे मोहद्दीपुर के एक बिजनेसैन को कौवाबाग के पास शाहपुर इंस्पेक्टर बनकर कुछ लोगों ने रोक लिया था. फिर उसे अपने साथ प्राइवेट गाड़ी में बैठाकर शाहपुर के स्पोर्ट्स कॉलेज के पास ले जाया गया. जहां जबरन पहले से मौजूद एक महिला संग उसकी अश्लील वीडियो बनाई गई. वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बिजनेसमैन को लूटा गया और फिरौती मांगी गई थी.

# लूट और हत्या में आरोपित 24 बदमाशों पर गैंगस्टर

**कार्रवाई**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। जिले के तीन अलग-अलग थानाक्षेत्रों की पुलिस ने लूट और हत्या के मामले में आरोपित 24 बदमाशों पर शिकंजा कसते हुए उनकी गैंगस्टर की फाइल खोल दी है। जिन बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है उनमें कुछ जेल में हैं, वहीं जो बाहर हैं उनकी पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है।

कैंट पुलिस ने हवाला का पैसा लूटने वाले एक गिरोह के आठ बदमाशों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। इस गैंग का सरगना अजीत मिश्रा उर्फ सोनू बाबा है। वह मूलतः सिधवाना थाना बेलघाट का रहने वाला है। सदस्यों के रूप में मनोज चौहान, मारुति नन्दन, मनोज साहनी, वीरेन्द्र कसौंधन और सुनील चौहान निवासी मोहरीपुर थाना चिलुआताल, राजकुमार निवासी जंगल बेनी माधव नं. 2 मोहरीपुर थाना चिलुआताल, मनोज साहनी उर्फ टमाटर निवासी केवटहिया नकहा नं. 1 थाना चिलुआताल के खिलाफ कार्रवाई हुई है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आर्थिक व भौतिक बुनियादी या अन्य लाभ के उद्देश्य से सामूहिक रूप से गिरोह बनाकर यह गैंग लूट की वारदात को अंजाम देता है। इनके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई के लिए इंपेक्टर कैंट शशिभूषण राय ने डीएम को रिपोर्ट भेजी थी। अजीत मिश्रा पर गैंगस्टर एक्ट समेत कुल 16 केस दर्ज हैं। वहीं मनोज चौहान पर 16, मारुति नन्दन पर एक, मनोज साहनी पर 11, राजकुमार पर एक, सुनील पर 10, मनोज उर्फ टमाटर पर आठ और वीरेंद्र पर सात केस दर्ज हैं। टमाटर समेत तीन आरोपी वर्तमान में जेल में है।

## बर्तन व्यापारी की हत्या में भेजे गए थे जेल

खोराबार पुलिस ने बर्तन कारोबारी विक्की ठठेरा की हत्या में शामिल दस बदमाशों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपियों में राजघाट क्षेत्र के अमरूद मंडी निवासी राज निषाद, रामगढ़ताल के लहसड़ी निवासी शैलेन्द्र निषाद, गोविंद निषाद, अभिषेक निषाद, शैलेन्द्र, मुरली, माखन, अंशु, मंझरिया निवासी अविनाश व महराजगंज के अमरनाथ निषाद शामिल हैं। राज निषाद गैंग लीडर है।

## जूड़ापुर में हुई हत्या के आरोपितों पर भी गैंगस्टर

बेलीपार पुलिस ने मारपीट कर हत्या करने के छह आरोपियों संतोष निषाद, सुग्रीव, पार्वती साहनी, मनोज निषाद, अर्जुन निषाद, रामसाही निवासी जूड़ापुर के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इंस्पेक्टर इकरार अहमद ने बताया कि इन लोगों ने जूड़ापुर गांव में पीट कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। संतोष इस गैंग का लीडर है।

# शाहपुर में 15 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म

पादरी बाजार। शाहपुर में सोमवार को 15 वर्ष वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। परिजन किशोरी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। घटना की जानकारी मिलते ही पादरी बाजार चौकी प्रभारी चंदन कुमार सिंह ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। वहीं किशोरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शाहपुर क्षेत्र में सोमवार सुबह एक युवक ने किशोरी को बहला-फुसलाकर कर दुष्कर्म किया। किशोरी घर पहुंची और घटना मां को बताई। इस संबंध में शाहपुर थानाध्यक्ष मधुप नाथ मिश्र ने बताया कि घटना की जानकारी मिली हैं, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# चार वर्षीय बच्ची के साथ युवक ने की छेड़खानी

चौरीचौरा। क्षेत्र के एक गांव में चार साल की बच्ची के साथ गांव के ही एक व्यक्ति ने बच्ची को निर्वस्त्र करके छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में बच्ची की मां की तहरीर पर बंधक बनाकर छेड़खानी करने का केस दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही है। मां ने बताया कि रविवार को अपने घर पर बच्चों को छोड़ कर किसी काम से घर से बाहर गई थी। वापस आने पर उनकी बच्ची घर पर नहीं थी। बच्ची को खोजते झोपड़ी के पास गई तो झोपड़ी के अंदर देखा तो गांव में ही रामाश्रय पासवान बच्ची के साथ उसे निर्वस्त्र करके छेड़खानी कर रहा था।

# एसटीएफ की टीम ने हाईकोर्ट के वकील को गोरखपुर से उठाया



गवाह उमेश पाल हत्याकांड

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। प्रयागराज के उमेश पाल हत्याकांड में हाईकोर्ट के एक अधिवक्ता को एसटीएफ ने गोरखपुर से दबोच लिया। आरोपी अधिवक्ता के प्रयागराज स्थित कमरे पर ही हत्या की साजिश रचे जाने की आशंका है।

एसटीएफ की टीम अधिवक्ता से पूछताछ कर हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी है। पिछले दिनों प्रयागराज में अधिवक्ता और राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना में बदमाशों ने बम का भी इस्तेमाल किया था। इस मामले में माफिया अतीक अहमद और उसके करीबियों से पुलिस और जांच एजेंसियां पूछताछ कर रही है।

इस बीच आरोपियों के नेपाल भागने की सूचना पर एडीजी अखिल कुमार ने हाई अलर्ट भी जारी कर दिया था। रविवार को आधी रात एक अधिवक्ता के नेपाल भागने की सूचना मिली थी। इस पर एसटीएफ ने गोरखपुर सीमा से दबोच लिया। आरोपी अधिवक्ता को लेकर एसटीएफ प्रयागराज चली गई है। वहीं बस्ती में भी एसटीएफ ने कुछ संदिग्धों को उठाया है।

- अधिवक्ता के कमरे में हत्या की साजिश रचे जाने की है आशंका
- नेपाल सीमा पर अलर्ट, बस्ती से भी कुछ संदिग्धों को उठाया

## शूटरों को लेकर भारत-नेपाल बॉर्डर पर पुलिस अलर्ट

गोरखपुर। प्रयागराज के अधिवक्ता उमेश पाल हत्याकांड के शूटरों के नेपाल भागने की आशंका को देखते हुए भारत-नेपाल बॉर्डर पर अलर्ट घोषित किया गया है। शूटरों की धरपकड़ के लिए बार्डर के सभी थानों को अलर्ट पर रखा गया है। एडीजी जोन अखिल कुमार को शूटरों की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। शासन के निर्देश पर एडीजी जोन गोरखपुर ने गोरखपुर-सोनौली, सिद्घार्थनगर व बहराइच आदि के उन सभी बार्डरों पर अलर्ट रहने की हिदायत दी है। सभी थानों को प्रयागराज पुलिस से मिले शूटरों फोटो मुहैया करा दिए गए हैं।

संतकबीरगनर, महराजगंज और सिद्धार्थनगर के हैं आरोपी

# दूसरे की जगह दे रहे थे परीक्षा, चार गिरफ्तार

यूपी बोर्ड परीक्षा

कैंपियरगंज/बेलघाट, हिन्दुस्तान संवाद। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की विज्ञान की परीक्षा के दौरान सोमवार को कैंपियरगंज क्षेत्र में तीन और बेलघाट में एक विद्यार्थी की जगह परीक्षा दे रहे चार लोग पकड़े गए। इन्हें पुलिस के हवाले करने के साथ ही केस दर्ज कराया गया है।

कैंपियरगंज क्षेत्र के जवाहर शिक्षा निकेतन इंटरमीडिएट कॉलेज जंगल बब्बन केंद्र पर बोर्ड परीक्षा में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे तीन मुन्ना भाई पकड़े गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। परीक्षा के दौरान सचल दल के विकास तिवारी व अमर गुप्ता ने विद्यालय के परीक्षा कक्ष की जांच के दौरान कक्ष संख्या 7 में 2 और कक्ष संख्या 7 में एक युवक को दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते पकड़ा।

जांच टीम के मुताबिक करन पुत्र रामकुमार निवासी सिद्धार्थनगर के स्थान पर साकिब पुत्र अरसद रजा निवासी केवटलिया संतकबीरनगर, संदीप मौर्य पुत्र श्रीराम मौर्य निवासी बृजमनगंज महराजगंज के स्थान पर शाहिद पुत्र सलाहुद्दीन अंसारी निवासी नरायनपुर महराजगंज, प्रिंस कुमार पुत्र ध्रुव कुमार निवासी जोगिया सिद्धार्थनगर के स्थान पर दुर्गेश यादव पुत्र मनीराम योगिया सिद्धार्थनगर को परीक्षा देते पकड़ा गया।



कार्मल गर्ल्स इंटर कॉलेज में सोमवार को यूपी बोर्ड परीक्षा देकर निकलतीं छात्राएं।

## बेलघाट में केंद्र व्यवस्थापक ने दर्ज कराया मुकदमा

जनता इंटर कॉलेज, शाहपुर, बेलघाट को बाल कृष्ण इंटर कॉलेज सोहनाग के 10वीं का परीक्षा केंद्र है। यहां एक छात्र दूसरे की जगह परीक्षा दे रहा था। उसे पकड़ने के बाद केन्द्र व्यवस्थापक कमलेश चन्द राणा की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। प्रवेश-पत्र पर लगे फोटो से उनका चेहरा मैच नहीं कर रहा था। इससे पहले 21 फरवरी को भी तीन परीक्षा केन्द्रों पर कुल तीन युवक दूसरे की जगह परीक्षा देते पकड़े गए थे।

## कोचिंग के शिक्षक हैं पकड़े गए आरोपी

कैम्पियरगंज के जवाहर शिक्षा निकेतन इंटरमीडिएट कॉलेज में पकड़े गए साल्वर कोचिंग संचालक बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक परीक्षा कक्ष में जांच के दौरान अधिक उम्र और हावभाव के कारण वे पकड़ में आए। कैम्पियरगंज क्षेत्र के रिगौली का रहने वाला शाकिब अंसारी गांव में ही कोचिंग पढ़ाता है। परीक्षा के पहले दिन ही उसके रैकेट का रिगौली निवासी एक युवक धानी बाजार में एक विद्यालय में परीक्षा देते पकड़ा गया था।

## कसया में परीक्षा केंद्र के गेट पर पकड़ा गया साल्वर

पडरौना। कसया के सपहा रोड स्थित नवल एकेडमी इंटरमीडिएट कॉलेज में सुबह हाईस्कूल विज्ञान के पेपर में गेट पर हुई चेकिंग के दौरान एक साल्वर दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने के लिए जाते हुये पकड़ा गया।केंद्र व्यवस्थापक भगवानदत्त तिवारी ने बताया कि सोमवार को हाईस्कूल के परीक्षार्थियों की चेकिंग के दौरान तुर्कपट्टी छहू निवासी एक छात्र के स्थान पर परीक्षा देने जा रहे अश्वनी चौरसिया निवासी पुरैना कटेया तमकुहीराज को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया।

# एएसपी ने की बीडीसी से मारपीट मामले की जांच

भटहट। एएसपी मानुष पारीक सोमवार की शाम को भटहट ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचकर बीडीसी से हुए मारपीट के मामले की जांच की। उन्होंने बीडियो कुमारी प्रियंका एवं अन्य कर्मचारियों से मामले की जानकारी ली। शुक्रवार को बीडीसी का प्रशिक्षण शिविर चल रहा था। बीडीसी संतोष पासवान अधिकारियों के बोलने के दौरान वीडियो बनाने लगे। इसी दौरान एक युवक से हाथापाई हो गई।

# अश्लील वीडियो बनाकर व्यापारी को किया ब्लैकमेल

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। एक गिरोह ने सिंघड़िया इलाके में मकान दिखाने के बहाने देवरिया के रहने वाले व्यापारी का महिला संग अश्लील वीडियो बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर व्यापारी के पास मौजूद तीन हजार रुपये, सोने की अंगूठी लूटने के साथ ही एटीएम कार्ड से 21 हजार रुपये निकाल लिया। यही नहीं व्यापारी से तीन लाख रुपये की रंगदारी भी मांगनी शुरू कर दी। व्यापारी ने कैंट थाने में शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि यह गिरोह इसी तरह से लोगों को ब्लैकमेल कर लूटता था। गिरोह के कुछ लोग पहले भी देवरिया में जेल जा चुके हैं।

मामले का पर्दाफाश करते हुए एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि कैंट इंस्पेक्टर शशिभूषण राय, इंजीनियरिंग कॉलेज चौकी के दरोगा अखिलेश कुमार अरुण, शिल्पी चौधरी, दिव्या, विजय और शुभम की टीम ने आरोपियों को पकड़ा है। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया आरोपी रामभरोसे तिवारी पहले से ही देवरिया के पीड़ित व्यापारी से परिचित था। पीड़ित व्यापारी ने रामभरोसे से गोरखपुर में मकान खरीदने की बात कही थी। इसका लाभ लेकर आरोपी रामभरोसे ने पीड़ित व्यापारी को मकान दिखाने के लिए 23 फरवरी को सिंघड़िया बुलाया। साथ ही प्लान के मुताबिक अपने अन्य साथी अनीता, सूरज पटेल और संजय कुशवाहा को भी बुला लिया। जब पीड़ित व्यापारी आए तो रामभरोसे उन्हें एक मकान में ले गया। वहां पहले से ही आरोपी महिला अनीता कमरे में निर्वस्त्र अवस्था में थी।

व्यापारी जैसे ही कमरे में गया महिला ने उसे पकड़ लिया और अन्य ने फोटो बना ली। बाद में सभी ने मिलकर पीड़ित व्यापारी को धमकाकर महिला संग अश्लील वीडियो बनाया। बाद में व्यापारी के पास रखा 3000 रुपये, सोने की अंगूठी और एटीएम कार्ड ले लिया। एटीएम का कोड पूछकर 21 हजार निकाल लिया। साथ ही अगले दिन तीन लाख रुपये और देने को कहा। तीन लाख रुपये नहीं देने पर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी थी। सोमवार की सुबह पुलिस ने चारों को आवास विकास कालोनी प्रदूषण बोर्ड चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

**03** लाख की रंगदारी मांगने पर व्यापारी ने की शिकायत चार आरोपी गिरफ्तार

### देवरिया-कुशीनगर के रहने वाले हैं चारों आरोपित

आरोपी महिला देवरिया के लार के पिपरा चौराहा निवासी अनिता सिंह पत्नी नरेंद्र, कुशीनगर के रामकोला के कुशमहा निवासी संजय कुशवाहा, देवरिया कोतवाली के अबु बकर निवासी सूरज पटेल और बरहज बकार निवासी रामभरोसे तिवारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारों को कोर्ट में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया

### ग्राहकों को लाकर पहले भी बनाया था शिकार

एसपी सिटी ने बताया कि रामभरोसे ने आरोपी अनिता को सिंघड़िया में किराए पर उस मकान में रखा था। वह महिला संग मिलकर पहले भी लोगों को ग्राहक के रूप में बुलाया है फिर उसके संग अश्लील वीडियो बनाकर लूट और फिरौती को अंजाम दिया है। एसपी सिटी ने बताया कि रामभरोसे पर इससे पहले देवरिया में दो केस, सूरज और संजय पर एक-एक केस दर्ज हैं। ये तीनों अश्लील वीडियो बनाकर रुपये वसूलने के मामले में देवरिया में जेल जा चुके हैं।

### गोरखपुर में पहले भी हुई है ऐसी वारदात

जिले में इस तरह की घटना पहले भी एक बार हो चुकी है। करीब डेढ़ साल पहले रात में दुकान बंदकर घर जा रहे मोहद्दीपुर के एक व्यापारी को कौवाबाग के पास शाहपुर इंस्पेक्टर बनकर कुछ लोगों ने रोक लिया था। फिर उसे अपने साथ प्राइवेट गाड़ी में बैठाकर शाहपुर के स्पोर्ट्स कॉलेज के पास ले गए। वहां पहले से मौजूद एक महिला संग जबरन उसकी अश्लील वीडियो बनाई। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर व्यापारी को लूटा गया था और फिरौती मांगी गई थी। बाद में शाहपुर पुलिस ने केस दर्ज कर अरोपी युवकों और महिला को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था।

# पर्स लूटने वालों के खिलाफ केस दर्ज

भटहट। गुलरिहा थाना क्षेत्र के बरगदही में रविवार की देर रात पर्स लूट कर बाइक सवार बदमाश फरार हो गए थे। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है। उधर, घायल भाई को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। पीड़िता वंदना चौधरी गुलरिहा थाना क्षेत्र के बुढाडीह मायके से रविवार की शाम को भाई इन्द्रकेश संग श्यामदेउरवां थानाक्षेत्र के नटवां जंगल के बरई टोला के लिए निकली थी। वह बरगदही पहुंची थी कि पीछे से आ रहे काले रंग की पल्सर सवार दो बदमाशों ने महिला का पर्स लूटकर भाग गए।

# बीडीसी से मारपीट के मामले में लिया गया बयान

भटहट : सहायक पुलिस अधीक्षक मानुष पारीक ने सोमवार की शाम को भटहट ब्लाक मुख्यालय पर पहुंचकर बीडीसी से हुई मारपीट के मामले की जांच पड़ताल की। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों का बयान दर्ज किया। भटहट ब्लाक मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों का प्रशिक्षण शिविर चल रहा था। इसी दौरान जंगल डुमरी नंबर दो के बीडीसी संतोष पासवान अधिकारियों के बोलने के दौरान वीडियो बना रहे थे। अधिकारियों ने बनाने से मना किया। आरोप है कि एक युवक आगे बढ़कर मोबाइल छीनने का प्रयास किया तो दोनों में हाथापाई हो गई। डायल 112 की पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। (जासं)

# बुजुर्ग मां को घर से निकाला, 24 दिन से पुलिस दे रही भरोसा



गायत्री देवी।

**जासं, चरगांवा** : पति की मृत्यु के बाद 68 वर्षीय गायत्री देवी दर-दर भटकने को मजबूर हैं। इकलौते बेटे व बहू ने मारपीट कर घर से निकाल दिया है। वह तीन फरवरी को शाहपुर थाना पुलिस के पास पहुंचीं। वहां से भी अभी तक निराशा हाथ लगी है। अब वह श्रीराम चौराहे पर एक दुकान में दिन-रात काटने को मजबूर हैं।

शाहपुर थाना क्षेत्र के जंगल सालिकराम निवासी बुजुर्ग गायत्री देवी का श्रीराम चौराहे के पास मकान है। इसमें आगे दो दुकानें हैं। एक दुकान का भाड़ा इकलौता बेटा लेता है, दूसरी दुकान में वह रह रही है। शाहपुर थाने में प्रार्थनापत्र देते हुए उसने बताया कि दो वर्ष पहले उनके पति की बीमारी से मृत्यु हो गई। इसके बाद से बेटा व उसकी पत्नी मारते-पीटते हैं। खाना नहीं देते हैं। घर व शौचालय में ताला बंदकर रखे हैं। दो महीने से रात-दिन दुकान में रह रही हूं। जिस बेटे को पढ़ाया-लिखाया, अब उसी ने संपत्ति के लिए घर से बाहर निकाल दिया। प्रार्थनापत्र मिलने के बाद शाहपुर थाना पुलिस ने बुजुर्ग महिला को आश्वासन दिया कि जल्द ही जांच कर कार्रवाई की जाएगी, मगर 24 दिन बीत गए और पुलिस अभी तक जांच ही कर रही है। पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि इस संबंध में थाना प्रभारी से पूछताछ की जाएगी। साथ ही तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया जाएगा।

# जमानत मिली जमानतदार नहीं, अटकी 24 बदमाशों की रिहाई

सतीश पांडेय • गोरखपुर

जमानत मिलने के बाद भी 24 बदमाश जिला कारागार से बाहर नहीं आ पा रहे हैं। इसकी वजह जमानतदार न मिलना है। बिहार के समस्तीपुर, बेतिया, सिवान, गोरखपुर, कुशीनगर, संतकबीर नगर और बलरामपुर के रहने वाले इन बदमाशों से रिश्तेदार व मित्रों ने भी दूरी बना ली है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने विधिक सेवा प्राधिकरण को पत्र लिख इसकी जानकारी दी है।

छिनैती, चोरी, आर्म्स व आबकारी एक्ट में इन बदमाशों को जिले की पुलिस व जीआरपी ने जेल भेजा था। मुकदमे की पैरवी के लिए अधिवक्ता की फीस देने में असमर्थता जताने पर जेल प्रशासन की पहल पर इनको विधिक मदद मिली तो सभी मुकदमों में जमानत मिल गई। न्यायालय में बंधपत्र के अभाव में दो माह से इनकी रिहाई अटकी है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक ओपी कटियार ने बताया कि जिन बंदियों को जमानतदार नहीं मिल रहे, उनकी सूची विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ कारागार मुख्यालय को भेजी गई है। अनुमति के बाद इन्हें निजी मुचलके पर रिहा किया जाएगा।



जिला कारागार • जागरण

- **अपराध में सक्रिय होने की वजह से स्वजन ने बनाई दूरी**
- **वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजी सूची**



बंधपत्र के अभाव में जेल में निरुद्ध बंदियों को दो माह में रिहा करने का आदेश सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को दिया है। इस निर्देश के अनुक्रम में जमानत बंधपत्र के बिना यदि एक सप्ताह तक कैदी जेल में निरुद्ध रहता है तो जेल अधीक्षक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को सूचित करेंगे। वहां से विधिक सहायता के लिए न्यायमित्र नियुक्त होंगे। वे जेल विजिटर के सहयोग से उस बंदी की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति की जानकारी कर जिला प्रोबेशन अधिकारी को सूचित करेंगे। जिला प्रोबेशन अधिकारी इस रिपोर्ट की अपने स्तर से जांच कराएंगे। ऐसे बंदी जो आर्थिक एवं सामाजिक कारणों से जमानत प्रार्थनापत्र स्वीकार किए जाने के बाद भी रिहा नहीं हो पा रहे हैं, सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्णय उनके लिए वरदान साबित होगा। –**राजेश पांडेय**, एडवोकेट

**इनको नहीं मिल रहे जमानतदार** : बिहार के सिवान, हुसैनगंज : बड़ाराम निवासी वीरेंद्र पासवान, बेतिया के गनौली निवासी गुल्ली शाह, सोनपुर निवासी अजय यादव, समस्तीपुर के दयाल चौक, बहादुरपुर निवासी शंभू शाह, पश्चिम चंपारण के रामनगर बुजुर्ग निवासी रानू गौड़, कटिहार के सरघासी निवासी रुपेश कुमार, कुशीनगर जिले के अहिरौली बाजार निवासी रवि शर्मा, बलरामपुर के तुलसीपुर रानी लक्ष्मीबाई मार्ग निवासी राजकुमार, संतकबीर नगर के बखिरा गेहडीला निवासी नीरज मिश्रा, कैंट क्षेत्र के नगर रोड निवासी सूरज निषाद, गोपालपुर निवासी रंभा, रामगढ़ताल के रामपुर निवासी वंदना निषाद, आकाश साहनी, बड़गो निवासी सागर गौड़, राजघाट के तुर्कमानपुर निवासी रियासत अली, डोमखाना निवासी अर्जुन डोम, तिवारीपुर के घासीकटरा निवासी सना, बड़े काजीपुर निवासी आशीष पासवान, शाहपुर के जेल रोड निवासी सरफराज, जंगल सालिकराम निवासी बादल चौहान, सहनजवां के बनकटिया निवासी चंद्रशेखर, बक्शा निवासी विरेंद्र हरिजन और गोरखनाथ के सुभाषचंद्र बोस नगर निवासी राजू पासवान शामिल हैं।

# दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे चार साल्वर पकड़े गए

**यूपी बोर्ड परीक्षा**



**जागरण संवाददाता, गोरखपुर:** यूपी बोर्ड परीक्षा में सोमवार को हाईस्कूल में दूसरे की जगह परीक्षा देते हुए चार साल्वर पकड़े गए। केंद्र व्यवस्थापक की तहरीर पर बेलघाट व कैंपियरगंज थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पकड़े गए साल्वरों में तीन सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर व महराजगंज के रहने वाले हैं।

बेलघाट संवाददाता के अनुसार थाना क्षेत्र में स्थित जनता इंटर कालेज शाहपुर के केंद्र व्यवस्थापक ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि सुबह की पाली में हाईस्कूल में विज्ञान विषय का प्रश्नपत्र था। सचल दल की जांच में परीक्षार्थी की जगह उसका भाई परीक्षा देते मिला। कैंपियरगंज संवाददाता के अनुसार थाना क्षेत्र के जवाहर शिक्षा निकेतन इंटरमीडिएट कालेज के केंद्र व्यवस्थापक ने तहरीर में बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा के दौरान सचल दल की टीम ने जांच के दौरान कमरा नंबर सात में दो व दस में एक साल्वर को दूसरे की जगह परीक्षा देते हुए पकड़ा। इसमें एक संतकबीरगनर के केवटलिया का, दूसरा महराजगंज के नरायनपुर का और तीसरा सिद्धार्थनगर के मानीराम योगिया का निवासी है। तीनों दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे थे। कैंपियरगंज पुलिस ने तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# जनसुनवाई में निस्तारित हुए 58 मामले

**जासं, गोरखपुर** : राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चंद्र सिंह ने सोमवार को जनसुनवाई करते हुए सूचना के अधिकार अधिनियम (आरटीआइ) 2005 के 58 मामलों का निस्तारण किया। इस दौरान 68 मामले आए। 10 मामलों में संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए जल्द ही निस्तारित करने का निर्देश दिया।

कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई के साथ ही उन्होंने जन सूचना अधिकारियों के साथ आरटीआइ के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा भी की। उन्होंने आरटीआइ के मामलों को समय से निस्तारित करने का निर्देश दिया। जन सुनवाई के बाद उन्होंने जन सूचना अधिकारियों को आरटीआइ के बारे में प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि पिछली बैठकों की जागरूकता का परिणाम है कि जन सूचना अधिकारी व वादी मौके पर उपस्थित रहे, जिससे मौके पर ही मामलों का निस्तारण हो सका। उन्होंने कहा कि जो जन सूचना अधिकारी समय से सूचना उपलब्ध नहीं कराएंगे, उन्हें दंडित किया जाएगा। इस दौरान एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता आदि रहे।

# हत्या, लूट व डकैती के 24 आरोपितों पर गैंगस्टर

- डीएम के आदेश पर कैंट, खोराबार व बेलीपार थाना पुलिस ने की कार्रवाई
- नेपाल के व्यापारियों को लूटता है बेलघाट के अजीत मिश्रा का गिरोह

**जासं, गोरखपुर**: हत्या, लूट व डकैती करने के 24 आरोपितों पर जिले की पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश के आदेश पर कैंट, खोराबार व बेलीपार थाना प्रभारी ने आरोपितों के विरुद्ध तहरीर दी। जिन बदमाशों पर कार्रवाई हुई है उसमें नेपाल के व्यापारियों को लूटने वाले अजीत मिश्रा व उसके गिरोह के सात बदमाश भी शामिल हैं।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि कैंट पुलिस ने लूट व डकैती के आरोपित बेलघाट के सिधवाना निवासी अजीत मिश्र, चिलुआताल के मोहरीपुर निवासी मनोज चौहान, मारुतिनन्दन, मनोज साहनी, सुनील उर्फ बहादुर चौहान, राजकुमार, नकहा नंबर एक निवासी मनोज साहनी उर्फ टमाटर और वीरेंद्र कसौधन के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। अजीत मिश्रा गिरोह का सरगना है। वर्तमान में टमाटर समेत तीन बदमाश जेल में हैं।

वहीं खोराबार पुलिस ने बर्तन व्यापारी विक्की ठठेरा के हत्यारोपित राजघाट के अमरूद मंडी निवासी राज निषाद, रामगढ़ताल के लहसड़ी निवासी शैलेन्द्र निषाद, गोविंद निषाद, अभिषेक निषाद, शैलेन्द्र, मुरली, माखन उर्फ उपेंद्र, अंशु, मंझरिया निवासी अविनाश और महराजगंज के अमरनाथ निषाद पर गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया। राज निषाद गिरोह का सरगना है। बेलीपार थाना पुलिस ने पीटकर हत्या करने के आरोपित संतोष निषाद, सुग्रीव, पार्वती साहनी, मनोज निषाद, अर्जुन निषाद व जुड़ापार निवासी रामसाही के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। एसपी सिटी ने बताया कि संतोष गिरोह का सरगना है।

# लूटपाट व मारपीट मामले में सात पर मुकदमा

पिपरौली : एडीजी के निर्देश पर गीडा थाना पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध घर में घुसकर लूटपाट व मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। बाघागाड़ा के टोला जीतपुर निवासी फूलमती ने एडीजी से मिलकर शिकायत की थी कि 15 जनवरी को जेठ अमरजीत कमरे के अंदर घुस गया और छेड़खानी करने लगा।

# 1.92 करोड़ की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**जासं. गोरखपुर:** भूमि के व्यापार में रुपये लगाने का झांसा देकर 1.92 करोड़ की ठगी करने वाले जालसाज को खोराबार थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि खोराबार के जंगल सिकरी निवासी शैलेंद्र पासवान ने भूमि के व्यापार में रुपये लगाने के नाम पर पांच लोगों से 1.92 करोड़ रुपये लिए। सभी लोगों के रुपये शैलेंद्र ने हड़प लिए। वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस तलाश कर रही थी।

# आपत्तिजनक वीडियो बना लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

- कुशीनगर के व्यापारी के रुपये, अंगूठी छीनने के बाद मांग रहे थे तीन लाख
- आरोपितों में तीन देवरिया जिले के कई लोगों को बना चुके हैं शिकार



कैंट थाना पुलिस की गिरफ्त में आरोपित • जागरण

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** कूड़ाघाट आवास-विकास कालोनी में कुशीनगर जिले के व्यापारी को मकान दिखाने का झांसा देकर बदमाशों ने महिला के साथ जबरन आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर जेब में रखे तीन हजार रुपये, सोने की अंगूठी और एटीएम कार्ड लेकर खाते से 21 हजार रुपये निकाल लिए। वीडियो डिलीट करने के लिए व्यापारी से तीन लाख रुपये रंगदारी मांग रहे थे। शिकायत पर जबरिया वसूली करने का मुकदमा दर्ज कर कैंट थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह देवरिया जिले की रहने वाली महिला समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार कर गिरोह का पर्दाफाश किया।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने सोमवार की दोपहर अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुशीनगर जिले के कुबेरस्थान निवासी व्यापारी ओमप्रकाश गुप्ता शहर में मकान ढूंढ रहे थे। देवरिया जिले के बरहज बकार, पूर्वी पटेलनगर के रामभरोसे तिवारी ने आवास-विकास कालोनी में मकान होने की जानकारी दी। 23 फरवरी की शाम को ओमप्रकाश को वह अपने साथ आवास-विकास कालोनी ले आया। प्लान के अनुसार अपने अन्य साथी अनीता सिंह, सूरज पटेल व संजय कुशवाहा को भी बुला लिया। ओमप्रकाश को घर दिखाने के दौरान एक कमरे में ले गया, जहां अनीता पहले से मौजूद थी। अपने साथियों संग मिलकर रामभरोसे ने जबरन उसके साथ ओमप्रकाश का आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। फिर उसकी जेब में रखे तीन हजार रुपये, सोने की अंगूठी व एटीएम कार्ड ले लिया। एटीएम का कोड पूछकर 21 हजार रुपये निकाल लिए। अगले दिन सुबह फोन कर व्यापारी से तीन लाख रुपये और लाकर देने का दबाव बनाने लगा। बात न मानने पर वीडियो को पत्नी व रिश्तेदारों के पास भेजने की धमकी देने लगे। 25 फरवरी की शाम को व्यापारी ने कैंट थाने पहुंचकर तहरीर दी। मुकदमा दर्जकर कैंट थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह रामभरोसे तिवारी के साथ ही आरोपित महिला देवरिया के लार के पिपरा चौराहा निवासी अनिता सिंह, कोतवाली के अबु बकर निवासी सूरज पटेल व कुशीनगर के रामकोला के कुशम्हा निवासी संजय कुमार कुशवाहा को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश किया। आरोपितों के कब्जे से व्यापारी की अंगूठी, 11 हजार रुपये, एटीएम कार्ड व चार मोबाइल फोन बरामद किए गए। दोपहर बाद उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### ऐसे करते थे वसूली

एसपी सिटी ने बताया कि राम भरोसे ने महिला अनिता को आवास-विकास कालोनी में किराए पर मकान दिलवाया था। महिला व अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर किराए पर कमरा ढूंढने वालों को बुलाता था, फिर जबरन आपत्तिजनक वीडियो बनाकर लूट करने के बाद रंगदारी वसूलता था। रामभरोसे पर देवरिया में दो मुकदमा दर्ज है। सूरज व संजय पर एक-एक मुकदमा दर्ज है। तीनों आपत्तिजनक वीडियो बनाकर रुपये वसूलने के मामले में देवरिया के कोतवाली थाने से भी जेल जा चुके हैं।

### पहले भी हुई है ऐसी वारदात

जिले में इस तरह की घटना पहले भी हो चुकी है। दो वर्ष पहले दुकान बंद कर घर जा रहे मोहद्दीपुर के एक व्यापारी को कौवाबाग के पास खुद को पुलिसकर्मी बताने वाले बदमाशों ने रोक लिया। अपनी निजी गाड़ी से व्यापारी को स्पोर्ट्स कालेज के पास ले गए, जहां पहले से मौजूद महिला के साथ उसका आपत्तिजनक वीडियो बनाने के बाद जेब में रखे रुपये व सामान ले लिया। बाद में व्यापारी से रंगदारी मांगने लगे। शाहपुर पुलिस ने मुकदमा दर्जकर आरोपित युवक व महिला को जेल भेजा था।

# महिला संग अश्लील वीडियो बनाकर व्यापारी से की लूट, मांगी रंगदारी

## मकान दिलाने के नाम पर व्यापारी को साथ ले गए थे बदमाश, भेजे गए जेल

**अमर उजाला ब्यूरो**

**गोरखपुर।** कैंट इलाके के सिंघड़िया में मकान दिखाने का झांसा देकर एक व्यापारी का महिला संग अश्लील वीडियो बनाकर लूट और रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। कैंट पुलिस ने केस दर्ज कर महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटे गए 11 हजार रुपये, सोने की अंगूठी और एटीएम कार्ड बरामद कर लिया।

आरोपी इसके पहले भी इस तरह की कृत्य कर देवरिया से जेल जा चुके हैं। आरोपियों के खिलाफ लूट और रंगदारी की धारा में केस दर्जकर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। पुलिस उन पर गैंगस्टर के तहत भी कार्रवाई करेगी।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान देवरिया के बरहज निवासी राम भरोसे तिवारी, देवरिया के तहसील रोड निवासी सूरज पटेल, कुशीनगर के रामकोला के भेकरिया निवासी संजय कुमार कुशवाहा के रूप में हुई।

आरोपी महिला भी देवरिया जिले के लार क्षेत्र की निवासी है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने पुलिस ऑफिस में प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी दी।

एसपी सिटी ने बताया कि देवरिया निवासी व्यापारी एक की आरोपी राम भरोसे तिवारी से पहले से परिचय था। व्यापारी ने ने राम भरोसे से गोरखपुर में मकान खरीदने की बात कही थी। इसका लाभ लेकर रामभरोसे ने व्यापारी को मकान देखने के लिए सिंघड़िया बुलाया।

पहले से तय साजिश के तहत अपने अन्य साथी सूरज पटेल, संजय कुशवाहा और एक महिला को भी बुला लिया। व्यापारी बीते 23 फरवरी को जब आया तो राम भरोसे उन्हें एक मकान के अंदर ले गया। जहां पहले से ही महिला कमरे में नग्न अवस्था में थी।

सभी ने मिलकर व्यापारी को डराया धमकाया। उसका कपड़ा उतरवाकर महिला संग अश्लील वीडियो बनाया। फिर उसके पास रखा तीन हजार रुपये, सोने की अंगूठी व एटीएम कार्ड ले लिया और कोड पूछकर 21 हजार रुपये निकाल लिया।

साथ ही अगले दिन तीन लाख रुपये और लाकर देने को कहा। न देने पर वीडियो परिवार को भेजने व वायरल करने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़ित व्यापारी ने पुलिस को तहरीर दी थी।

पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी थी। सोमवार सुबह पुलिस ने चारों को आवास विकास कॉलोनी प्रदूषण बोर्ड चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

**गोरखपुर में पहले भी हुई है ऐसी वारदात :** जिले में इस तरह की घटना पहले भी एक बार हो चुकी है। करीब दो साल पहले रात में दुकान बंदकर घर जा रहे मोहद्दीपुर के एक व्यापारी को कौवाबाग के पास शाहपुर इंस्पेक्टर बनकर कुछ लोगों ने रोक लिया था।

फिर उसे अपने साथ प्राइवेट गाड़ी में बैठाकर शाहपुर के स्पोर्ट्स कॉलेज के पास ले जाया गया। जहां जबरन पहले से मौजूद एक महिला संग उसकी अश्लील वीडियो बनाई गई थी।

वीडियो वायरल करने की धमकी देकर व्यापारी को लूटा गया और फिरौती मांगी गई थी। बाद में शाहपुर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी युवकों व महिला को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था।

### पहले भी कई लोगों को बनाया गया है शिकार

**एसपी** सिटी ने बताया कि राम भरोसे ने महिला को सिंघड़िया में किराये पर मकान दिलाया है। महिला संग मिलकर आरोपी पहले भी लोगों को ग्राहक के रूप में बुलाया फिर उसके संग अश्लील वीडियो बनाकर लूट व रंगदारी मांगी। एसपी सिटी ने बताया कि राम भरोसे पर इससे पहले देवरिया में दो केस और सूरज व संजय पर एक-एक केस दर्ज है। तीनों अश्लील वीडियो बनाकर रुपये वसूलने के मामले में देवरिया से जेल जा चुके हैं।

### कैंट पुलिस ने महिला समेत चार पर दर्ज किया केस, लूटे गए 11 हजार रुपये, अंगूठी बरामद

# आरोपी महिला का कोई और मददगार तो नहीं, जांच शुरू

## सहजनवां का तिहरा हत्याकांड : परिजनों ने अकेले हत्या करने पर उठाया सवाल, बोले-गायब है नीलम का एक मोबाइल फोन

अमर उजाला ब्यूरो

**सहजनवां (गोरखपुर)।** क्षेत्र के सहबाजगंज में युवक और उसके दो बेटों की हत्या के मामले में परिजनों ने सवाल उठा दिया। उनका कहना है कि इस हत्याकांड में नीलम के साथ कोई अन्य भी शामिल है। वह अकेले वारदात नहीं की है। परिजनों के आरोप के बाद पुलिस ने एक बार फिर से जांच शुरू कर दी है। आरोपी नीलम के मोबाइल फोन नंबर का सीडीआर हासिल कर जांच की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि अब तक की जांच में किसी और के होने की पुष्टि नहीं है। अगर आगे की जांच में भी कोई नहीं मिला तो केस को मजबूत करने के लिए नीलम की बेटी की कोर्ट में गवाही भी कराई जाएगी।

जानकारी के मुताबिक, सहबाजगंज में अवधेश गुप्ता और उसके दो मासूम बेटों आरव व आर्यन के सिर पर डंडे से प्रहार कर व गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने घटना का पर्दाफाश करते हुए अवधेश की दूसरी पत्नी नीलम गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस का दावा है कि नीलम की 12 वर्षीय बेटी पर अवधेश बुरी नजर रखता था, इस वजह से उसकी हत्या कर दी और संपत्ति के लालच में सौतेले बेटों को मार डाला। पुलिस के सामने उसने जुर्म भी कबूल कर लिया और उसे जेल भिजवा दिया गया। नीलम की बेटी ने भी पुलिस को बताया कि उसकी मां ने पापा को मारा। लेकिन, अब इन सब के बीच एक बार फिर अवधेश की मां सुभावती और सबसे छोटा भाई सवाल उठा रहा है।

उनका कहना है कि नीलम तीन मोबाइल फोन चलाती थी। उसके पास एक सादा और दो एंड्राइड था। जबकि, सिर्फ एक एंड्राइड फोन पुलिस के हाथ लगा है। ऐसे में सवाल यह है कि आखिर नीलम का एक सादा और एंड्राइड फोन कहां है। अब पुलिस जांच को आगे बढ़ा रही।



सहबाजगंज में हत्या के दूसरे दिन जुटे परिजन व रिश्तेदार। अमर उजाला

परिजनों ने महिला की मदद करने की बात कही है। इस बिंदु पर पुलिस जांच कर रही है। महिला के मोबाइल फोन नंबर का सीडीआर निकाला जा रहा है। अभी तक की जांच में महिला के अकेले वारदात में शामिल होने के ही तथ्य मिले हैं। आगे जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। - मनोज अवस्थी, एसपी नार्थ

### हत्या वाली रात नीलम फोन पर कर रही थी बात

**अवधेश** गुप्ता के परिजनों ने बताया की नीलम शादी के 15 दिन बाद से ही आए दिन हम लोगों से विवाद करती रहती थी। जिसकी शिकायत भी थाने पर की गई थी। कुछ माह पूर्व नीलम ने अवधेश के भाई नंदलाल गुप्ता के लड़के सूरज गुप्ता को फोन पर पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी भी दी थी। परिजनों का कहना था कि नीलम घटना की रात करीब 11:30 बजे किसी से फोन पर बात कर रही थी। अब पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही। परिजनों का यह भी कहना है कि नीलम का परिजनों से पटता नहीं था। लोगों में चर्चा है की जब भी नीलम विवाद करती थी तो थाने के एक सिपाही को फोन कर तुरंत बुला लेती थी। जबकि, घर के अन्य लोग जब सिपाही को बुलाते थे तो वह तुरंत नहीं आते थे।

### सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही पुलिस

अब नए सवाल सामने आने के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। गांव और घर के आसपास के दुकानों व घरों में फुटेज देख रही है। खबर है कि मुख्य मार्ग के कुछ फुटेज पुलिस के हाथ लगे है, जिसमें उस समय कोई आता जाता नहीं दिख रहा है।

# हाईस्कूल की परीक्षा में दूसरे की जगह बैठे चार दबोचे गए

## कैंपियरगंज में तीन और बेलघाट में एक पकड़ा गया, मुकदमा दर्ज

**गोरखपुर।** हाईस्कूल विज्ञान की परीक्षा में सोमवार को दूसरे की जगह परीक्षा देते चार लोग पकड़े गए। कैंपियरगंज के जवाहर शिक्षा निकेतन इंटरमीडिएट कॉलेज, जंगल बब्बन में तीन और बेलघाट के शाहपुर में स्थित जनता इंटर कॉलेज में एक युवक पकड़ा गया। सभी के खिलाफ पुलिस ने जालसाजी और परीक्षा अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

कैंपियरगंज प्रतिनिधि के मुताबिक, जवाहर शिक्षा निकेतन इंटरमीडिएट कॉलेज में प्रथम पाली में विज्ञान विषय की परीक्षा में तीन लोग पकड़े गए। आरोपियों की पहचान सिद्धार्थनगर के दुर्गेश यादव, संतकबीरनगर के साकिब और महराजगंज के शाहिद के रूप में हुई है।

उधर, बेलघाट प्रतिनिधि के मुताबिक, क्षेत्र के जनता इंटर कॉलेज शाहपुर में हाईस्कूल विज्ञान वर्ग का पेपर था। यहां पर एक युवक आकाश को पकड़ा गया। वह अपने छोटे भाई की जगह परीक्षा में शामिल हुआ था। पुलिस ने कक्ष निरीक्षक दुर्गेश की तहरीर पर केस दर्ज किया। ब्यूरो

# 24 बदमाशों पर गैंगस्टर का केस

## लूट, डकैती-हत्या के आरोपियों पर कैंट, खोराबार व बेलीपार में कार्रवाई

**अमर उजाला ब्यूरो**

**गोरखपुर।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के 24 बदमाशों पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया गया। कैंट, खोराबार और बेलीपार पुलिस ने लूट, डकैती, हत्या जैसे जघन्य अपराध में शामिल बदमाशों को आरोपी बनाया है। इसमें से कई बदमाश वर्तमान में जमानत पर बाहर हैं, जिनकी तलाश पुलिस ने एक बार फिर शुरू कर दी है।

कैंट पुलिस ने गिरोहबंद होकर लूट करने वाले आठ बदमाशों पर गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया। बदमाशों ने रामगढ़ताल इलाके में 2021 में रुस्तमपुर ढाले पर 64 लाख रुपये की लूट कर सनसनी फैला दी थी। इसके बाद कैंट इलाके में 4 अप्रैल 2022 को बलदेवा प्लाजा से 4.60 लाख रुपये लूट की थी। पुलिस ने गिरोह में शामिल चिलुआताल के मोहरीपुर निवासी मनोज चौहान, मारुति नंदन, मनोज साहरी, जंगल बेनी निवासी राजकुमार, सुनील चौहान, मनोज साहनी उर्फ टमाटर, वीरेंद्र कसौंधन, अजीत मिश्रा उर्फ सोनू बाबू को गिरोहबंद किया है। गिरोह का सरगना मनोज चौहान है, उस पर 15 मुकदमे दर्ज हैं।



अजीत मनोज चौहान मारुति मनोज साहनी



राजकुमार सुनील मनोज उर्फ टमाटर वीरेन्द्र

गिरोहबंद होकर अपराध करने वाले बदमाशों पर पुलिस गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की है। बदमाशों की अपराध से अर्जित संपत्ति को भी चिन्हित किया जा रहा, उस पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**- कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी सिटी**

### हत्या में शामिल बदमाशों को गिरोहबंद किया

**खोराबार** के डांगीपार में 27 अक्तूबर 2022 को बर्तन व्यापारी विक्की वर्मा की चाकू गोदकर हत्या के मामले में 10 लोगों को जेल भेजा। आरोपी राजघाट के अमरूद मंडी निवासी राज, रामगढ़ताल के लहसड़ी निवासी शैलेंद्र, गोविंद, अभिषेक, शैलेन्द्र, मुरली, माखन उर्फ उपेंद्र, अंशु, मंझरिया का अविनाश और महराजगंज के अमरनाथ को गिरोहबंद किया गया। राज गिरोह का सरगना है।

■ **गिरोहबंद होकर हत्या-मारपीट करने वालों पर केस :** बेलीपार पुलिस ने हत्या और गिरोहबंद होकर मारपीट करने वाले छह बदमाशों पर गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया। आरोपियों ने जुड़ापार गांव में राहुल यादव की हत्या की थी। केस के आरोपी रहे जुड़ापार के संतोष, सुग्रीव, पार्वती, मनोज, अर्जुन, रामसाही को गिरोहबंद किया गया। संतोष गैंग का सरगना है।

# सीएचसी के बगल में चल रहा अवैध अस्पताल सील

## महिला की मौत के बाद हरकत में आए प्रशासन ने की कार्रवाई, संचालक व डॉक्टर पर केस

**अमर उजाला ब्यूरो**

**कैंपियरगंज (गोरखपुर)।** कैंपियरगंज सीएचसी के बगल में अवैध तरीके से संचालित कमला अस्पताल को महिला की मौत के बाद एसडीएम ने सोमवार को सील कर दिया।

उधर, पुलिस ने मृतिका के पति की तहरीर पर अज्ञात अस्पताल संचालक व डॉक्टर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। इस पूरे मामले में स्वास्थ्य विभाग सवालों के घेरे में है। क्योंकि, अवैध अस्पताल उस स्वास्थ्य अधिकारी के सामने चल रहा था, जिस पर कार्रवाई की जिम्मेदारी है।

चौमुखा के करलहरी निवासी दीपचंद ने तहरीर में लिखा है कि पत्नी आरती (30) को पथरी था। ऑपरेशन के लिए बृहस्पतिवार को सीएचसी के पास स्थित कमला अस्पताल में भर्ती कराया गया, ऑपरेशन के एक घंटे बाद आरती की तबीयत बिगड़ने लगी तो संचालक ने दूसरे अस्पताल में रेफर कर भर्ती करा दिया। वहां उपचार के दौरान शनिवार को मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव लेकर कैंपियरगंज थाने पहुंच गए थे।

पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के साथ ही सीएमओ को रिपोर्ट भेजी थी। अब पुलिस को बताया गया कि वह अस्पताल अवैध है। मामला तूल पकड़ने पर सोमवार को एसडीएम स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अस्पताल को सील कर दिया। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि संचालक और डॉक्टर के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।



कमला हॉस्पिटल को सील किया गया। अमर उजाला

**इलाज में लापरवाही से महिला की मौत का आरोप, सीएमओ ने पुलिस को दी अवैध होने की जानकारी**

### शव रखकर बैठे रहे परिजन

**कमला** हॉस्पिटल के सामने रविवार पूरी रात परिजन शव लेकर बैठे रहे। सोमवार सुबह पहुंचे एसडीएम ने हॉस्पिटल सील कराने के बाद आर्थिक सहायता व आरोपियों पर कार्रवाई कराने का भरोसा देकर धरना खत्म कराया। दोपहर बाद राप्ती तट पर आरती देवी का दाह संस्कार हुआ।

### सत्यम हॉस्पिटल मामला : एएनएम का कोर्ट में बयान दर्ज, बनेगी गवाह

गुलरिहा। भटहट के सत्यम हॉस्पिटल के मामले में नया मोड़ आ गया। जिस एएनएम के नाम का इस्तेमाल किया गया था, उसने फर्जी हस्ताक्षर का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। सोमवार को पुलिस ने एएनएम का कोर्ट में बयान दर्ज कराया है। खबर है कि उसे पुलिस गवाह बनाने की तैयारी में है। उधर, जिस डॉ. सुनील सरोज के नाम पर हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन हुआ था, उसकी तलाश में एक बार फिर टीम दिल्ली गई है।

खोराबार के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झरवां में तैनात एएनएम प्रिया अग्रहरि ने फर्जी हस्ताक्षर के इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। उसने बताया कि एक अप्रैल 2019 से वह खोराबार ब्लॉक में संविदा पर तैनात है। बिना उनकी जानकारी के डिग्री और हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर सत्यम हॉस्पिटल ने पंजीकरण में इस्तेमाल किया।

एएनएम ने आशंका जाहिर किया कि पद पर तैनाती के समय अपनी डिग्री की फोटो कॉपी उसने सीएमओ कार्यालय में दी थी। हो सकता है कि वहीं से इसका दुरुपयोग किया गया हो। प्रभारी निरीक्षक मनोज पांडेय ने बताया कि सीएमओ कार्यालय में जमा किए गए शपथ पत्र व अन्य दस्तावेजों को प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच के आधार पर कार्रवाई होगी। ब्यूरो

# युवक की मौत के मामले में हत्या का केस दर्ज

कुई बाजार (गोरखपुर)। इलाके के तुर्कवलिया गांव में रविवार सुबह पेड़ से लटके मिले जितेंद्र यादव (21) के शव के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। मां नीता की तहरीर पर पुलिस ने मौसा गिरजेश, उनके बेटे सन्नी, राहुल व अज्ञात को आरोपी बनाया है। जितेंद्र के पैर जमीन पर टिके होने से परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी।

सिकरीगंज के मुसरद गांव निवासी जितेंद्र शनिवार को घर से एक दोस्त के जन्मदिन समारोह में जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन रात में घर नहीं लौटा। रविवार को बगल के गांव तुर्कवलिया में बांस का पेड़ से लटकता उसका शव मिला।

गांव में ही उसके मौसा गिरिजेश का घर है। परिजनों का आरोप है कि मौसा ने ही अपने रिश्तेदारों संग मिलकर हत्या की है। एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। ब्यूरो

# जमीन दिलाने के नाम पर 1.92 करोड़ की जालसाजी, गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

## आरोपी शैलेंद्र पर दर्ज किए पांच अलग-अलग केस

## कई और लोगों से जालसाजी करने की बात सामने आई

गोरखपुर। जमीन दिलाने के नाम पर लोगों से 1.92 करोड़ रुपये की जालसाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी शैलेंद्र पासवान को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ अलग-अलग पांच मुकदमे दर्ज किए हैं। एक मुकदमा पहले से ही दर्ज है।

आरोप है कि ये रुपये लेकर जमीन दिलाने का झांसा देता है और फिर न जमीन देता है और न ही रुपये वापस करता। पुलिस अब उसके साथियों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने पुलिस ऑफिस में प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए आरोपी के बारे में जानकारी दी। एसपी सिटी ने बताया कि देवरिया के रुद्रपुर के जमुनही निवासी सत्येंद्र नाथ पांडेय का आरोप है कि जमीन के नाम पर सात लाख 20 हजार रुपये वसूले गए। लेकिन जमीन नहीं मिली।

इसी तरह रामनगर कड़जहां के गुड्डू से आरोपी ने 80 लाख रुपये वसूला और जमीन नहीं दिया। बहरामपुर के विवेकानंद से 10 लाख रुपये लिए गए। अन्य लोगों से भी लाखों रुपये शैलेंद्र ने वसूला, लेकिन किसी को भी जमीन नहीं मिली।

रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने अलग-अलग केस कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी ने बताया कि अब गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 28-02-2023

राष्ट्रीय सहारा 28/03/23

# रेलवे परिसर में दुष्कर्म की घटना को लेकर सपाइयों ने किया विरोध प्रदर्शन

**भाटपाररानी (एसएनबी)।** सोमवार को नगर के रेलवे स्टेशन परिसर में 20/21 की रात स्थानीय स्टेशन परिसर के एक होटल में दंरिदों द्वारा दिल्ली की युवती के साथ किये गये दुष्कर्म के दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही को लेकर समाजवादी पार्टी नेता ओ.पी.यादव व श्यामदेव यादव के नेतृत्व में विरोध ,प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी 6 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने नगर के रतसिया मोड़ से पैदल मार्च करते हुए दिल्ली की बेटी को न्याय मिले आदि के नारों के साथ पुलिस पर लापरवाही व दोषियों को बचाने का आवाज बुलंद करते हुए तहसील परिसर पहुंच उपजिलाधिकारी को 6 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग किया। उपजिलाधिकारी को सौपे मांग पत्र मैं घटना में संलिप्त अन्य दुष्कर्मियों की गिफ्तारी, पीड़ित युवती को सम्मान सहित मुआवजा, आरोपियों पर गैंगेस्टर के तहत कार्यवाही, स्टेशन परिसर में 24 घंटे जीआरपी व आरपीएफ पुलिस की व्यवस्था , रेलवे परिसर के समीप स्थानीय पुलिस का पिकेट प्वाइंट सहित रात्रिकालीन ट्रेनों के पुनः ठहराव की व्यवस्था किये जाने की मांग शामिल है। विरोध प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से सपा नेता ओ.पी.यादव, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष सत्यदेव यादव, श्यामदेव यादव, अभय यादव, सुरेन्द्र यादव, प्रमोद यादव, नत्थु कुशवाहा, संदीप चौहान, डॉ. सुल्तान आदि प्रमुख रूप से शामिल रहें।



एसडीएम संजीव उपाध्याय को मांग पत्र सौपतें सपा के नेतागण।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्वच्छता व खेल पर हो विशेष ध्यान : जज

**देवरिया(एसएनबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा सिविल जज (जे० डी० ) द्वारा राजकीय बाल गृह एंव पाथ वात्सल्य खुला आश्रय गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश इन्द्रिरा सिहं द्वारा निर्देशित किया गया कि परिसर को निरंतर स्वच्छ रखा जाये तथा बच्चों के खेलने की समुचित व्यवस्था की जायें जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। इसके साथ ही बच्चों के दिनचर्या में व्यायाम को भी रखा जाये जिससे बच्चे शारीरिक रूप से मजबूत रहें। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोक कुमार दूबें द्वारा भोजन हेतु खाद्य सूची का निरीक्षण किया गया तथा भोजन में पौष्टिक अहार के साथ-साथ मीनू के अनुसार ही भोजन दिये जाने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि बच्चों के सुरक्षा व देख-भाल में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इसके लिये न्यायाधीश नें सम्बन्धित को विशेष दिशा निर्देश दिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी द्वारा बच्चों के अध्ययन का निरीक्षण किया गया और उनके पठन-पाठन के कार्य को और सुढ़ करने का निर्देश दिया गया। सिविल जज (जे0डी0) श्रीकान्त गौरव द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य के लिए जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया।



आश्रय स्थल का निरीक्षण करते न्यायधीशगण।

निरीक्षण के दौरान पाथ वात्सल्य खुला आश्रय गृह में 13 बच्चें एवं राजकीय बाल गृह में 24 बच्चों की उपस्थिति रहीं। इस निरीक्षण में मुख्य रूप से अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश इन्द्रिरा सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोक कुमार दूबें, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी, सिविल जज (जे0 डी0 ) श्रीकान्त गौरव, जिला परिवीक्षा अधिकारी अनिल कुमार सोनकर, बाल संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश तिवारी, राजकीय बाल गृह देवरिया के अधीक्षक यशोदानंद तिवारी, पाथ वात्सल्य एवं खुला आश्रय गृह के प्रतिनिधि व अन्य सम्बन्धित कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

रा० सहारा दि०-28/02/23

# 10 अज्ञात के खिलाफ मारपीट व बलबा का मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। स्थानीय उपनगर के पश्चिमी तिवारी टोला निवासी सुरेश पुत्र बैजनाथ प्रसाद के तहरीर पर न्यायालय के आदेश के पर जमीन हक व विवाद को पुलिस ने परशुराम पुत्र बैजू, अनूप, शैलेष, बृजेश पुत्र गण परशुराम, नवीन, आशीष व 10 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ 156/3 के तहत धारा 147, 148, 149, 323, 452, 354, 395, 504, 506, 427 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# मारपीट का मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। स्थानीय उपनगर के चौहट्टा वार्ड निवासी बालकिशुन पुत्र बसंत ने रुद्रपुर पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि मेरा लड़का सेमरौना पुल के नीचे शौच के लिये गया था, कि इस बीच राहुल पटेल पुत्र मारकण्डेय, रामेश्वर, रुदल अज्ञात लोगों मेरे लड़के से पैसा मांगने लगे, मना करने पर लात घूसा से मारेपीटे तथा जान माल की धमकी दिये। पुलिस ने उपरोक्त के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के ग्राम अक्टहिया ऊर्फ मटियरी निवासी महेश यादव पुत्र स्व. भागी यादव ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये तहरीर में कहा कि खाना खाने की बात को लेकर प्रार्थी के पट्टीदार छोटे यादव, रमेश यादव, उमेश पुत्र गण छोटेलाल मेरे घर के समीप आकर गाली गुत्ता देते हुए मेरे भतीजा दीपक व मेरे बड़े भाई राजेन्द्र को लाठी डण्डा से मारपीटर कर घायल कर दिया तथा जानमाल की धमकी दिया। पुलिस न उपरोक्त के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से छात्रा घायल

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जोकहा खास निवासी निशा पुत्री धर्मेन्द्र प्रजापति (उम्र 13 वर्ष) सायकिल से पढ़ने झिरूआ चौराहे के समीप स्कूल जा रही थी। विपरित दिशा से आ रही ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गयी और वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। निशान कक्षा 5 की छात्रा बतायी जा रही है।

रा० सहारा दि०-28/02/23

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को किया सीज



अस्पताल में ताला बंद करती टीम।

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। शासन के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत जिलाधिकारी देवरिया के आदेश पर कि अवैध रूप से संचालित हास्पिटल, अल्ट्रासाउण्ड, पैथालाजी, नर्सिंग होम मेडिकल स्टार्स का निरीक्षण स्वास्थ्य विभाग की टीम स्थानीय अधिकारियों के साथ करें। सोमवार को नायब तहसीलदार कर्ण सिंह व सा. स्वा. केन्द्र के अधीक्षक डॉ. दिनेश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। जहां उपनगर के पश्चिमी बाईपास स्थित हास्पिटल पर टीम ने पहुंचकर छापेमारी किया। जहां चिकित्सक के न मिलने पर पुलिस ने वहां उपस्थित लोगों से पूछताछ किया तथा अस्पताल का रजिस्ट्रेशन दिखाने को कहा। रजिस्ट्रेशन रिनवल नहीं था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर नायब तहसीलदार के समक्ष सील मुहर कर ताला लगाकर सीज कर दिया। इसके बाद टीम ने वहीं पास के एक नर्सिंग होम पहुंची, जहां चिकित्सक ताला लगाकर फरार थे। वहीं नगर के कई स्थानों पर छापेमारी कर दबिश दिया गया। लेकिन सूचना पाकर अवैध रूप से संचालित अस्पताल बंद कर फरार हो गये।

रा० सहारा दि०-28/02/23

# सड़क हादसे में जीजा साले की दर्दनाक मौत

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रुद्रपुर नारायणपुर मार्ग के भगवानपुर गांव के समीप एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार जीजा साले की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये देवरिया भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार गोरखपुर जिले के पिपराइच थानाक्षेत्र के हैदरगढ़ गांव के रहने वाले संदीप निषाद पुत्र बाबूलाल अपने ससुराल गौरीबाजार थानाक्षेत्र के ग्राम सेखुई में अपनी पत्नी किरन को लेकर गये थे। वहां से वह अपने साले गोविन्द साहनी पुत्र रामबृक्ष के साथ बाइक से गोरखपुर जिले के हाटा में भतीजे के पास गये थे। जहां देर शाम वह बाइक से लौट रहे थे, कि भगवानपुर गांव के समीप ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गये। बताया जाता है कि ट्रैक्टर ट्राली का चालक तेल समाप्त होने के बाद गाड़ी को रास्ते में ही खड़ी कर तेल लाने के लिये चला गया था। बाइक से तेज गति से आ रहे दोनों को अंधेरे में ट्राली नहीं दिखाई दिया और बाइक लेकर भिड़ गये। दोनों को गंभीर अवस्था में रुद्रपुर सा. स्वा. केन्द्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बाइक सवार के पास मिले मोबाईल के जरिये शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दिया।

# कच्ची शराब के साथ एक धराया

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। होली त्योहार के मद्देनजर अवैध रूप से बिक रहे कच्ची शराब के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत रुद्रपुर पुलिस ने जगेश्वर माली पुत्र तुलसी ग्राम भड़गांव थाना सेनहा जिला लोहरधड़ा झारखण्ड को गिरफ्तार कर अवैध कच्ची शराब के साथ आबकारी एक्ट के तहत जेल भेज दिया।

हिन्दुस्तान दि०-28/02/23

# अब निजी बसों का सहारा ले रहे मिलावटी खोया के कारोबारी

**मिलावट से जंग**

- कानपुर से जिले में पहुंचाई जा रही है खोया की खेप
- होली में बढ़ जाती है जिले में खोया की मांग

देवरिया, निज संवाददाता। होली के समीप आते ही जिले में खोआ की डिमांड बढ़ जाती है। मांग बढ़ने पर कुछ कारोबारियों के द्वारा कानपुर से खोआ की खेप मंगाई जाती है। पहले रोडवेज की बसों से खोआ मंगाने वाले कारोबारियों ने अब अपना ट्रेंड बदल दिया है। हालात यह है कि इसके लिए कुछ जगह प्राइवेट बसों तो कुछ जगह कानपुर की तरफ से आने वाले ट्रकों का सहारा लिया जा रहा है। खोआ की मांग लग्न, होली और दीपावली में बढ़ जाती है। सबसे अधिक डिमांड होली में बढ़ जाती है। गर्मी में दूध की आपूर्ति पहले से काफी कम हो जाती है। होली में डिमांड बढ़ने कारोबारियों की चांदी हो जाती है। कुछ कारोबारी खोआ को कानपुर से मंगा कर डिमांड को पूरी करने की कोशिश करते हैं। कानपुर से आने वाला खोआ मानक के अनुसार नहीं होता है। मिलावटी होने के चलते यह सस्ता होता है जिससे कारोबारियों की चांदी हो जाती है। कुछ वर्ष पूर्व तक जिले में खोआ को रोडवेज की बसों से टोकरियों में मंगाया जाता था। त्यौहारों के समीप आते ही खाद्य विभाग की टीम बस स्टेशन पर छापेमारी कर खोआ को बरामद कर नष्ट कर देते थे। इसके बाद कारोबारियों ने छोटे चौराहे पर खोआ की टोकरियों गिराने लगे। इसकी जानकारी होने पर खाद्य विभाग की टीम चिन्हित स्थानों पर छापेमारी करने लगी। जिसके बाद कारोबारियों ने अपना ट्रेंड बदल दिया। अब खोआ के कारोबारी कानपुर से खोआ मंगाने के लिए दिल्ली से आने वाली प्राइवेट बसों और कानपुर व दिल्ली से ट्रांसपोर्ट का माल लाने वाले ट्रक चालक भी खोआ की खेप जिले में पहुंचा रहे है।

**बिहार व कुशीनगर के रास्ते भी पहुंच रहा जिले में खोया**

बिहार से भी मिलावटी खोआ जिले में पहुंच रहा है। इसके लिए जिले के आधा दर्जन थाना क्षेत्रों की खुली सीमा का लाभ कुछ दुकानदार उठा रहे हैं। बिहार भी कानपुर से ओखा मंगाया जाता है। जहां खोआ कम पकड़ा जा रहा है। बिहार से दिल्ली काफी बसें जाती है। जो हाइवे से होकर आती जाती है। इस लिए कुशीनगर हाइवे के दुकानों पर ओखा को उतार दिया जाता है। वहां से कारोबारी खोआ को उठा लेते हैं।

**आलू, मूंगफली मिला बढ़ाया जा रहा है वजन**

खोआ का वजन बढ़ाने के लिए सस्ता में मिलने वाले आलू और मूंगफली को उबाल कर पीस कर मिला दिया जाता है। चिकनाहट के लिए कैमिकल का उपयोग किया जाता है। जिसमें आलू और मूंगफली तो स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचा है, लेकिन कैमिकल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है।

**ऐसे हो रहा है खोआ का अवैध कारोबार**

जिले में ओखा मंगाने वाले कारोबारियों के बारे में सूत्रों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में खाद्य विभाग की टीम ने काफी नुकसान किया है। अब कुछ कारोबारी बस और ट्रक चालक से अपनी सेटिंग कर धंधे को अंजाम दे रहे हैं। अब टोकरी की जगह बंद डिब्बे में इसका कारोबार होता है।

"जिन कारोबारियों के नमूने जांच में फेल होते हैं उनके खिलाफ एडीएम कोर्ट में वाद दाखिल किया जाता है। सुनवाई के दौरान एडीएम के द्वारा उन पर अर्थदण्ड लगाया जाता है। इस साल अब तक 61 मुकदमों में 21.12 लाख का अर्थदण्ड लगाया जा चुका है। सबसे अधिक दूध और उससे बने पदार्थों में मिलावट की जाती है। इसी देखते हुए इनका ही अधिकाधिक संख्या में नमूना संग्रहित किया जाता है। कानपुर से विगत कुछ वर्षों से आने वाले खोआ में काफी कमी आई है। जहां भी भनक मिलेगी छापेमारी कर उसे नष्ट कराया जाएगा। शैलेंद्र गुप्ता, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी।

---

हिन्दुस्तान दि०-28/02/23

# दो पक्षों के 16 लोगों पर लूट बलवा व मारपीट का मुकदमा

भलुअनी, हिन्दुस्तान संवाद। खेत में ट्राली का पहिया उतारने को लेकर दो पक्षों में पिछले दिनों मारपीट हुई थी। इस मामले में भलुअनी पुलिस ने दोनों पक्ष के 16 लोगों पर केस दर्ज किया है। जिसमें एक पक्ष के चार नामजद सहित दस लोगों के विरुद्ध लूट, बलवा व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है तथा दूसरे पक्ष के छह नामजदों के विरुद्ध बलवा, मारपीट, तोड़फोड़ व अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज किया गया है।

भलुअनी थाना क्षेत्र के एकडंगा गांव के रहने वाले राजेश चौहान पुत्र स्व. पारसनाथ ने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया था कि ड्राइवर धनंजय 24 फरवरी को वह ट्राली में मिट्टी भर कर जा रहा था, इसीं बीच सड़क के बगल में स्थित सत्यनारायण पुत्र कांता के खेत में ट्राली का पहिया का चला गया। इसी बात को लेकर वह ड्राइवर को गाली देने लगा। विरोध करने पर कुछ लोगों ने गोलबंद होकर उस पर हमला बोल दिया। बीच-बचाव करने आए ड्राइवर के पुत्र को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर भलुअनी पुलिस ने राजू पटेल, जितेन्द्र पटेल व विनोद पटेल पुत्र सत्यानारायण, सचिन पटेल पुत्र मुन्ना पटेल, सत्यनारायण पुत्र कांता निवासीगण भगवानपुर व विशाल पटेल पुत्र राजाराम पटेल निवासी कुईया थाना भलुअनी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे पक्ष के रमापति पटेल पुत्र सत्यनारायण पटेल निवासी लंगड़ा टोला भगवानपुर ने आरोप लगाया है कि 24 फरवरी की शाम को पिता खेत की तरफ गए थे, इसी बीच देखा कि धनंजय चौहान पुत्र लल्लन चौहान फसल के बीच से ट्रैक्टर-ट्राली लेकर जा रहा था। मना करने पर विवाद करने लगा। कुइया बगीचे के पास धनंजय चौहान अपने करीब दस दोस्तों के साथ रास्ते में घेर कर मारने पीटने लगा तथा पास में रखा 17500 रुपया लूट लिया। पीड़ित की तहरीर पर भलुअनी पुलिस ने धनंजय चौहान पुत्र लल्लन चौहान निवासी कुइंया टोला, सुदृढ़ चौहान, मेडाल चौहान पुत्र राजेश चौहान निवासी एकडंगा तथा अमन चौहान के खिलाफ केस दर्ज किया।

हिन्दुस्तान दि०-28/02/23

# सरिया चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

महुआडीह। सरिया व लोहे की रिंग चोरी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पिछले दिनों एक नवनिर्मित मकान से तीनों ने लोहे की सरिया व रिंग चोरी की थी।

थाना क्षेत्र के चिउरहा खास के बड़ा टोला निवासी कोयल ठाकुर उर्फ करन पुत्र श्रीनिवास ठाकुर ने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया था कि अपने खेत मे मकान बनवाने हेतु 40 पिलर चलवाये थे। 20 फरवरी की रात में किसी ने 28 सरिया व 18 रिंग काट कर चुरा लिया गया। सोमवार को मुखबीर की सूचना पर महुआडीह पुलिस ने बालकुआं गांव के भुतहिया बारी से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी की सरिया और लोहे की रिंग भी बरामद किया। उनकी पहचान बालकुँवा गाँव निवासी नकुल चौधरी पुत्र सुक्खू चौधरी, राहुल कुमार पुत्र रामानंद प्रसाद, विक्की उर्फ शैलेंद्र राव पुत्र स्व हरिशचंद्र राव के रुप में हुई। गिरफ्तार करने वाली टीम में महुआडीह थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, दरोगा दिनेश कुमार, राघवेन्द्र सिंह, सिपाही संजीव कुमार, सूबेदार विश्वकर्मा, दुर्गेश राजभर, गौरव वर्मा आदि रहे।

हिन्दुस्तान दि०-28/02/023

# बालू लदी ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी

महुआडीह। क्षेत्र में स्थित हेतिमपुर चौकी की पुलिस ने सोमवार को कोटवा बावन मोर्चा सड़क से बालू से लदी एक ट्रैक्टर ट्राली को चेकिंग के दौरान पकड़ लिया। इस दौरान कागजात न होने पर पुलिस ट्रैक्टर-ट्राली को थाने लेकर चली गई। थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि बालू लदी हुई ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी गई है। जो कोटवां बावन मोर्चा निवासी गुड्डू शर्मा नामक व्यक्ति की बताई जा रही है।

# प्राइवेट अस्पताल को किया सीज

रुद्रपुर। प्रशासन ने छापेमारी कर एक प्राइवेट अस्पताल को सीज कर दिया। जिसकी खबर मिलते ही प्राइवेट अस्पतालों में हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में कई अस्पतालों में ताला बन्द करके संचालक और वहां मौजूद कर्मचारी फरार हो गए।

डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर सोमवार को नायब तहसीलदार कर्ण सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ.दिनेश यादव व प्रभारी स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी विकास कुमार पुलिस बल के साथ रुद्रपुर नगर में चल रहे प्राइवेट अस्पतालों की जांच करने पहुंचे। टीम सबसे पहले पश्चिमी बाइपास स्थित एक हॉस्पिटल पर पहुंची। जहां चिकित्सक नहीं मिले साथ ही मौजूद लोग रजिस्ट्रेशन नहीं दिखा पाए।

हिन्दुस्तान दि० 28/02/23

# आठ सौ ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

बरियारपुर। क्षेत्र के बैकुंठपुर के पास से पुलिस ने सोमवार को एक युवक को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। बरियारपुर थाना क्षेत्र की पुलिस बैकुंठपुर क्षेत्र में भ्रमणशील थी। इसी बीच मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने एक युवक की तलाशी ली। जिसके पास से आठ सौ ग्राम गांजा मिला। पूछताछ में उसकी पहचान क्षेत्र के रमन छपरा गांव के बिन्जू सिंह पुत्र मार्कंडेय सिंह के रुप में हुई।

हिन्दुस्तान दि० 28/02/2023

# प्रशासन ने हटवाया अतिक्रमण

**औद्योगिक क्षेत्र**



औद्योगिक आस्थान पुरवां के दक्षिणी गेट से सोमवार को अतिक्रमण हटाता बुलडोजर।

देवरिया, निज संवाददाता। राजकीय औद्योगिक आस्थान पुरवां से सोमवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। क्षेत्र के उत्तरी व दक्षिणी दोनों गेटों पर सड़क पर हुए अतिक्रमण को हाईकोर्ट के आदेश पर हटाया गया।

एसडीएम सदर सौरभ सिंह पुलिस फोर्स के साथ बुलडोजर लेकर पुरवां औद्योगिक आस्थान में पहुंचे। उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश पर 60 फीट चौड़ी सड़क पर भूखण्ड संख्या एस-1, डी-1 और अंचल भारतीय प्रिंटिंग प्रेस द्वारा किये गये अतिक्रमण को जेसीबी बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। किसी प्रकार के विरोध की आशंका को देखते हुए पुलिस बल चौकसी करता रहा। इस मामले में जिला प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को पहले ही अतिक्रमण हटाने को कहा था। इसे अतिक्रमणकारियों ने अनसुना कर दिया। इस पर मजबूरन जिला प्रशासन की टीम ने औद्योगिक आस्थान के दक्षिणी गेट के पास 60 फीट सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया। साथ ही उत्तरी गेट के पास भूखण्ड संख्या ए-1 के पास 30 फीट की सड़क पर कब्जा कर लगाए गए गेट और बाउंड्री को तोड़ दिया गया। एसडीएम ने बताया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कहीं भी सार्वजिनक संपत्ति पर अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान एडीएम (वित्त/राजस्व) नागेन्द्र कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर सौरभ सिंह, प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह, उपायुक्त उद्योग आदि मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान दि० 28/02/23

# एमआरएफ सेंटर के विवाद में काट दी सड़क, केस दर्ज

भटनी, हिन्दुस्तान संवाद। नगर पंचायत की ओर से बभनौली गांव में बन रहे एमआरएफ केन्द्र का विवाद गहराता जाता है। सोमवार को कुछ ग्रामीणों ने एमआरएफ सेंटर को जाने वाली सड़क को ही काट दिया।जिसकी शिकायत पर पुलिस पूर्व प्रधान सहित दो को थाने ले आयी। नाराज महिलाओं ने जिलापंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह तथा देवघाट ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अभिषेक मिश्र के नेतृत्व में थाने पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों का आरोप है कि केन्द्र के निर्माण से गांव में गंदगी तथा बीमारियां फैलेंगी। मामले में पुलिस ने पूर्व प्रधान सहित दो का चालान कर दिया। आरोप है कि रविवार को एसडीएम सलेमपुर की मौजूदगी में शुरु कराए गए निर्माण कार्य को रोकने के लिए ग्रामीणों ने निर्माण स्थल तक पहुंचने वाले रास्ते को काट दिया। सूचना नगर पंचायत ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूर्व प्रधान राजकुमार राजभर सहित दो को थाने ले आयी। इससे नाराज गांव की महिलाएं एकत्रित होकर थाने पर पहुंच गयीं तथा पूर्व प्रधान की गिरफ्तारी का विरोध करने लगीं। करीब एक घन्टे के बाद पुलिस थानेदार की बातों से सहमत होकर महिलाएं वापस लौट गयीं। लोगों ने इसकी शिकायत स्थानीय विधायक सुरेन्द्र चौरसिया से भी की है। पुलिस ने पूर्व प्रधान सहित दोनों का शान्ति भंग में चालान कर दिया।

> शिलापट्ट तोड़ दिया गया है। सड़क को भी क्षतिग्रस्त किया गया है। रविवार को खोदे गए गड्ढे को भी विरोध के नाम पर भर दिया गया। प्रशासन पूरे मामले को लेकर गंभीर है। कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **भागीरथी सिंह**, नायब तहसीलदार, सलेमपुर

> पूर्व प्रधान सहित दो का चालान शान्ति भंग में किया गया है। महिलाओं को भी समझाकर शान्त कराया गया है। ग्रामीणों को भ्रमित कर सरकारी काम में बाधा डालने का प्रयास किया जा रहा है।
>
> **श्यामानंद राय**, निरीक्षक, भटनी

हिन्दुस्तान दि० 28/02/23

दैनिक जागरण दि- 28/03/23

# बिना पंजीकरण चल रहा अस्पताल सील

**जासं, रुद्रपुर:** डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर बिना पंजीकरण के चलाए जा रहे अस्पतालों की जांच के क्रम में उपनगर के पश्चिमी बाइपास पर बिना पंजीकरण के चल रहे एक अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील कर दिया। इस दौरान नायब तहसीलदार की मौजूदगी में पहले से मौजूद तीन रोगियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

सोमवार को चिकित्सा अधीक्षक डा. दिनेश यादव के नेतृत्व में निकली टीम ने पहले से टल रहे अस्पतालों की जांच शुरू की। पश्चिमी बाइपास पर आशुतोष हास्पिटल चल रहा था। जहां मौजूद कर्मचारी पंजीकरण नहीं दिखा सके। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रोगियों को बाहर निकालकर उसे सील कर दिया।

चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि उपनगर में एक दर्जन से अधिक अस्पतालों को पंजीकरण कराने का नोटिस जारी किया गया है। किसी ने भी पंजीकरण नहीं कराया है। कहा कि आगे भी अभियान जारी रहेगा। इस दौरान नायब तहसीलदार करण सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डा. दिनेश यादव विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

---

जिलाधिकारी: डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह ने अशोक इंटर कालेज पहुंचे। परीक्षार्थियों का आना शुरू हो गया

दैनिक जागरण दि- 28/03/23

# सतर्क रहते अफसर तो बच जाती सिपाही की जान

- बैतालपुर रेलवे स्टेशन पर लंबे समय से चल रहा तेल चोरी का खेल
- आरपीएफ ने दो अज्ञात चोरों के विरुद्ध दर्ज किया मुकदमा

**जासं, देवरिया:** बैतालपुर रेलवे स्टेशन पर रेल वैगन से तेल चोरी का खेल कोई नया नहीं है। यहां लंबे समय से चोरों का गिरोह सक्रिय है, जो तेल चुराकर कालाबाजारी करता है। आरपीएफ व रेलवे के आला अधिकारियों के संज्ञान में मामला होने के बाद भी इसकी अनदेखी की गई, जिसकी कीमत आरपीएफ सिपाही को जान देकर चुकानी पड़ी। इस घटना के बाद अधिकारियों के रवैये पर सवाल उठ रहे हैं। आरपीएफ के निरीक्षक ने दो अज्ञात चोरों के विरुद्ध रेल संपत्ति विधि विरुद्ध कब्जा अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

वर्तमान में बीपीसीएल व एचपीसीएल के बैतालपुर डिपो में रेलवे के जरिये आपूर्ति हो रही है। रविवार की भोर में बैतालपुर रेलवे स्टेशन पर कानपुर से बीपीसीएल की रैक पहुंची, जिसके वैगन में दो अज्ञात चोर पाइप के जरिये तेल चुरा रहे थे।

चोरी रोकने के लिए मौके पर पहुंचे 38 वर्षीय आरपीएफ सिपाही सुधीर कुमार सिंह ओएचई (ओवर हेड इक्वेपमेंट) लाइन की चपेट में आने से जिंदा जल गए। मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। इस हादसे ने कई सवाल खड़े किए हैं। रेलवे से जुड़े लोगों का कहना है कि बैतालपुर रेलवे स्टेशन पर तेल चोरी का धंधा लंबे समय से हो रहा है। इसकी जड़ें बहुत गहरी हैं। तेल लेकर रैक यहां पहुंचती है तो रेलवे की तरफ से मेमो मिलने के बाद ही उसे डिपो में भेजा जाता है। इस बीच मौका तेल चोरी का खेल चलता है। चोरों के गिरोह की अनदेखी अधिकारी कर रहे थे। आरपीएफ सिपाही सुधीर कुमार सिंह जब चोरी रोकने के लिए पहुंचे तो चोर भाग निकले। वैगन से पाइप निकालते समय वह ओएचई लाइन की चपेट में आ गए। जिससे उनकी जान चली गई।

आरपीएफ पोस्ट के निरीक्षक मनभरन ने बताया कि अज्ञात दो चोरों के विरुद्ध रेल संपत्ति विधि विरुद्ध कब्जा अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उनकी पहचान की जा रही है। आरपीएफ की टीम जल्द ही दोनों आरोपितों को गिरफ्तार करेगी।

दैनिक जागरण दि०-28/02/23

# न्यायाधीशों ने राजकीय बाल गृह व आश्रय गृह का जाना हाल

**जासं, देवरिया**: न्यायाधीशों ने सोमवार को राजकीय बाल गृह व पाथ वात्सल्य खुला आश्रय गृह का हाल जाना। उन्होंने बच्चों की देखभाल, साफ-सफाई व अन्य इंतजाम के बारे में जानकारी की। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश इंदिरा सिंह ने परिसर को स्वच्छ रखने व बच्चों के खेलने की समुचित व्यवस्था कराए जाने पर जोर दिया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार दूबे ने भोजन के लिए टांगी गई सूची का अवलोकन किया। उन्होंने पौष्टिक आहार के साथ मीन्यू के अनुसार ही भोजन दिए जाने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी ने पढ़ाई लिखाई के बारे में जानकारी की। उन्होंने पठन-पाठन को बेहतर करने पर जोर दिया।

# चोरी की सरिया के साथ तीन गिरफ्तार

**देसही देवरिया :** पुलिस को सोमवार की सुबह बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने सरिया काट कर चुराने वाले तीन चोरों को दबोच लिया। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया। महुआडीह थाना के चिउरहा खास के रहने वाले कोयल ठाकुर के खेत में हो रहे भवन निर्माण के पिलर से सरिया काट कर चोर चुरा लग गए। आरोपितों में बालकुंआ निवासी नकुल चौधरी, राहुल व विक्की को गिरफ्तार कर लिया। (जासं)

# गांजा के साथ गिरफ्तार

**करौंदी बाजार :** बैकुंठपुर से पुलिस ने एक युवक को गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया। बरियारपुर थाने के उप निरीक्षक सुदर्शन सिंह बैकुंठपुर बाजार से एक युवक को गिरफ्तार किया। उसके पास से 800 ग्राम गांजा बरामद किया गया। उसने अपना नाम बिंजू सिंह निवासी रमन छापर थाना बरियारपुर बताया। (जासं)

दैनिक जागरण 28/02/023

# महिला से छेड़खानी, तीन के विरुद्ध मुकदमा

**लार**: सूदखोर ने बकाया रुपये के लिए पहले विधवा महिला पर दबाव बनाया और फिर अश्लील हरकत की। साथ ही बच्चे का अपहरण कराने की धमकी दी है। इस मामले में पुलिस ने एक नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। लार थाना के एक गांव की रहने वाली महिला का कहना है कि मेरे पति ने एक व्यक्ति से रुपया लिया था, पति के मृत्यु के बाद कर्ज वापसी के लिए सूदखोर ने दबाव बनाया तो हमने पैसा वापस कर दिया। 24 फरवरी को दिन में दो बजे सुतावर गांव के सामने उसने हमें पकड़ लिया और अश्लील हरकत की। साथ ही बेटे को धमकी दी। थानाध्यक्ष नवीन चौधरी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

28/02/23

दैनिक जागरण दि० 28/02/023

# तीन के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

**जासं, रुद्रपुर :** क्षेत्र के ग्राम अकटहियां उर्फ मटियरी में भोजन करने की बात को लेकर हुई मारपीट में तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। अकटहिया के रहने वाले महेश यादव की तहरीर पर पुलिस छोटेलाल, रमेश यादव व उमेश यादव के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

---

दैनिक जागरण दि० 28/02/23

# जाम से परेशान रहे लोग, रेंगते रहे वाहन

## कोतवाली रोड व जलकल रोड में दुकानदारों ने हटवाया जाम, लोगों को हुई

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** शहर में सोमवार को पूरे दिन लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ा। शहर में बड़ी संख्या में दोपहिया व चारपहिया वाहनों के प्रवेश करने के कारण सुबह नौ बजे जाम लगने का सिलसिला शुरू हुआ तो शाम तक बरकरार रहा। वाहनों की भीड़ के सामने ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त हो गई। कोतवाली तिराहा, जलकल रोड में दुकानदारों ने प्रयास कर जाम हटवाया। यहां पुलिस व होमगार्ड के जवान नहीं दिखे।



रोडवेज के समीप लगा जाम ● जागरण

नगर के प्रमुख मार्गों पर जाम का नजारा देखने को मिला। सर्वाधिक जाम ओवरब्रिज से लगायत कोआपरेटिव चौराहा, डीएम आवास, सिविल लाइंस, कचहरी चौराहा, बस स्टैंड, भटवलिया चौराहा से रुद्रपुर तिराहे तक रहा। सुबह लगभग दस बजे से जाम के चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जाम फंसे वाहन रेंगते रहे। जाम के चलते गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों का एंबुलेंस व स्कूली वाहन में फंसे बच्चों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

इसके अलावा कोतवाली रोड, मोतीलाल रोड, जलकल रोड, मालवीय रोड तहसील रोड पर जाम से कदम कदम पर लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा।

शहर में जाम की यह स्थिति थी कि लोग समझ नहीं पा रहे थे कि आखिर किस मार्ग से निकलें। मेन रोड के संपर्क मार्ग भी जाम की चपेट में रहे। सीओ यातायात जिलाजीत चौधरी ने बताया कि सोमवार के चलते जाम की समस्या रही। पुलिस व होमगार्ड ड्यूटी पर तैनात रहे। जहां भी आवश्यकता पड़ी कोतवाली से पुलिस कर्मियों को भी भेजा गया।

### होमगार्डों के हवाले रही ट्रैफिक व्यवस्था

शहर की यातायात व्यवस्था होमगार्डो के हवाले रही। रुद्रपुर मोड, भटवलिया चौराहा, रामनाथ देवरिया तिराहा, बस स्टेशन, कचहरी चौराहा, डीएम आवास, सुभाष चौक पर जाम की समस्या से निजात के लिए होमगार्डों को तैनात किया गया था। बस स्टेशन के समीप व सुभाष चौक पर सिर्फ यातायात पुलिस तैनात दिखी। भीड़ लगने के बाद कई होमगार्ड ड्यूटी छोड़ दुकानों में बैठे दिखे।

अमर उजाला दि० 28/02/23

# प्रधान पद की पुनर्मतगणना में विनीत हुए दोबारा विजयी

## न्यायालय के आदेश पर ग्राम पंचायत खुदियां बुजुर्ग की हुई मतगणना

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। ब्लॉक परिसर में न्यायालय के निर्देश पर सोमवार को ग्राम पंचायत खुदियां बुजुर्ग के प्रधान पद की दोबारा मतगणना कराई गई। इसमें विनीत सिंह दोबारा विजयी घोषित किए गए। मतगणना को लेकर प्रशासन सतर्क रहा। वीडियोग्राफी भी कराई गई।

दोपहर करीब 12 बजे एसडीएम गजेंद्र सिंह और सीओ अंशुमन श्रीवास्तव के देखरेख में मतगणना शुरू कराई गई। मतगणना के लिए एक टेबल पर चार कर्मचारी लगाए गए थे। बूथ संख्या 141 और 142 पर कुल 1118 मतों में 1053 मत वैध पाए गए।

जबकि 65 अवैध रहे। करनी चुनाव चिह्न से विनीत सिंह के 410, सत्येंद्र सिंह 293, अजय 268 और रंजीत के 82 मत पाए गए। विनीत सिंह की दोबारा जीत होने पर प्रशासन ने उन्हें पुलिस के पहरे में गांव भेजा। एहतियात को लेकर गांव में पहले से ही पुलिस बल तैनात है।




बरहज ब्लॉक परिसर में न्यायालय के आदेश पर हुई मतगणना का परिणाम बताते अधिकारी और सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मी। संवाद

*न्यायालय के आदेश पर दोबारा मतगणना कराई गई है। गणना में विनीत सिंह को 410 मत मिले हैं। रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी।*
*–गजेंद्र सिंह एसडीएम, बरहज*

लोगों के अनुसार पूर्व में हुए पंचायत चुनाव में विनीत सिंह विजयी हुए थे। दूसरे नंबर पर रहे सत्येंद्र सिंह ओजी ने तहसील न्यायालय में याचिका दायर की थी। मामले में न्यायालय ने दोबारा मतगणना कराने के निर्देश दिए थे।

इस मौके पर तहसीलदार अश्वनी कुमार, बीडीओ चंद्रभूषण यादव, एडीओ पंचायत दिनेश पाठक, प्रभारी थानाध्यक्ष सदानंद यादव, एसआई शेषनाथ कन्नौजिया, संतोष याद, नंद कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला दि०-28/02/22

# पुलिस को दोस्त समझकर अपनी समस्याएं करें साझा

## रैनाथ ब्रह्मदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दी गई जानकारी



महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

सलेमपुर। आपका साहस ही आपकी सुरक्षा है। अगर कोई भी अराजकतत्व आपके रास्ते में बाधक है तो पुलिस आपके साथ हर कदम पर खड़ी है। किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहें।

पुलिस को दोस्त समझ कर अपनी हर छोटी-बड़ी समस्या को साझा करें। आज के परिवेश में अपने मन से डर निकालने की जरूरत है। अपनी समस्या अपने घरवालों एवं पुलिस को बताएं। आपको अपनी सुरक्षा का ज्ञान होना चाहिए।

ये बातें कोतवाल गोपाल पांडेय ने सोमवार को श्री रैनाथ ब्रह्मदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कहीं। उन्होंने छात्राओं को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए झिझक दूर करने का सुझाव दिया।

महिला रिपोर्टिंग चौकी की प्रभारी प्रियंका मिश्रा ने कहा कि सोशल मीडिया के इस्तेमाल के दौरान सतर्क रहें। फेक आईडी के जरिए छात्राओं व महिलाओं को निशाना बनाया जा रहा है। अगर आपके साथ ऐसा कुछ भी होता है तो तुरंत पुलिस को बताएं, ताकि इसका समाधान किया जा सके।

कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों ने पुलिस अधिकारियों से सवाल किया, जिसका जवाब कोतवाल व चौकी प्रभारी ने बखूबी दिया।

कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कॉलेज के प्रबंधक दीन दयाल मिश्र व प्रधानाचार्य डॉ. अजय कुमार मिश्र ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। संचालन डॉ. रमेश चंद्र मिश्र ने किया। इस दौरान डॉ. सीमा सिंह, रितेश प्रसाद तिवारी, सत्येंद्र मिश्र आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला दि० -28/12/23

# आरपीएफ के सिपाही की मौत में दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**बैतालपुर यार्ड में करंट से सुधीर की हुई थी मौत**

**देवरिया।** बैतालपुर रेलवे स्टेशन के पास तेल डिपो के यार्ड में तेल चोरों को पकड़ने गए सिपाही की मौत के मामले में आरपीएफ देवरिया ने दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अभी दोनों आरोपी आरपीएफ की पकड़ से दूर हैं। आरपीएफ के प्रभारी मनभरन ने बताया कि मामले में दो अज्ञात लोगों पर रेलवे एक्ट के तहत रेल संपत्ति विधि विरुद्ध कब्जा करने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

दोनों की तलाश की जा रही है। इसके लिए आरपीएफ की टीम को लगाया गया है। प्रयास है कि जल्द से जल्द आरोपियों की पहचान कर उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा। संवाद

# घर में घुसकर किशोरी से छेड़खानी आरोपी गिरफ्तार

देसही देवरिया। रामपुर कारखाना थानाक्षेत्र के एक गांव में किशोरी को घर में अकेले देख एक युवक घर में घुस गया। उससे छेड़खानी करने लगा।

विरोध करने पर वह धमकी देने लगा। किशोरी के शोर मचाने पर जुटे लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने सोमवार को आरोपी युवक पर केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित का बयान दर्ज कराया।

इस संबंध में सीओ सिटी श्रीयेश त्रिपाठी ने कहा कि किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। संवाद

अमर उजाला दि० 28/02/22

# दरवाजे पर चढ़कर मारपीट और तोड़फोड़, मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

भटनी। एकडंगा गांव में 10 दिन पूर्व मारपीट व तोड़फोड़ के मामले में सोमवार को पुलिस ने पांच लोगों पर केस दर्ज किया। यह कार्रवाई एसपी के आदेश पर की गई है।

एकडंगा गांव में अरशद अली और धीरज कुशवाहा के बीच जमीन विवाद है। 16 फरवरी को विवादित जमीन पर कब्जे को लेकर दोनों परिवारों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि बाद में एक पक्ष गोलबंद होकर पीड़ित के दरवाजे पर पहुंच गए और मारपीट के बाद तोड़फोड़ किया। थाने से करवाई नही होने पर पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई।

एसपी के पर पुलिस ने सोमवार को धीरज कुशवाहा, हेमंत कुशवाहा व तीन अज्ञात पर केस किया गया। एसओ श्यामानंद राय ने बताया कि जमीन विवाद में मारपीट हुई थी। केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# चोरी के सामान के साथ तीन गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

देसही देवरिया। महुआडीह पुलिस ने सोमवार को चोरी के सरिया व रिंग के साथ क्षेत्र के एक गांव से तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया।

रविवार की रात चोरों ने निर्माणाधीन मकान के पिलर से सरिया व रिंग चुरा लिए थे। महुआडीह थानाक्षेत्र के चिउरहां (खास) गांव के रहने वाले कोयल ठाकुर उर्फ करन अपने खेत में मकान बनवा रहे हैं। वहां से सरिया और वहां रिंग को चोर रात में काट ले गए थे।

सोमवार को एसओ ने फोर्स के साथ क्षेत्र के बालकुआं गांव में छापेमारी कर गांव के रहने वाले तीन चोरों नकुल चौधरी, राहुल कुमार, विक्की उर्फ शैलेन्द्र राव को गिरफ्तार कर लिया। निशानदेही पर पुलिस ने गांव के बाहर एक बगीचे से चोरी की गई सरिया और रिंग को बरामद कर लिया। तीनों चोरों को न्यायालय में पेश किया गया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। एसओ महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

अमर उजाला दि० 28/02/23

## आठ सौ ग्राम गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

बरियारपुर। थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर बाजार से आठ सौ ग्राम गांजा के साथ सोमवार को पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान बिंजू सिंह निवासी रम्मन छपरा बरियारपुर के रूप में हुई।

एसओ गोरखनाथ सरोज ने बताया कि गांजा के साथ युवक को गिरफ्तार किया गया है। केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

## 16 लोगों पर बलवा व लूट का केस

रुद्रपुर। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने सोमवार को छह नामजद और 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा, लूट और छेड़खानी का केस दर्ज किया है।

पश्चिमी तिवारी टोला के रहने वाले सुरेश ने न्यायालय में उनके मकान पर हमला कर मारने पीटने, लूट करने और महिलाओं के साथ अभद्रता करने का 16 लोगों पर आरोप लगाया। उन्होंने पुलिस के मामले में कोई कार्रवाई नहीं करने पर न्यायालय में गुहार लगाई।

न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पश्चिमी तिवारी टोला निवासी परशुराम, अनूप, शैलेष और गोला वार्ड के नवीन और आशीष मोदनवाल सहित 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा, लूट, मारपीट और छेड़खानी का अभियोग पंजीकृत की।

इस बाबत प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार वाजपेयी ने कहा कि मामले की जांच हो रही है। संवाद

अमर उजाला दि० 28/02/23

# बालू लदी ट्रैक्टर ट्रॉली को पुलिस ने पकड़ा

**संवाद न्यूज एजेंसी**



कोटवा गांव में पकड़ी अवैध बालू लदी ट्रैक्टर ट्रॉली। संवाद

**देसही देवरिया।** महुआडीह पुलिस ने कोटवा गांव स्थित छोटी गंडक नदी से अवैध बालू लादकर लेकर जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली को सोमवार को पकड़ लिया।

चालक पुलिस को देखते ही गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। गाड़ी मालिक कोटवा गांव के पिंटू शर्मा पर केस दर्ज कर गाड़ी को सीज कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, पिंटू शर्मा बहुत पहले से से इस कार्य में लगा हुआ था। इस संबंध में एसओ महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि अवैध बालू लदी ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़कर सीज कर दिया गया। गाड़ी मालिक पिंटू शर्मा पर केस दर्ज कर लिया गया है।

हुई अब इसमें मरीज लिए एंबुलेंस यह समस्या और गंभीर हो गई है।

अमर उजाला Ro- 28/02/23

# अवैध अस्पतालों पर प्रशासन की छापेमारी से मची खलबली

## अस्पताल बंद कर फरार हुए संचालक, एक को किया गया सील

**संवाद न्यूज एजेंसी**

रुद्रपुर। बिना रजिस्ट्रेशन नगर में चल रहे अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस और मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में सोमवार को कार्रवाई की। अस्पतालों पर छापेमारी शुरू होने से खलबली मच गई। इस दौरान नगर के अधिकांश अस्पताल संचालक अस्पताल में ताला लगाकर हट गए। टीम ने पश्चिमी बाईपास पर एक अस्पताल को सील कर दिया। वहां भर्ती मरीजों को सरकारी अस्पताल पहुंचा दिया गया।

सीएचसी के अधीक्षक डॉ. दिनेश यादव के नेतृत्व में स्वाथ्य विभाग की टीम पुलिस बल और नायब तहसीलदार करन कुमार सिंह के साथ पश्चिमी बाईपास स्थित आशुतोष हॉस्पिटल पहुंची। वहां अस्पताल संचालक मौजूद नहीं थे। अस्पताल में चार मरीजों को भर्ती कर इलाज चल रहा था।

छापेमारी टीम ने अस्पताल के कर्मचारियों से रजिस्ट्रेशन के कागजात मांगे तो पता चला कि कागजात का नवीनीकरण नहीं हुआ है। पुलिस ने तहसीलदार मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में अस्पताल को सील



अस्पताल को सील करवाते नायब तहसीलदार और सीएचसी अधीक्षक । संवाद

### पुलिस और तहसील प्रशासन की मौजूदगी में हुई कार्रवाई

कर दिया। अस्पताल संचालक को तीन दिन के अंदर रजिस्ट्रेशन के नवीनीकरण के कागजात दिखाने को कहा गया।

इसके बाद छापेमारी टीम सेमरौना गांव स्थित एक अस्पताल पर पहुंची। वहां अस्पताल के गेट पर ताला लगा था। संचालक अस्पताल में ताला लगाकर हट गए। नगर में छापेमारी टीम के अस्पतालों पर पहुंचकर लाइसेंस की जांच करने की सूचना पर अधिकांश अस्पतालों के शटर गिरा दिए गए।

छापेमारी से अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड सेंटर और अस्पताल चलाने वालों में हलचल मच गई। अधीक्षक डॉ. दिनेश यादव ने कहा कि डीएम के निर्देश पर पूरे जिले में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर और अस्पतालों की जांच हो रही है।

संचालकों को सीएमओ ऑफिस में रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिए गए हैं। बिना रजिस्ट्रेशन के अस्पताल चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है।

KUSHINAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 28-02-2023

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नागेंद्र का निधन

**बडहरागंज।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसिया दीक्षित निवासी 78 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नागेन्द्र दीक्षित का रविवार की रात लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पाकर एसडीएम सदर महात्मा सिंह भारी पुलिस बल के साथ सोमवार को दिन के करीब 10 बजे उनके पैतृक गांव पहुंचे। यहां जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर सेनानी को अंतिम विदाई दी।

# पांच कुंतल लहन नष्ट

**दुदही।** विशुनपुरा थाने के सोरहवां किन्नरपट्टी गांव में पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीम के कार्रवाई में पांच कुंतल लहन नष्ट किया गया। सोमवार की शाम आबकारी व पुलिस टीम ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाकर कई स्थानों पर छापेमारी की कच्ची शराब बाने के लिये रखे गये सामग्री व उपकरण नष्ट कर दिया। छापेमारी के दौरान मौके पर किसी कि गिरफ्तारी नहीं हो सकी ।

# घर में घुसकर मारपीट, चार पर केस

**पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के फाजिलनगर निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर अपने पट्टीदारों पर घर में घुसकर मारने-पीटने व तोड़फोड़ का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में चार के लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के फाजिलनगर निवासी मुन्नी देवी पत्नी रूदल ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि बीते 31 दिसम्बर को उसके पट्टीदार रामजीत, संदीप, उर्मिला व रानी ने गोल बनाकर रंजिशवश घर पर आकर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने लगे। जब विरोध किया तो वह लोग मारने-पीटने लगे। बेटी बीच-बचाव करने पहुंची तो उसे भी मारा-पीटा गया। घर में रखा बर्तन आदि आरोपियों ने तोड़ दिया। गांव के लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। अब आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# कीमती पेड़ काटकर चुराने का आरोप

खड्डा। हनुमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम हनुमानगंज निवासी एक व्यक्ति ने खड्डा थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति पर खेत में स्थित 50 वर्ष पुराना शीशम का पेड़ चोरी से काटने का आरोप लगाते हुए तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है।

# चोरी के सामान के साथ शातिर चोर को दबोचा

**खुलासा**

**अहिरौली बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने सोमवार को एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र की दो चोरियों में वह शामिल था। चोरी की दोनों घटनाओं का खुलासा कर दिया गया है।

अभियुक्त अनिल चौहान निवासी ग्राम रेतवहिया थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर के विरुद्ध मुकदमा अहिरौली बाजार थाने में हाल ही दिनों में दो मुकदमे दर्ज हुए थे। तभी अभियुक्त फरार चल रहा था। सोमवार को उसे थाना क्षेत्र के मुड़ेरा लाला गांव के मोड़ के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने चोरी की दोनों घटनाएं स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर चोरी की दो पीली धातु के मंगलसूत्र, चार चांदी की अंगूठी, दो जोड़ा बिछिया, ₹5000 रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राहुल कुमार राय व उनकी टीम शामिल रही। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता ने बताया कि अभियुक्त थाना क्षेत्र में हुई चोरियों में शामिल रहा और उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई।

# दहेज के लिए प्रताड़ित कर घर से निकाला, केस

**पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के करमैनी गांव निवासी महिला ने देवरिया जिले के रामपुर कारखाना निवासी अपने पति, ससुर, सास, जेठ सहित सात लोगों पर दहेज में बोलेरो व जमीन के लिए प्रताड़ित करने सहित घर से निकाल देने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है की ससुराल पक्ष के लोग मेरे व दिव्यांग बच्चे की हत्या का प्रयास भी कर चुके हैं।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति, ससुर, सास सहित सात लोगों के खिलाफ मारपीट, धमकी सहित दहेज उत्पीड़न की धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के करमैनी गांव की महिला ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उसकी शादी 22 फरवरी 2017 को देवरिया जिले के रामपुर कारखाना थानान्तर्गत सामीपट्टी गांव में हुई थी।महिला का आरोप है की एक बच्चा दिव्यांग है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति क्यामुद्दीन, ससुर अहमद अली, सास मैरून निशा, भसुर जुल्फेकार, जेठानी रेहाना खातून, रूखसार व कैफ सिद्दीकी निवासी गण सामीपट्टी थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया के खिलाफ मारपीट, धमकी व दहेज उत्पीड़न की धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच में जुटी है।

### तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के खिरिया में 13 फरवरी को हुई हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, दोनों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

# पत्नी व समधी ने मिलकर की थी मुन्ना की हत्या

**खुलासा**

- मुन्ना के सऊदी अरब जाने के बाद समधी के साथ बढ़ गई थीं पत्नी की नजदीकियां
- पत्नी और समधी ने सिर पर वार करने के बाद रेत दिया था गला, पुलिस ने दबोचा

**तुर्कपट्टी (कुशीनगर), हिन्दुस्तान संवाद।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के खिरिया गांव में 13 फरवरी को गला रेतकर व्यक्ति की हत्या के मामले का पुलिस ने सोमवार को खुलासा कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक मुन्ना मद्धेशिया की पत्नी का समधी के साथ अवैध संबंध था। चार साल बाद मुन्ना सऊदी अरब से लौटा तो दोनों उसे अपने अवैध संबंध में बाधक मानने लगे। उन दोनों ने ही गला रेतकर मुन्ना की हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या के आरोप में मुन्ना की पत्नी रेखा देवी और समधी हौसला प्रसाद गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

तुर्कपट्टी थाने में सोमवार को प्रेसवार्ता के दौरान नौगांवा निवासी मुन्ना मद्धेशिया की हत्या का खुलासा करते हुए सीओ तमकुही राज जितेन्द्र कालरा ने बताया कि 13 फरवरी को तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के खिरिया गांव के पास गन्ने के खेत में एक व्यक्ति का शव मिला था। गला रेत कर उसकी हत्या की गई थी। शव की पहचान मछरिया के नौगावां निवासी मुन्ना मद्धेशिया पुत्र हरि मद्धेशिया के रूप में हुई थी। मुन्ना की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुटी थी।

सीओ ने बताया कि मुन्ना मद्धेशिया चार साल पूर्व नौकरी करने सऊदी अरब चला गया था। इस बीच उसकी बड़ी बेटी के ससुर हौसला प्रसाद गुप्ता निवासी, हड़हड़वा, थाना-कटेया, जनपद-गोपालगंज बिहार का उसके घर आना-जाना शुरू हो गया। कुछ ही दिनों में मुन्ना की पत्नी रेखा का अपने समधी के साथ अवैध संबंध बन गया। चार साल बाद जब मुन्ना गांव लौटा तो भी समधी का घर आना-जाना लगा रहा। समधी का बार-बार आना और उसकी पत्नी से बातचीत करना उसे खटकने लगा। उधर, रेखा देवी ने कई समूहों से पति के साथ मिलकर संयुक्त रूप से लोन लिया था। पति के विदेश जाने के बाद रेखा ने पूरा पैसा समधी के साथ मिलकर खाने-पीने में खत्म कर दिया था। इसकी जानकारी मुन्ना को हुई तो वह पत्नी से रुपये मांगने लगा। इस पर पत्नी ने समधी के साथ मिलकर उसकी हत्या की योजना बनाई।

13 फरवरी को जब मुन्ना बाजार से घर लौट रहा था तो रास्ते में घात लगाए पत्नी और समधी ने तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के खिरिया में उसके सिर पर बांस के डंडे से वार कर दिया। जब वह अचेत हो गया तो उसे गन्ने के खेत में खींच ले गए। वहां गला रेत कर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गए। पुलिस की छानबीन में जब कड़ियां जुड़ गयीं तब पुलिस ने समधी हौसला प्रसाद को तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के बघौच मोड़ से तथा रेखा देवी को उसके घर से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की गई। पहले तो दोनों ने झूठ बोलकर पुलिस को उलझाने की कोशिश की मगर कुछ देर बाद वह दोनों टूट गए और गुनाह कबूल कर लिया।

## घटना में प्रयुक्त सामान बरामद

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा, एक धारदार हथियार, खून से सने दोनों के कपड़े और 3 मोबाइल फोन बरामद किया है। दोनों के खिलाफ हत्या और हत्या की साजिश रचने का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।



हत्यारोपियों को मीडिया के सामने पेश करते हुए सीओ जितेन्द्र कालरा ने किया मुन्ना मद्धेशिया हत्याकांड का खुलासा ।

## खुलासे में ये टीम रही शामिल

इस मामले का खुलासा करने वाली टीम में एसएचओ तुर्कपट्टी आशुतोष सिंह, साइबर सेल प्रभारी एसआई मनोज कुमार पंत, स्वाट प्रभारी आलोक यादव, सर्विलांस सेल प्रभारी शरद भारती, उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह, हेड कांस्टेबल कुश कुमार, सनातन सिंह, रणजीत यादव, राघवेंद्र सिंह, योगेंद्र कुमार, अभिषेक यादव, कांस्टेबल चंद्रशेखर यादव, शिवानंद सिंह, वीरेंद्र खरवार तथा महिला कांस्टेबल साध्वी दुबे व श्रृष्टि सिंह आदि शामिल रहे।

# हाईस्कूल विज्ञान की परीक्षा में पकड़ा गया सॉल्वर

**यूपी बोर्ड परीक्षा**

- सपहा के नवल एकेडमी में गेट पर चेकिंग के दौरान पकड़ा युवक
- चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल तुर्कपट्टी में परीक्षा देने पहुंचा था युवक

**पडरौना, निज संवाददाता।** जिले के 178 परीक्षा केंद्रों पर सोमवार से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा हुई। दोनों पालियों में आयोजित परीक्षा की मॉनिटरिंग वाइस रिकार्डिंग युक्त सीसीटीवी कैमरा तथा मजिस्ट्रेटों की जांच के माध्यम से की गई। हाईस्कूल विज्ञान की परीक्षा में 5133 छात्रों ने प्रशासन के सख्ती चलते परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली इंटर की गणित व जीव विज्ञान की परीक्षा में 1656 ने परीक्षा छोड़ दी। शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न हुई। एक केंद्र पर एक साल्वर पकड़ा गया।

**हाईस्कूल विज्ञान में गेट पर पकड़ा गया साल्वरः** पडरौना। कसया के सपहा रोड स्थित नवल एकेडमी इंटरमीडिएट कॉलेज में सुबह हाईस्कूल विज्ञान के पेपर में गेट पर हुई चेकिंग के दौरान एक साल्वर दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने के लिए जाते हुये पकड़ा गया। केंद्र व्यवस्थापक भगवानदत्त तिवारी ने बताया कि सोमवार को पौने आठ बजे हाईस्कूल विज्ञान के पेपर में गेट पर परीक्षार्थियों की तलाशी चल रही थी। इसमें हाईस्कूल का परीक्षार्थी की चेकिंग के दौरान चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल इंटरमीडिएट कॉलेज तुर्कपट्टी छहूं निवासी एक छात्र के स्थान पर परीक्षा देने जा रहे अश्वनी चौरसिया निवासी पुरैना कटेया तमकुहीराज को चेकिंग के दौरान पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। कसया पुलिस केस दर्ज कर जेल भेज दिया है।

**दैनंदिनी का रखरखाव ठीम नहीं मिलने पर केन्द्र व्यवस्थापक को नोटिसः** पडरौना। सचल दल नम्बर पांच के जांच में हाईस्कूल विज्ञान की परीक्षा में सुगांती देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जटहा रोड पडरौना के केंद्र व्यवस्थापक द्वारा दैनंदिनी का रखरखाव ठीक नहीं मिलने पर डीआईओएस ने केंद्र व्यवस्थापक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।



लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज पडरौना में बोर्ड परीक्षा की निगरानी करते स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केन्द्र व्यवस्थापक। ● हिन्दुस्तान

> जिले में बोर्ड परीक्षा शांति पूर्ण तरीके से चल रही है। एक केंद्र पर विज्ञान के पेपर में एक साल्वर पकड़ा गया है। एक केंद्र व्यवस्थापक को बदलने के साथ दो कक्ष निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त किया गया है। बोर्ड परीक्षा को हर हाल में नकलविहीन व शुचिता पूर्ण तरीके से संपन्न कराया जायेगा।
>
> **रवींद्र कुमार सिंह,** डीआईओएस

# मारपीट में मुकदमा

**जासं, पटहेरवा :** फाजिलनगर कस्बा निवासी मुन्नी देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि पड़ोसी राम्मजीत, संदीप, उर्मिला व रानी ने पुरानी रंजिश के चलते गालियां देते हुए मारने पीटने लगे। घर में घुसकर भी मारपीट किए तथा गृहस्थी के सामान को तोड़ाफोड़ाज। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

---

**युवक पर हमला मामले में मुकदमा नेबुआ-नौरंगिया:** क्षेत्र के खजुरिया गांव निवासी सनी शर्मा पर बीते रविवार को हुए हमले मामले में कोतवाली पडरौना पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध सोमवार को मुकदमा पंजीकृत कर लिया। सनी शर्मा की शादी तय है। घटना के समय रविवार रात को नौ बजे वे पडरौना नगर में कार्ड देकर घर लौट रहे थे। बावली चौक पर पहुंचे कि पीछे से दो बाइक से आए चार युवकों ने उन पर बेल्ट आदि से हमला बोल दिया। शोर मचाने पर हमलावर बाइक छोड़ फरार हो गए। कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। बाइकों को कोतवाली लाया गया है।

# चोरी का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

**जासं,अहिरौली बाजार:** क्षेत्र के मुंडेरा लाला गांव के समीप सोमवार को अहिरौली बाजार पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल शातिर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान अनिल चौहान निवासी रेतवहिया थाना पिपराइच जिला गोरखपुर के रूप में हुई। उसके पास से चोरी गए जेवर तथा पांच हजार नकदी बरामद हुआ। एसएचओ पंकज कुमार गुप्त ने बताया कि तलाशी के दौरान उसके पास से सोने-चांदी का जेवर तथा पांच हजार नकदी मिला। उसने स्वीकारा कि बीते दिनों हुई चोरी की घटना में वह शामिल था। अपने पास मिले चोरी के सामान के बारे में उसने बताया कि वह बेचने पिपराइच बाजार जा रहा था। उसके पास से घटना में प्रयुक्त दो पहिया वाहन भी मिला। टीम में दारोगा राहुल कुमार राय, राहुल कुमार सिंह, कां.अमित कुमार व अनिल कुमार यादव शामिल रहे।

# समधी संग मिलकर की पति की हत्या

**जासं, तुर्कपट्टी :** क्षेत्र के गांव मछरिया बसंत भारती निवासी 50 वर्षीय मुन्ना मद्धेशिया की हत्या, पत्नी रेखा ने ही अपने समधी संग मिलकर की थी। इसका पर्दाफाश सोमवार को थाना परिसर में सीओ तमकुहीराज जितेंद्र कुमार कालरा ने प्रेस वार्ता के दौरान किया। बताया कि हत्या में प्रयुक्त सामग्री के साथ दोनों आरोपितों को फाजिलनगर बघौच मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया है।

सीओ कालरा ने बताया कि पूछताछ में पत्नी रेखा ने बताया कि पति मुन्ना चार वर्ष से ओमान में रहते थे। घर पर मैं लड़के के साथ रहती थी। पुत्र ज्यादा समय घर से बाहर रहता था। समधी का आना जाना था। हम दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गई थीं। इसकी जानकारी पति



पकड़े गए हत्यारोपितों के बारे में जानकारी देते सीओ जितेंद्र सिंह कालरा ● जागरण

को हो गई थी। इसके अतिरिक्त कई स्वयं सहायता समूहों से पति के साथ मिलकर संयुक्त रूप से ऋण लिया गया था, लेकिन वह पैसा समधी के साथ मिलकर मौज मस्ती में खर्च हो गया था। लोक लज्जा व भय के डर से समधी हौंसला प्रसाद गुप्ता निवासी हड़हड़वा, थाना कटया, जिला गोपालगंज, बिहार के साथ मिलकर 13 फरवरी को घर में हं हत्या करके शव को गन्ने के खेत मं छिपा दिया गया। 14 फरवरी को थान में पति के गुमशुदगी की रिपोर्ट दज कराई थी। 16 फरवरी को खीरिय गांव में अवधकिशोर सिंह के गन्ने वे खेत से पुलिस शव बरामद की थी सीओ ने बताया कि दोनों आरोपितं ने अपना अपराध स्वीकार कर लिय है। आरोपितों की निशानदेही प हत्या में प्रयुक्त बांस का डंडा, तीन मोबाइल फोन, घटना के समय कपड़े व एक बाइक बरामद की गई है गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभार निरीक्षक आशुतोष सिंह, साइब सेल प्रभारी मनोज कुमार पंत, स्वा टीम प्रभारी आलोक यादव, एसआ शरद भारती, अभिषेक सिंह आदि शामिल रहे।

# सेनानी का निधन, दिया गार्ड आफ आनर

**जासं बड़हरागंज :** पडरौना कोतवाली के सिरसिया दीक्षित गांव के निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नागेंद्र दीक्षित की रविवार की रात में मृत्यु हो गई। वह कई माह से बीमार चल रहे थे।

सोमवार की सुबह पुलिस के जवानों के साथ एसडीएम सदर महात्मा सिंह सेनानी के घर पहुंचे। उन्हें गार्ड आफ आनर की सलामी दी गई। नारायणी नदी के पनियहवा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पार्थिव शरीर को गार्ड-आफ आनर की सलामी देते बाएं से तीसरे एसडीएम सदर महात्मा सिंह व पुलिस के जवान ● जागरण

सेनानी की शव यात्रा में शामिल नायब तहसीलदार खड्डा रवि यादव, थानाध्यक्ष हनुमानगंज रामसहाय चौहान, लोकतंत्र रक्षक सेनानी व भाजपा नेता बंका सिंह, ग्राम प्रधान सुनील दीक्षित, पूर्व प्रधान वीरेंद्र दीक्षित, इंद्रजीत पांडेय, विमलेश पांडेय, सत्यप्रकाश दीक्षित, कृष्णदेव शर्मा, राजू दीक्षित आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। पुत्र सचिंद्र दीक्षित ने मुखाग्नि दी।



सोरहवा गांव के झरही नाला के समीप लहन नष्ट करतीं आबकारी व पुलिस टीम● जागरण

# पांच क्विंटल लहन नष्ट

**दुद्धी**: विशुनपुरा के सोरहवां किनर पट्टी में कच्ची के धंधेबाजों के विरुद्ध प्रभारी निरीक्षक महेंद्र राम प्रजापति व आबकारी निरीक्षक अमरनाथ कश्यप की अगुआई में टीम छापामारी की। संयुक्त कार्रवाई में पांच क्विंटल लहन नष्ट किया गया। कच्ची बनाने में प्रयोग होने वाले बर्तन के साथ सामग्री भी बरामद हुई। दूसरी ओर धंधेबाज भागने में सफल रहे। बड़ी बरामदगी के बावजूद किसी धंधेबाज के टीम के हाथ नहीं लगने को लेकर इस कार्रवाई पर भी सवाल उठ रहे हैं। टीम में बृजेश यादव, रामचंद्र यादव, विकास यादव देव नारायण यादव, विजेंद्र यादव, अवनीश कुमार यादव आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे। (जासं)

# पैमाइश के दौरान मारने पीटने के मामले में मुकदमा

**नेबुआ-नौरंगिया:** जंगल जगदीशपुर गांव में बीते रविवार को चरागाह की भूमि की पैमाइश के दौरान हुई मारने पीटने की घटना में नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने सोमवार को मुकदमा पंजीकृत कर लिया। चरागाह की भूमि की रविवार को पैमाइश हो रही थी। वहां पहुंचे हारंगी प्रसाद को गांव के ही कुछ लोग अपशब्द बोलते हुए उन्हें मारे-पीटे। उसी दिन शाम को थाने पहुंच उन्होंने तहरीर दी। एसएचओ अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपित संतोष यादव, राकेश यादव, आकाश व हैदर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पति सहित सात पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**जासं, पटहेरवा :** राफिया खातून निवासी करमैनी बाजार, थाना पटहेरवा पुलिस को तहरीर देकर कही हैं कि उनकी शादी 22 फरवरी 2017 को मुहम्मद क्यामुद्दीन उर्फ पुल्लू सिद्दीकी निवासी सामीपट्टी, थाना रामपुर कारखाना जनपद के साथ हुई थी। पति, ससुर अहमद अली, सास मैरुन निशा सहित परिवार के जुल्फिकार अली, रेहाना खातून, रुखसार परवीन व मु. कैफ सिद्दीकी द्वारा दहेज में बोलेरो व सड़क के किनारेखे कट्ठा भूमि की मांग कीजाने लगी। मना करने पर मारपीट व उत्पीड़न किया जाने लगा। इस दरम्यान एक दिव्यांग सहित दो पुत्र व एक पुत्री भी हुए। पति व उनके स्वजन मारपीट कर घर से निकाल दिए हैं। तहरीर पर पति, सास, ससुर जेठ, जेठानी तथा ननद व देवर के विरुद्ध पुलिस सोमवार को मुकदमा पंजीकृत कर ली। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि जांच की जा रही है।

# दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते पकड़ा गया युवक

## केंद्र व्यवस्थापक ने पुलिस को दी तहरीर, अब तक नकल करते पकड़े जा चुके हैं पांच युवक

**जासं, कसया:** कसया के नवल एकेडमी इंटरमीडिएट कालेज सपहां में सोमवार को यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान एक मुन्ना भाई पकड़ा गया। जिनको पुलिस के हवाले करते हुए केंद्र व्यवस्थापक ने तहरीर दी है। प्रथम पाली की परीक्षा में जांच के दौरान चिल्ड्रेन पब्लिक इंटर कालेज तुर्कपट्टी के छहूं के छात्र अजीत गुप्ता के स्थान पर अश्विनी चौरसिया निवासी पुरैना कटया, तमकुहीराज परीक्षा देते हुए पकड़ा गया। केंद्र व्यवस्थापक की रिपोर्ट पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी ने बताया कि आरोपित युवक के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस प्रकार दूसरे की जगह परीक्षा देते हुए जिले में अब तक कुल पांच युवक पकड़े जा चुके हैं।

बोर्ड परीक्षा में 6789 ने छोड़ी परीक्षा

जासं, पडरौनाः यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में सोमवार को 95169 में से 6789 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। दोनों पालियों में कुल 88380 परीक्षार्थी शामिल रहे। हाईस्कूल की विज्ञान की परीक्षा में 66083 परीक्षार्थियों में से 5133 गैरहाजिर रहे। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की गणित की परीक्षा में 7515 में से 554 अनुपस्थित रहे, तो जीव विज्ञान में 21571 में से 1102 गैर हाजिर रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षा के दौरान सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट केंद्रों का भ्रमण करते रहे। कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसी भी केंद्र पर गड़बड़ी मिली तो जिम्मेदार बख्शे नहीं जाएंगे। कहा कि नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गए हैं। सभी एसडीएम परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण में लगे रहे। जिला मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम के जरिये अधिकारी परीक्षा केंद्रों पर निगरानी होता रहा।

एडीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों को चेताया

-एडीएम देवी दयाल वर्मा ने केंद्र व्यवस्थापकों को चेताया कि यह गड़बड़ी मुख्य गेट पर सघन जांच न करने की वजह से हो रही है। जवाबदेही तय करते हुए संबंधित केंद्र के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# आपत्तिजनक वीडियो बना लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर :** कूड़ाघाट आवास-विकास कालोनी में कुशीनगर जिले के व्यापारी को मकान दिखाने का झांसा देकर बदमाशों ने महिला के साथ जबरन आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर जेब में रखे तीन हजार रुपये, सोने की अंगूठी और एटीएम कार्ड लेकर खाते से 21 हजार रुपये निकाल लिए। वीडियो डिलीट करने के लिए व्यापारी से तीन लाख रुपये रंगदारी मांग रहे थे। शिकायत पर जबरिया वसूली करने का मुकदमा दर्ज कर कैंट थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह देवरिया जिले की रहने वाली महिला समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार कर गिरोह का पर्दाफाश किया।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने सोमवार की दोपहर अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुशीनगर जिले के कुबेरस्थान निवासी व्यापारी ओमप्रकाश गुप्ता शहर में मकान ढूंढ रहे थे। देवरिया जिले के बरहज बकार, पूर्वी पटेलनगर के रामभरोसे तिवारी ने आवास-विकास कालोनी में मकान होने की जानकारी दी। 23 फरवरी की शाम को ओमप्रकाश को वह अपने साथ आवास-विकास कालोनी ले आया। अपने अन्य साथी अनीता सिंह, सूरज पटेल व संजय कुशवाहा को भी बुला लिया। ओमप्रकाश को घर दिखाने के दौरान एक कमरे में ले गया, जहां अनीता पहले से मौजूद थी। अपने साथियों संग रामभरोसे ने जबरन उसके साथ ओमप्रकाश का आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। फिर उसकी जेब में रखे तीन हजार रुपये, सोने की अंगूठी व एटीएम कार्ड ले लिया। वीडियो को पत्नी व रिश्तेदारों के पास भेजने की धमकी देने लगे। 25 फरवरी की शाम को व्यापारी ने कैंट में तहरीर दी। कैंट थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह रामभरोसे तिवारी के साथ ही आरोपित महिला देवरिया के लार के पिपरा चौराहा निवासी अनिता सिंह, कोतवाली के अबु बकर निवासी सूरज पटेल व कुशीनगर के रामकोला के कुशम्हा निवासी संजय कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया।

# चार पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

पटहेरवा। पुलिस ने चार लोगों पर मारपीट का केस दर्ज किया है।

थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि फाजिलनगर निवासी मुन्नी पत्नी रूदल की तहरीर पर रामजीत, संदीप, उर्मिला व रानी पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# पति सहित सात पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

पटहेरवा (कुशीनगर) । स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पति, ससुर, सास, जेठ सहित सात लोगों पर दहेज उत्पीड़न और मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। ससुराल पक्ष पर दहेज में वाहन न देने पर प्रताड़ित करने तथा घर से निकाल देने का आरोप है।

पटहेरवा थाना क्षेत्र के करमैनी बाजार की निवासी राफिया खातून ने तहरीर में बताया है कि उनकी शादी 22 फरवरी 2017 को हुई थी। शादी के दौरान नकद सहित अन्य सामान दिया गया था।

महिला का आरोप है कि जब ससुराल गई तो पति सहित उसके ससुरालवालों ने दहेज में गाड़ी और सड़क के किनारे की दो कट्ठा जमीन की मांग करने लगे। महिला ने बताया कि एक बच्चा दिव्यांग है। आरोपी उसकी हत्या करने का प्रयास कर चुके हैं।

इस संबंध में थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर देवरिया जनपद के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के शामीपट्टी निवासी व पीड़िता के पति क्यामुद्दीन, ससुर अहमद अली, सास मैरुन निशा, जेठ जुल्फेकार, जेठानी रेहाना खातून, रुकसार व कैफ सिद्दीकी पर मारपीट, धमकी, दहेज उत्पीड़न के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# एक और साल्वर पकड़ा गया

## कसया के इंटर कॉलेज में दूसरे की जगह परीक्षा देने पहुंचा था

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। कसया नगर के सपहां रोड स्थित नवल एकेडमी इंटर कॉलेज में दूसरे की जगह परीक्षा देने जा रहा साल्वर पकड़ा गया है।

केंद्र व्यवस्थापक ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दूसरे की जगह परीक्षा देते जिले में अब तक कुल पांच लोग पकड़े जा चुके हैं।

जानकारी के अनुसार, कसया नगर के सपहां रोड स्थित नवल एकेडमी इंटर कॉलेज में सोमवार की सुबह हाईस्कूल विज्ञान विषय की परीक्षा थी। परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर परीक्षार्थियों की सघन जांच की जा रही थी।

### केंद्र व्यवस्थापक ने पुलिस को दी तहरीर

### दूसरे की जगह परीक्षा देते अब तक पांच पकड़े गए

इसी दौरान एक परीक्षार्थी पर संदेह हुआ। वहां मौजूद शिक्षकों ने उससे कड़ाई से पूछताछ की तो पता चला कि वह चिल्ड्रेन पब्लिक इंटर कॉलेज के एक परीक्षार्थी की जगह परीक्षा देने आ गया था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए केंद्र व्यवस्थापक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

*बोर्ड परीक्षा के दौरान कसया नगर के सपहां रोड स्थित नवल एकेडमी इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की विज्ञान विषय की परीक्षा के दौरान एक परीक्षार्थी दूसरे की जगह परीक्षा देने जा रहा था। जांच के दौरान उसे परीक्षा केंद्र के गेट पर ही पकड़ लिया गया। उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश दिए गए हैं।*

***- रविंद्र सिंह, डीआईओएस***

# समधी के प्रेम में अंधी होकर किया रिश्ते का कत्ल

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। समधी के प्रेम में अंधी होकर रिश्ते का कत्ल करने वाली महिला के कारनामे सुनकर लोग हैरान हैं। पुलिस के अनुसार, पति का कत्ल करने के लिए वह अपने साथ चाकू लेकर घटनास्थल तक गई थी। पुलिस के मुताबिक वारदात के दौरान, वह पति के हाथ पकड़ी थी और समधी ने मुन्ना का गला रेता।

तमकुहीराज के सीओ जितेंद्र कालरा ने बताया कि मुन्ना की पत्नी हत्या की योजना दो दिन पूर्व ही अपने समधी के साथ मिलकर बना ली थी। अपने पति को चटनी लेकर बेटे की बिरयानी की दुकान पर भेज दिया और खुद चाकू लेकर खिरियां गांव के समीप अपने समधी के साथ सुनसान जगह पर पहुंच गई।

### महिला ने खुद पकड़े थे पति के हाथ, समधी ने रेता था गला

जब मुन्ना बाइक से आ रहे थे तो रेखा ने पति को रुकने का इशारा किया। बाइक रोकते ही गन्ने के खेत में छिपे समधी हौसला प्रसाद गुप्ता ने बांस से मुन्ना के सिर पर वार कर दिया। इससे वह जमीन पर गिर गए। हौसला ने दोबारा बांस से मार दिया। पत्नी ने पति का हाथ पकड़ लिया। उसके बाद उसके समधी ने गला रेतकर मुन्ना को मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद मुन्ना की पत्नी रेखा को उसका समधी गांव के पोखरा के पास छोड़कर अपने घर चला गया। उसके बाद 15 फरवरी को वह अयोध्या चला गया। पुलिस ने उसे वहीं पहुंचकर पकड़ा।

मुन्ना ने छह साल पूर्व अपनी बेटी की शादी बिहार के कटेया थाना क्षेत्र के हड़हड़वा निवासी हौसला प्रसाद गुप्ता के लड़के से की थी। इसके दो साल बाद वह ओमान कमाने के लिए चले गए थे।

### समधी से बात करने के लिए रखे थी अलग मोबाइल फोन

मुन्ना की पत्नी दो मोबाइल फोन रखी थी। उनमें से एक से केवल समधी से बात करती थी। पुलिस ने मृतक की पत्नी सहित कई रिश्तेदारों की कॉल डिटेल निकलवाई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच एक नंबर ऐसा मिला, जिस पर केवल एक ही जगह फोन किया गया था। वह नंबर मुन्ना की पत्नी का था, जो अलग से रखी थी।

# समधी के साथ मिलकर की थी पति की हत्या, गिरफ्तार

## पुलिस ने किया मुन्ना हत्याकांड का पर्दाफाश, दोनों आरोपी जेल भेजे गए

संवाद न्यूज एजेंसी

तुर्कपट्टी (कुशीनगर)। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के मछरिया बसंत भारती गांव के नौगावां टोला के मुन्ना मद्धेशिया की हत्या के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। पुलिस के अनुसार, मुन्ना की हत्या उनकी पत्नी ने समधी से मिलकर की थी। मुन्ना की पत्नी का समधी से प्रेम संबंध हो गया था। मुन्ना बाधक बनने लगे तो दोनों ने मिलकर उन्हें रास्ते से हटाने के लिए उनकी जान ले ली। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक ने मामले का पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया है।

बीते 13 फरवरी को तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के खिरियां गांव के निकट गन्ने के खेत में शव मिला था, जिसका गला गहराई तक कटा था।


शव की पहचान मछरिया बसंत भारती गांव के नौगावां टोला निवासी मुन्ना मद्धेशिया (50) के रूप में हुई थी। इस मामले में मुन्ना की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात पर मामला दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुटी थी। इस मामले का जब पर्दाफाश हुआ तो सब ने दांतों तले अंगुली दबा ली।

सोमवार को तुर्कपट्टी थाने में पत्रकारवार्ता करते हुए तमकुहीराज के क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कालरा ने बताया कि मुन्ना मद्धेशिया चार साल पूर्व ओमान कमाने चले गए। उस दौरान उनकी पत्नी की बड़ी बेटी के ससुर के साथ नजदीकियां बढ़ गईं। धीरे-धीरे दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गया। चार साल बाद जब मुन्ना गांव लौटे तो वह पत्नी के प्यार में रोड़ा बनने लगे। इस पर पत्नी ने समधी के साथ मिलकर उसकी हत्या की योजना बनाई।

सीओ ने बताया कि 13 फरवरी की सुबह जब मुन्ना तुर्कपट्टी से घर जा रहे थे तो थाना क्षेत्र के खिरियां में उनके सिर पर समधी ने बांस के डंडे से वार किया गया। जब वह अचेत हो गए तो उन्हें गन्ने के खेत में ले गया। वहां पत्नी और समधी ने मिलकर मुन्ना की गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने मुन्ना के समधी हौसला प्रसाद को तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के बघौच मोड़ से पकड़ा।

मुन्ना की पत्नी रेखा को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा, चाकू और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

दोनों आरोपियों के खिलाफ षड्यंत्र और हत्या का मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया। इस मामले का पर्दाफाश करने वाली टीम में एसएचओ तुर्कपट्टी आशुतोष सिंह, साइबर सेल प्रभारी एसआई मनोज कुमार पंत सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।



तुर्कपट्टी थाने में घटना की जानकारी देते सीओ जितेंद्र कालरा। पीछे खड़े हत्या के दोनों आरोपी। संवाद

### वारदात के बाद पत्नी ने अज्ञात के खिलाफ दी थी तहरीर, पुलिस की जांच में खुला मामला

### खर्च कर दिए थे पांच लाख रुपये, पति ने मांगा हिसाब तो हुआ संदेह

सीओ ने बताया कि मुन्ना की पत्नी ने समूह के माध्यम से पांच लाख से अधिक रुपये लिए थे। उसे चुकाने के नाम पर पति से रुपये लेती गई, लेकिन जमा नहीं की। वह अपने समधी के साथ मिलकर रकम खर्च कर दी। चार साल बाद जब मुन्ना घर आए और रुपये का हिसाब लिया तो उन्हें संदेह हो गया। वह कहने लगे कि पंचायत की जाएगी। उसके बाद उसकी पत्नी ने अपने समधी से मिलकर हत्या की योजना बनाई।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 28-02-2023

# प्रतिबंधित दवाओं के साथ गिरफ्तार

सोनौली। सोनौली पुलिस ने गस्त के दौरान नेपाल से भारत में प्रवेश के दौरान एक बाइक सवार युवक को पकड़ उसके पास प्रतिबंधित नशीली दवा बरामद कर उसे जेल भेज दिया है।

कोतवाल सोनौली अभिषेक सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह भारत नेपाल सीमा सोनौली बार्डर की गस्त के दौरान श्याम काट बगीचे के निकट पुल की तरफ से एक बाइक पर युवक आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह पुल पर ही बाइक घुमाने लगा। पुलिस टीम युवक को दौड़ा कर पकड़ लिया जांच की गई तो जेब से प्रतिबंधित दवाएं बरामद हुई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मोहम्मद आलम निवासी दोगहरा भैरहवा नेपाल बताया।

# सफाईकर्मी के साथ मारपीट, केस दर्ज

सिन्दुरिया। सिन्दुरिया क्षेत्र के लक्ष्मीपुर कोर्ट गांव में सफाई कर्मचारी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मारपीट की धारा में केस दर्ज किया है।

क्षेत्र के रजवल निवासी सफाई कर्मचारी रमाशंकर प्रजापति ने बताया कि वह क्षेत्र के लक्ष्मीपुर कोर्ट गांव में तैनात है। शनिवार को वह गांव में सफाई करने गया था। इसी दौरान गांव के ही शंकर ने आकर अपने घर की तरफ भी सफाई करने की बात कही। उसने अगले कार्य दिवस पर सफाई की बात कही तो वह हमलावर हो गया। मौजूद प्रधान ने उसको बचाया। सिन्दुरिया के प्रभारी एसओ तरुण शुक्ला ने बताया कि शंकर के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# आरोपियों के नेपाल भागने की आशंका में सीमा पर अलर्ट

## प्रयागराज शूटआउट

**सोनौली (महराजगंज), हिन्दुस्तान संवाद।** प्रयागराज में राजूपाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की हत्या को लेकर नेपाल बॉर्डर पर अलर्ट कर दिया गया है। आरोपियों के नेपाल भागने की आशंका को देखते हुए सभी संबंधित थानों की पुलिस के साथ खुफिया एजेंसियां भी अतिरिक्त सतर्कता बरत रही हैं। सीमा से होकर नेपाल जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। यात्रियों के पहचान पत्रों की कड़ाई से जांच की जा रही है।

महराजगंज में नेपाल सीमा से लगे थानों की पुलिस को हाईअलर्ट मोड पर कर दिया गया है। सोमवार की सुबह से ही सोनौली कोतवाल अभिषेक सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम सोनौली मुख्य गेट पर भारत से नेपाल जाने वाले यात्रियों की कड़ी जांच करती रही। यात्रियों के पहचान पत्र देखने के साथ सामानों की जांच की गई। इसके साथ ही सरहद की पगडंडियों पर एसएसबी के साथ संयुक्त रूप से पैट्रोलिंग की जा रही है। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि प्रयागराज की घटना को लेकर सीमा से लगे थानों की पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। सीमावर्ती क्षेत्रों में तलाशी-जांच अभियान के साथ पूरी सतर्कता बरती जा रही है। वहीं सिद्धार्थनगर के एसपी अमित कुमार आनंद ने मातहतों संग थाना कपिलवस्तु के इंडो-नेपाल बॉर्डर से सटे बजहा कस्बे में सोमवार को पैट्रोलिंग की।

# मासूम से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

पुरन्दरपुर। पुरंदरपुर क्षेत्र के एक गांव में रविवार की शाम को बकरी चराने गई मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित धर्मेन्द्र के खिलाफ पॉक्सो एक्ट केस दर्ज किया था। आरोप के मुताबिक आरोपित मासूम बच्ची के दुष्कर्म के बाद गला दबाकर उसकी हत्या का प्रयास किया था। इस मामले में पुरन्दरपुर एसओ उमेश कुमार ने बताया कि आरोपित धर्मेन्द्र को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया।



सोनौली सीमा पर वाहन की जांच करती पुलिस • जागरण

# उमेश पाल के हत्यारोपितों को पकड़ने के लिए सघन जांच

**जासं, महराजगंज** : प्रयागराज में अधिवक्ता उमेश पाल की हत्या को लेकर जिले में दूसरे दिन भी चौकसी रही। वाहनों की सघन जांच की गई। नेपाल से सटे अंतरराष्ट्रीय सीमा सोनौली के रास्ते कुछ आरोपितों के नेपाल भागने के इनपुट मिलने के बाद पुलिस ने जगह-जगह वाहनों की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बताया कि प्रयागराज में हुई हत्या में शामिल कुछ आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। कुछ आरोपित अभी भी पकड़ से दूर हैं। ऐसे में नेपाल सीमा से सटे हुए यूपी और बिहार की सीमाओं पर

- कुछ आरोपितों के नेपाल भागने के मिले हैं इनपुट
- बार्डर क्षेत्र के सभी थाना क्षेत्रों में हो रही है जांच

सतर्कता के निर्देश मिले हैं। इस क्रम में महराजगंज के सीमा क्षेत्र के थाना कोठीभार, निचलौल, ठूठीबारी, बरगदवा, परसामलिक, नौतनवा और सोनौली पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। यहां प्रतिदिन वाहनों की जांच की जा रही है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय सीमा सोनौली पर वाहनों की जांच किए बगैर किसी को भी सीमा पार न करने देने के निर्देश दिए गए हैं।

# अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

नौतनवा : नौतनवा पुलिस ने अपहरण के आरोपित सोनू निवासी राजेंद्र नगर वार्ड नौतनवा को उसके घर से गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि वह अपहरण के मामले में 2011 से फरार था। (जासं)

# नाबालिग को भगाने का केस दर्ज

भैया फरेंदा। फरेंदा क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पीड़िता की मां ने तहरीर में लिखा है कि गांव का ही प्रमोद नामक युवक उसकी 13 साल की बेटी को भगा ले गया। बताया कि आरोपी हत्या के जुर्म में पहले भी जेल जा चुका है। कोतवाल सत्येन्द्र राय ने बताया कि आरोपी पर केस दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

# थाने में जंग खा रहे वाहन, नहीं हो रहा निस्तारण

- वाहनों की वजह से परिसर का बड़ा हिस्सा हो गया है अनुपयोगी
- यदि और वाहन पकड़े गए तो नहीं मिलेगी खड़ा करने की जगह

**जासं, निचलौल**: निचलौल थाना परिसर में वर्षों से विभिन्न मामलों में पकड़ कर खड़ा किए गए वाहन निस्तारण के अभाव में जंग खाकर खराब हो रहे हैं। इन वाहनों के पड़े रहने से परिसर का एक बड़ा हिस्सा अनुपयोगी हो गया है। यह वाहन यदि नीलाम कर दिए जाते तो पुलिस को राजस्व की भी प्राप्ति होती।

पुलिस विभाग द्वारा पकड़े गए यह वाहन धूप व वर्षा में पड़े-पड़े खराब हो रहे हैं। इनका कोई पूछनहार नहीं है। थाना परिसर में पीछे का अधिकांश हिस्सा इन वाहनों के रखने से ही फंसा हुआ है। इसके बाद यदि अन्य वाहन जब्त होते या पकड़े जाते हैं तो पुलिस के लिए बड़ी समस्या बन जाते हैं। इनका रखरखाव काफी मुश्किल भरा है। यदि समय रहते इन वाहनों का निस्तारण होगा तो परिसर खाली हो जाता। साथ ही वाहनों का भी उपयोग हो जाता।




निचलौल थाना परिसर में खड़ा किए गए जांच के दौरान पकड़े गए वाहन ●जागरण

## प्रतिबंधित दवाओं के साथ एक गिरफ्तार

**सोनौली।** सोनौली पुलिस ने पगडंडियों पर गश्त के दौरान बाइक सवार युवक के पास प्रतिबंधित नशीली दवा बरामद कर उसका चालान कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि औषधि निरीक्षक शिव कुमार नायक की उपस्थिति में युवक की जांच हुई, तो उसकी जेब से प्रतिबंधित दवाएं बरामद हुईं। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मोहम्मद आलम निवासी दोगहरा भैरहवा नेपाल बताया। संवाद

## साखू-सागौन की लकड़ी बरामद

**महराजगंज।** पकड़ी रेंज व वन सुरक्षा टीम के वनकर्मियों ने सोमवार देर शाम पिपरा रसूलपुर के अहिरवाती टोला पर एक व्यक्ति के घर से दो बोटा साखू व तीन बोटा सागौन की लकड़ी बरामद की। यह जानकारी वन क्षेत्राधिकारी मोहन सिंह ने दी। संवाद

## वांछित वारंटी गिरफ्तार

**नौतनवां।** पुलिस ने युवती को भगा ले जाने के मामले में वांछित वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान कर जेल भिजवा दिया। यह जानकारी थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने दी। संवाद

# बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

**फरेंदा।** पुरंदरपुर क्षेत्र के एक गांव में पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी को सोमवार को पुलिस ने जेल भिजवा दिया। गांव में एहतियातन पुलिस तैनात है। उधर, पीड़ित बच्ची की हालत में सुधार हो रहा है। पिता ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है।

पुरंदरपुर क्षेत्र के एक गांव के सीवान में रविवार को दिन में पांच बजे के करीब बकरी चराने गई मासूम बच्ची के साथ बगल के गांव के एक युवक ने दुष्कर्म किया। बच्ची की हालत खराब होने पर आरोपी उसे पुलिया के नीचे छोड़कर फरार हो गया। काफी देर तक बच्ची के

## गांव में पुलिस तैनात, पीड़ित बच्ची की हालत में अब सुधार

घर न पहुंचने पर दादी उसकी तलाश में सीवान की तरफ गईं तो पुलिया के नीचे बच्ची बिलख रही थी।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई और पीड़ित बच्ची को अस्पताल ले गई। बच्ची को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। आरोपी युवक को पुलिस ने तत्काल गिरफ्तार कर लिया। पुरंदरपुर एसओ उमेश कुमार ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भिजवा दिया गया है।

# हादसे में हुए घायल, पिस्टल बरामद

## गोरखपुर-सोनौली राजमार्ग के धानी ढाला पर डिवाइडर से टकरा गए बाइक सवार

संवाद न्यूज एजेंसी

**फरेंदा।** गोरखपुर-सोनौली राजमार्ग के धानी ढाला पर सोमवार को डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। इसी दौरान उनके पास मौजूद पिस्टल छिटककर गिर गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस, पिस्टल को कब्जे में लेकर जांच में जुटी है।

गोरखपुर जिले के पीपीगंज फरदहनी निवासी रघु (30) व योगेंद्र मिश्रा (39) निवासी लालपुर कौड़िया बाइक पर सवार होकर फरेंदा की तरफ आ रहे थे। अभी वे धानी ढाला के करीब पहुंचे थे कि डिवाइडर से टकरा गए। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी बीच घायल एक युवक के पास से छिटककर पिस्टल नीचे गिरी तो आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए।

इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी।



घायल युवकों से पिस्टल बरामद कर जांच के लिए ले जाती पुलिस। संवाद

### घायल युवकों को अस्पताल भेज मामले की जांच में जुटी पुलिस

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और असलहा को कब्जे में ले लिया। पुलिस दोनों घायल युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी ले गई, जहां पर हालत गंभीर देखते हुए योगेंद्र को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि घायलों के पास से पिस्टल बरामद हुई है। इसकी जांच की जा रही है।

### सिसवा बाजार में दुर्घटना में बालक घायल

**सिसवा बाजार।** कस्बे के गांधीनगर वार्ड में तेजरफ्तार चारपहिया वाहन की ठोकर से सात वर्षीय रितेश गंभीर रूप से घायल हो गया। सड़क पार करने के दौरान रितेश वाहन की चपेट में आया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 28-02-2023

# शटर का ताला तोड़कर शराब की दुकान में चोरी केस दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** अज्ञात चोरो ने शटर का ताला तोड़कर अंगेजी शराब की दुकान में चोरी को अंजाम दिया। इस सम्बन्ध में अनुज्ञापी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर पर मुकदमा दर्ज किया है।

मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के ओड़वारा स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान में बीती रात अज्ञात चोरो ने शटर का ताला तोड़कर विभिन्न कम्पनियों के अंग्रेजी शराब की बोतल,शटर , स्कैनर मशीन तथा गल्ले में रखा आठ हजार रूपये नकदी की चोरी करने के साथ ही स्टाक रजिस्टर फाड़ कर फरार हो गये। मामले में पीड़ित विजय कुमार पुत्र राम बहाल निवासी बनकसही थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 457, 380, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# आपसी विवाद में युवक की पिटाई, एफआईआर

**बस्ती ।** काम पर जाते समय रास्ते में रोककर एक युवक को जाति सूचक गालियां देते हुए मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित के भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के कमोखर निवासी संदीप काम पर जाते समय आपसी विवाद को लेकर रास्ते में रोककर आरोपी मन्नू चौधरी ने जाति सूचक गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित संदीप के भाई सर्वेश कुमार पुत्र संजय निवासी कमोखर थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मन्नू चौधरी पुत्र ओम प्रकाश निवासी कमोखर थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी एवं 3 (1) (द)(ध) व 3(2)(5ए) एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# शान्ति व सौहार्द के साथ मनायें त्योहार : सीओ सदर

**वाल्टरगंज (एसएनबी)।** आगामी होली और शबे बरात त्योहार को देखते हुए वाल्टरगंज थाने पर पीस कमेटी की आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी बस्ती सदर आलोक प्रसाद ने किया।

पीस कमेटी को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी बस्ती सदर आलोक प्रसाद ने लोगों से कहा कि आने वाले समय में होली पर्व और शबे बरात त्योहार है। इसको लेकर सभी लोग पुलिस का सहयोग करें। जिससे कि त्योहार को शांतिपूर्ण बनाने में सहयोग मिल सके। श्री प्रसाद ने कहा कि होलिका दहन को लेकर स्थानों का सुनिश्चित करें। साथ ही साथ होलिका दहन का समय और दिन निश्चित तौर पर पुलिस को उपलब्ध कराएं यदि किसी प्रकार का कोई विवाद है तो उसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दें। क्षेत्र में पुलिस बल द्वारा होलिका दहन के स्थानों का चिन्हित करने का कार्य दिया गया है लेकिन इसमें जब तक समाज के संभ्रांत व्यक्ति सहयोग नहीं करेंगे तब तक शांतिपूर्ण तरीके से त्योहारों को सफल नहीं बनाया जा सकता है। इतना ही नहीं शबे बरात मे निकलने वाले जुलूस के विषय में भी पूर्ण जानकारी समय से पुलिस को उपलब्ध कराएं जिससे कि आने वाली विवादों को निपटाया जा सके। पीस कमेटी को संबोधित



वाल्टरगंजः बैठक को सम्बोधित करते सीओ सदर आलोक प्रसाद। फोटो : एसएनबी

करते हुए थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने कहा कि संवेदनशील गांव में होलिका दहन के पर्व पर आने वाली समस्याओं के बारे में एक-एक करके विस्तृत से जानकारी लिया और लोगों को आश्वस्त किया कि त्योहारों के मनाने में किसी प्रकार का कोई अड़चन सामने नहीं आने पाएगा। पुलिस का गस्त क्षेत्र में बढ़ा दिया गया है। ऐसे लोगों पर विशेष नजर रखेगी जोकि नियम विरुद्ध तरीके से कार्य करते हैं। श्री श्रीवास्तव ने सभी आम जनमानस से अपील किया है कि होली का त्योहार हर्षोल्लास का त्योहार है इससे शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। कहा कि 7 तारीख को शबे बरात और 7 को ही होलिका दहन तथा 8 को रंगों का होली मनाए जाने की बात पीस कमेटी मे आए लोगों ने जानकारी दिया है। पर्व के दौरान किसी भी असमाजिक गतिविधियों की जानकारी पुलिस और 112 नंबर को तुरन्त उपलब्ध कराएं। जिससे कि मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई की जा सके। पीस कमेटी की बैठक में उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार ,चौकी प्रभारी गणेशपुर संतोष दूबे, देवी शरण यादव, अनिल कुमार यादव, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, सुरेन्द्र कुमार सिंह, कांस्टेबिल बलवंत यादव, संजय यादव, दिनेश कुमार सहित ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिव शंकर चौधरी, वीरेन्द्र कुमार, राम लौट यादव, इकबाल अहमद, लेखपाल जीतेंद्र सिंह, सुखसागर उपाध्याय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अपहरण के आरोपियों की गिरफ्तारी को पूर्व विधायक से मिले परिजन

**बस्ती (एसएनबी)।** मुंडेरवा थाना क्षेत्र के कुसुम्हा गांव के रहने वालेपीड़ित परिवार नेअपनी बेटी केअपहरण में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार किये जाने की मांग मुख्यमंत्री से लगायत पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी से करने के साथ-साथ पूर्व विधायक दयाराम चौधरी के जनता दरबार में पहुंचकर मदद मांगी है। पीड़ित परिवार की समस्या को देखते हुए पूर्व विधायक दयाराम चौधरी ने उच्चाधिकारियों से वार्ता कर मामले में दोषी आरोपियो की गिरफ्तारी किये जाने की बात कही।

सोमवार कोपूर्व विधायक दयाराम चौधरी के आवास पर नियमित चलने वाले जनता दर्शन में मुंडेरवा थाना क्षेत्र के कुसम्हा गांव निवासी कुछ लोग पहुंचे औरउन्हें मामले से अवगत कराते हुए कहा कि बीते18 फरवरी कोदोपहर उनकी नाबालिग पुत्री का कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया। जिसमेंलालगंज थाना क्षेत्र के भरवलिया गांव निवासी घमंडी पुत्र संतेपरमुकामी थाने में धारा 363,366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी घमंडी पुत्र संते के परिवारीजनों पर दबाव बनाने के बाद भी किशोरी को बरामद नहीं कराया जा रहा है तथा आरोपी किशोरी की हत्या कर शव को फेंक देने के साथ-साथ परिवारीजनों को धमकी भी दे रहे हैं। इस संबंध में पीड़ित परिवार ने पूर्व विधायक से फरियाद करनेकेअलावा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन ,पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी तथा उप जिलाधिकारी को लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने व किशोरी की जान बचाने की गुहार लगायी है। पूर्व विधायक दयाराम चौधरी ने भी उच्चाधिकारियों सेफोन पर वार्ता कर मामलेमें कड़ा रुख अख्तियार करने की बात कही है।



पीड़ित की मदद के लिए अधिकारियों से वार्ता करने जाते दयाराम चौधरी। फोटो : एसएनबी

**पूर्व विधायक दयाराम चौधरी से जनता दरबार में पहुंचे फरियादी,पूर्व विधायक ने दिलाया मदद का आश्वासन**

# अनावश्यक रूप से पीएम रिपोर्ट की जांच न रखे लम्बित: आईजी

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र आरके भारद्वाज द्वारा परिक्षेत्र के जनपद बस्ती के हर्रैया सर्किल के क्षेत्राधिकारी व थानों हर्रैया, छावनी, गौर, परसरामपुर व पैकोलिया के थाना प्रभारियों व कर्मचारीगण के साथ अर्दली रूम किया। जिसमें अपराध रजिस्टर, लंबित विवेचना, प्रारम्भिक जांच , जांच , जेड रजिस्टर आदि का गहनता से समीक्षा की गई।

आईजी आरके भारद्वाज द्वारा क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों को विवेचना निस्तारण के प्रतिशत को सुधारने के लिए निर्देशित किया। कहा कि चार्जशीट या फाइनल रिपोर्ट क्षेत्राधिकारी कार्यालय से ही एक कर्मचारी द्वारा न्यायालय में दाखिल किया जाएगा तथा इसका इन्द्राज प्रत्येक दशा में जीडी में अंकित किया जाएगा तथा दाखिला होने या न होने की स्थिति में तस्करा जीडी में अवश्य अंकित किया जाएगा एवं दाखिले के संबंध में होने वाली कठिनाइयों को पुलिस अधीक्षक के माध्यम से मनिटरिंग सेल की मीटिंग में रखी जाएगी। उन्होंने पाया कि जीडी पर सीसीटीएनएस के माध्यम से आपत्ति नहीं किया जाता है जिसपर उन्होंने ध्यान देने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान आइजीआरएस की स्थिति काफी खराब मिली जिसके सम्बन्ध में गुणात्मक सुधार हेतु निर्देशित किया गया व प्रारंभिक जांच व सामान्य जांच को अति शीघ्र निस्तारण करने हेतु क्षेत्राधिकारी हर्रैया को निर्देशित किया गया। पब्लिक अप्रूवल सिस्टम में रेटिंग खराब होने पर सभी प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को रेटिंग ठीक करने का निर्देश दिया साथ ही विगत 3 माह में स्थिति में सुधार ना होने पर बड़ी कार्रवाई करने की हिदायत दी। पासपोर्ट जांच में भी स्थिति संतोषजनक ना होने पर आईजी ने नाराजगी व्यक्त किया। सोशल मीडिया प्लेटफर्म पर फलोवर्स की संख्या बढ़ाने का निर्देश भी दिया गया जिससे अधिक से अधिक आम जनमानस व मीडिया के लोग सीधे तौर पर पुलिस से जुड़े।



बस्तीः अर्दली रूम को सम्बोधित करते आईजी आरके भारद्वाज। फोटो : एसएनबी

# उलाहना देने पर की पिटाई, आठ लोगों पर केस

**बस्ती** । दवा लेने गयी लड़कियों पर फब्तिया कसने का उलाहना देने गये एक व्यक्ति व उसके परिवार को अभियुक्तो द्वारा जाति सूचक गालियां देते हुए मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आठ लोगो को नामजद किया है। वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के रघुनाथ पुर गांव के रहने वाले बाबूराम सोनकर की भतीजी अंशिका व नेहा दवा लेकर घर आ रही थी। जिनपर गांव के अजय, राजकपूर व विशाल ने अपमानजनक भाषाओं का प्रयोग करते हुए बात किया। जिसकी शिकायत लेकर बाबूराम जब आरोपियो के घर पहुंचे तो उन्हे अभियुक्त योगेन्द्र तथा परिवार के अन्य लोगो ने मिलकर जाति सूचक गालियां देते हुए मारा पीटा। बीच बचाव में आये परिवार के लोगो की भी पिटाई कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित बाबूराम सोनकर पुत्र रामफेर निवासी रघुनाथपुर थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी योगेन्द्र पुत्र राम करन, अजय पुत्र फागू, राजेन्द्र पुत्र राम करन, मतलू पुत्र राम उजागिर, सागर पुत्र जीतू, राजकपूर पुत्र राजेंद्र, विशाल पुत्र वीलौल, अलगू पुत्र सवारे निषाद निवासीगण रघुनाथपुर थाना वाल्टरगंज के विरूद्ध धारा 147, 323, 504, 506 आईपीसी व 3 (1) द,3 (2)5 एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बैंक में सेंध काट कर चोरी का प्रयास

**दुबौला (एसएनबी)।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के दुबौला चौकी से महज 500 मीटर दूरी पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक दुबौला की शाखा पर चोरों ने नकब काट कर चोरी का असफल प्रयास किया। सुबह इसकी जानकारी बैंक कर्मियों को हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद एसपी आशीष श्रीवास्तव के अलावा कई अन्य थानों की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया।

बैंक के शाखा प्रबन्धक ने बताया कि दो दिन से बैंक बन्द था। इसी बीच सूनसान देखकर चोरो ने नकबजनी करने का प्रयास किया। हालांकि किसी तरह के धन के चोरी होने की सूचना नही है। बैंक का लॉकर सुरक्षित मिला। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि घटना के वर्क आउट के लिए टीमे लगायी गयी है। बैंक स्टाप से पूछताछ करने के अलावा सीसी टीवी कैमरो को भी खंगाला जाएगा।



दुबौलाः बैंक कर्मी से पूछताछ करते एसपी आशीष श्रीवास्तव। फोटो : एसएनबी

**बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा : रुधौली ।** सोमवार को प्रभारी निरीक्षक रुधौली संजय कुमार द्वारा बैंको की सुरक्षा व्यवस्था व अपराधियों पर निगरानी के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के अतर्गत पड़ने वाले बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

बैंक के अन्दर तथा बाहर व एटीएम के आसपास खड़ेसंदिग्ध व्यक्तियों व वाहनो के संबन्ध में पूछताछ भी किया। प्रभारी निरीक्षक ने एटीएम पर मौजूद लोगो को एक बार मे एक ही व्यक्ति को अंदर जाने की हिदायत दी। बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा, सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी लिया व सारयरन को चेक किया। वही होली के अवसर पर लगने वाले मेले का भीभ्रमण कर जायजा लिया गया।

# केबल सही करने के विवाद में मारपीट, मुकदमा

**वस्तीः** लहरी निवासी सौरभ सिंह ने आरोप लगाया है कि केबल सही कराने के विवाद को लेकर विपक्षियों ने अपशब्द कहा। विरोध पर उनकी दादी इन्द्रावती को मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने गांव निवासी शनि कुमार, रवि गुप्ता, प्रेमशिला व चंद्रभान गुप्ता पर केस दर्ज किया है।

# हत्या के आरोप में दो को आजीवन कारावास

**बस्ती (एसएनबी)।** आपरेशन शिकंजा के तहत पैरवी सेल द्वारा की गयी सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप हत्या केदो अभियुक्तों को आजीवन कारावास व प्रत्येक को रुपये 10,000 रुपये के अर्थदंड की सजा की गयी।

**दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया**

वादी द्वारा थाना वाल्टरगंज पर तहरीर दिया गया कि वादी का उसके सगे भाई बेचन से जमीन विवाद है, इसी रंजिश के कारण गत दिवस 22 जून 2014 कोमहेन्द्र पुत्र बेचन, बेचन पुत्र बलिकरन द्वारा लाठी डण्डा आदि लेकर मेरे दरवाजे पर चढ़ आये और मेरी पत्नी तथा पुत्र को बुरी तरह से जान से मारने की नियत से मारने लगे। इन लोगों के मारने के कारण ही मेरी पत्नी का मौके पर ही मृत्यु हो गयी तथा लड़के को गंभीर चोट आइ है। जिसका इलाज लखनऊ में चल रहा है। इस तहरीर के आधार पर थाना वाल्टरगंज पर मुकदमा अपराध संख्या 602/2014 धारा 302,323,325 भादवि के तहत पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी थी। पुलिस अधीक्षक बस्ती के निर्देशन में पैरवी सेल बस्ती एवं थाना वाल्टरगंज पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी से माननीय न्यायालय सत्र न्यायाधीश बस्ती द्वारा अभियुक्त महेन्द्र पुत्र बेचन, बेचन पुत्र बलिकरन निवासीगण सुभई थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती को आजीवन कारावास व रुपये 10,000 रुपयेके अर्थदंड की सजा सुनाई गयी।

# घर में घुसकर नाबालिक से छेड़खानी, केस

**बस्ती ।** सोनहा थानाक्षेत्र के जगदीशपुर उर्फ नौगढ़वा गांव में आरोपी विकास ने घर में घुसकर एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी किया। जिसका विरोध करने पर उसे मारा पीटा गया व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी विकास पुत्र नन्दलाल उर्फ बयसु निवासी जगदीशपुर उर्फ नौगढ़वा थाना सोनहा के विरूद्ध धारा 354, 452, 323, 506, भादवि 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# हत्यारे पिता-पुत्र को आजीवन कारावास

बस्ती। जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना की अदालत ने हत्या के मामले में वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के सुभई निवासी बेचन व उसके पुत्र महेंद्र को आजीवन कारावास व प्रत्येक पर 11500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी परिपूर्णानंद पांडेय व सहायक शासकीय अधिवक्ता कमलेश चौधरी ने अदालत को बताया कि सुभई गांव निवासी राम अधारे ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि उसके सगे भाई बेचन से पुराना जमीनी विवाद चल रहा है। इसी रंजिश के कारण 22 जून 2014 को बेचन व उसका बेटा महेंद्र, बेचन के दामाद पतरका निवासी तेरहा, थाना वाल्टरगंज एकराय होकर लाठी लेकर दरवाजे पर चढ़ आए। मेरी पत्नी कृष्णा देवी व बेटे रविंद्र को बुरी मारपीट कर घायल कर दिया। पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई व बेटे को गम्भीर चोट आई थी।

# जानलेवा हमले के मामले में कारावास

बस्ती, निसं। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय मीनू शर्मा की अदालत ने जानलेवा हमले के मामले में हर्रैया क्षेत्र के करमडाड़े निवासी बजरंगी दूबे को छह साल सश्रम कारावास व 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय प्रताप पाल ने अदालत को बताया कि गांव निवासी रितिक गौड़ ने हर्रैया थाने में तहरीर देकर कहा था कि उनके पिता संतोष गौड़ 24 सितम्बर 2015 को जानवर भगाने के लिए खेत की तरफ गए थे। बजरंगी पुत्र परशुराम दूबे व उसके नाबालिग साथी ने पिता को जान से मारने की नीयत से दौड़ा लिया। पिता से आरोपियों की पुरानी रंजिश चल रही है। पुलिस ने बजरंगी व उसके साथी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया।

# जानलेवा हमले के आरोपी को छह वर्ष की कैद

संवाद न्यूज एजेंसी

### 24 दिसंबर 2015 को खेत में घात लगाकर बैठे लोगों ने किया था हमला

**बस्ती।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (द्वितीय) मीनू शर्मा की अदालत ने जानलेवा हमला करने के मामले में एक आरोपी को छह साले के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने 20,000 रुपये अर्थदंड लगाते हुए कहा कि इसे न अदा करने पर दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतानी होगी।

डीजीसी पीएन पांडेय ने अदालत को बताया कि घटना 24 सितंबर 2015 की है। हर्रैया बाजार निवासी रितिक गौड़ ने हर्रैया पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके पिता संतोष गौड़ घर से खेत गए थे। खेत में घात लगाकर बैठे करमडाड़े निवासी बजरंगी दुबे और बजरंग गौड़ ने गोली चला दी। जो संतोष के सिर में लगी। उन्हें सीएचसी हर्रैया ले जाया गया। गंभीर हालत में चिकित्सक ने लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ में उनका लंबे समय तक इलाज चला। विवेचक ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया।

अभियुक्त बजरंग गौड़ के किशोर होने के कारण पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड भेज दिया गया। जहां मामला विचाराधीन है। जबकि बजरंगी दुबे के विरुद्ध अभियोजक ने 10 गवाह अदालत के समक्ष पेश किया। न्यायाधीश ने साक्ष्य और गवाहों की गवाही के आधार पर आरोपी सजा सुनाई।



रविवार को रेंज कार्यालय पर हर्रैया सर्किल का अर्दली रूम करते आईजी आरके भारद्वाज। • हिन्दुस्तान

# बिना कारण जांच रिपोर्ट न रखें लंबित :आईजी

**समीक्षा**

**बस्ती, निसं।** आईजी आरके भारद्वाज ने सोमवार को रेंज कार्यालय पर जिले की हर्रैया सर्किल के सीओ व सर्किल के हर्रैया, छावनी, परसरामपुर, पैकोलिया और गौर थाने के प्रभारियों व कर्मचारियों के साथ उनके कामकाज की समीक्षा की। अर्दली रूम के दौरान पोस्टमार्टम रिपोर्ट की जांच बिना किसी कारण के लंबित रखने पर कड़ी आपत्ति जताई। सीओ व अन्य विवेचकों निस्तारण प्रतिशत सुधारने के लिए चेतावनी दी।

समीक्षा के दौरान अपराध रजिस्टर, लंबित विवेचना, प्रारंभिक जांच, जांच, जेड रजिस्टर आदि की जांच की। कहा कि चार्जशीट या फाइनल रिपोर्ट सीओ कार्यालय से ही एक कर्मचारी न्यायालय में दाखिल करने ले जाए। इसका इंद्राज प्रत्येक दशा में जीडी में अंकित किया जाए। चार्जशीट या फाइनल रिपोर्ट न्यायालय में दाखिल होने या न होने की स्थिति में तस्करा जीडी में अवश्य अंकित कराया जाए। जीडी पर सीसीटीएनएस के माध्यम से आपत्ति न किए जाने पर ध्यान देने का निर्देश दिया। आईजीआरएस निस्तारण की स्थिति काफी खराब मिलने पर इसमें गुणात्मक सुधार के लिए और प्रारंभिक जांच व सामान्य जांच को अति शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया। पब्लिक अप्रूवल सिस्टम में रेटिंग खराब होने पर सभी प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को रेटिंग ठीक करने का निर्देश दिया। पासपोर्ट जांच में भी स्थिति संतोषजनक न मिलने पर पर नाराजगी जताई। इस दौरान सीओ शेषमणि उपाध्याय के अलावा सभी प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

# काम पर जाते समय बिना कारण मारापीटा, मुकदमा

**बस्ती :** मुंडेरवा थाने के कमोखर निवासी सर्वेश कुमार ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि रविवार को वह काम पर जा रहा था। तभी रास्ते में गांव के मन्नू चौधरी अपशब्द कहने लगे। बिना कारण मारापीटा। भाई संदीप बचाव में आया तो उसे जान से मारने की धमकी देते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। (जासं)

# मारपीट कर दी जानमाल की धमकी, केस दर्ज

**बस्ती** : लालगंज पुलिस को तहरीर देकर कुदरहा निवासी राजकुमार ने आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के भोलू उर्फ लोकेन्द्र और तीन अन्य व्यक्तियों ने अपशब्द कहा। विरोध करने पर उन्हें मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जल्द ही मारपीट करने वालों को पकड़ा जाएगा। (जासं)

# मारपीट के मामले पुलिस ने दो के विरुद्ध दर्ज किया मुकदमा

**जासं, हरैंया, बस्ती :** हरैंया थाना क्षेत्र नरायनपुर गांव के दो युवकों को रास्ते में मारने-पीटने व अपशब्द कहने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया हैं। थाना क्षेत्र नरायनपुर निवासी प्रेमनाथ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार को गांव के राम प्रकाश के साथ वह लोग हथियागढ़ मामा के घर गए थे। वहां से वापस घर लौट रहे थे। बड़हर कला पेट्रोल पंप के पास एक ढाबे पर वह लोग खाना खाने रुके। वहां पर पहले से बैठे उनके गांव के अखिलेश कुमार मिश्र पुत्र जनार्दन प्रसाद व उनके रिश्तेदार बब्लू शुक्ला उन लोगों को देखकर अपशब्द कहते हुए मारने पीटने लगे। बीच बचाव करने वालों को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। गले का चेन भी कहीं गिर गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

# हमले के आरोपित को छह वर्ष की कठोर कैद

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** विशेष सत्र न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट मीनू शर्मा ने हर्रैया थाना क्षेत्र में हुए जानलेवा हमले के एक मामले में बजरंगी दूबे को छह वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने 20000 रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अजय प्रताप पाल ने न्यायालय में घटनाक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि हरैया थाना क्षेत्र के करमडाड़े ग्राम निवासी रितिक गौड़ ने हर्रैया थाना में मुकदमा दर्ज कराया। इसमें बताया कि उसके पिता संतोष गौड़ 24 सितंबर 2015 को घर आने के बाद शाम 7 बजे सिवान में खेत से जानवर खदेड़ने गए थे। गांव के बजरंगी दुबे व बजरंग गौड़ ने घात लगाकर हमला कर दिया। बजरंगी दुबे ने कट्टे से फायर कर दिया। प्राणघातक हमले की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के बाद दोनों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल हुआ। सुनवाई के दौरान बजरंग गौड़ किशोर पाया गया। 8 मार्च 2016 को उसकी पत्रावली किशोर न्यायालय में सुनवाई के लिए प्रेषित कर दी गई। इस न्यायालय में कुल 10 गवाह प्रस्तुत किए गए जिन्होंने घटना का समर्थन किया। बचाव पक्ष को भी सुनवाई का अवसर दिया गया। दोनों पक्ष की दलील सुनने के बाद अदालत ने आरोपित को जानलेवा हमले का दोषी मानते हुए दंडित किया है।

# उलाहना देने पर मारपीट कर धमकाया, मुकदमा

**बस्ती :** वाल्टरगंज पुलिस को तहरीर देकर रघुनाथपुर निवासी बाबूराम सोनकर ने बताया है कि उनकी भतीजी नेहा व अंशिका रविवार को दवा लेकर लौट रही थीं। आरोप है कि रास्ते में गांव के अजय, राजकपूर, विशाल ने छींटाकशी की। वे जब इस बात की उलाहना देने गए तो विपक्षियों ने एक राय होकर अपशब्द कहते हुए मारपीट कर धमकाया। बीच-बचाव में परिजन आए तो उन्हें भी मारापीटा व जातिसूचक शब्द कहा। पुलिस ने योगेन्द्र, अजय, राजेन्द्र समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# अटल बिहारी प्रेक्षागृह परिसर में आयोजित होगा बस्ती महोत्सव

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** इस बार बस्ती महोत्सव अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह परिसर में आयोजित होगा। तीन से पांच मार्च तक आयोजित होने वाले महोत्सव की तैयारियां तेज हो गई हैं। महोत्सव का शुभांरभ शाम सात बजे सांसद हरीश द्विवेदी और मंडलायुक्त योगेश्वराम मिश्र करेंगे। इससे पहले शाम छह बजे कुआनो नदी के घाट पर दीपदान और कुआनो आरती का कार्यक्रम होगा। रात में 8 बजे फूलों की होली, मयूर नृत्य और रात में 9.30 बजे से बालीवुड नाइट होगी।

मुख्य विकास अधिकारी डा.राजेश कुमार प्रजापति ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन शाम चार बजे से सूफी नाइट और रात 8 बजे से भोजपुरी नाइट होगी। पांच मार्च को शाम सात बजे से कामेडी और रात 8.30 बजे से मालिनी अवस्थी की प्रस्तुति होगी। उन्होंने बताया कि महोत्सव के कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए लायजन अफसर नियुक्त किए गए हैं। इन अफसरों की जिम्मेदारी होगी कि वो कलाकारों से समन्वय बनाकर नियम समय पर कार्यक्रम आयोजित कराएं।

# उमेश पाल की हत्या के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**जासं, बस्ती**: प्रयागराज के अधिवक्ता उमेश पाल की हत्या से दुखी अधिवक्ता सोमवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे। जुलूस निकाल कर प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की मांग की। अधिवक्ताओं ने अपनी मांग के समर्थन में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

जनपद बार एसोसिएशन हाल में सभी अधिवक्ता संगठनों की संयुक्त बैठक हुई। अध्यक्षता करते हुए रजनीश कुमार दुबे ने प्रयागराज के अधिवक्ता की हत्या की निंदा की। कहा प्रदेश सरकार अधिवक्ताओं की पर्याप्त सुरक्षा नहीं कर पा रही है। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की मांग लंबे समय से की जा रही है लेकिन सरकार के लचीले रुख के चलते यह कानून लागू नहीं हो पा रहा है। अधिवक्ताओं ने एक स्वर से उक्त कानून को शीघ्रातिशीघ्र लागू किए जाने की मांग उठाई।

बैठक में सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, महामंत्री शिव पूजन मिश्रा, राजकुमार श्रीवास्तव, विनय कुमार बख्शी, विनोद कुमार भट्ट, अंगद मिश्र, रमेश चंद्र पांडेय, अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद यादव, कृष्ण मुरारी मिश्र, शैलजा प्रसाद मिश्र, प्रेम नाथ उपाध्याय, विनोद सिंह, तिलक राम चौधरी, रामपाल यादव, अरुण सिंह, मुक्तनाथ यादव, रामेश्वर नाथ, मेराज अहमद खान मौजूद रहे।



जिलाधिकारी कार्यालय पर नारेबाजी करते अधिवक्ता •जागरण

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट की जांच लंबित होने पर आइजी ने जताई नाराजगी




बैठक करते आइजी आरके भारद्वाज ● सौ.विभाग

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने हर्रैया सर्किल के क्षेत्राधिकारी व सर्किल के हर्रैया, छावनी, परशुरामपुर, पैकोलिया, गौर थाने के प्रभारियों व कर्मचारियों के साथ उनके कामकाज की समीक्षा की। समीक्षा (अर्दली रूम) के दौरान पोस्टमार्टम रिपोर्ट की जांच बिना किसी कारण के लंबित रखने पर नाराजगी जाहिर किया। क्षेत्राधिकारी व अन्य विवेचकों को निस्तारण प्रतिशत सुधारने को लेकर चेतावनी दी।

परिक्षेत्रीय कार्यालय में की गई समीक्षा के दौरान अपराध रजिस्टर, लंबित विवेचना, प्रारंभिक जांच, जेड रजिस्टर आदि का अवलोकन किया। आइजी ने कहा कि चार्जशीट या फाइनल रिपोर्ट क्षेत्राधिकारी कार्यालय से ही एक कर्मचारी न्यायालय में दाखिल करने ले जाए। चार्जशीट या फाइनल रिपोर्ट न्यायालय में दाखिल होने या न होने की स्थिति में तस्करा जीडी में अवश्य अंकित किया जाएगा। दाखिले के संबंध में होने वाली कठिनाइयों को पुलिस अधीक्षक के माध्यम से मॉनिटरिंग सेल की मीटिंग में रखे जाने का निर्देश दिया। जीडी पर सीसीटीएनएस के माध्यम से आपत्ति न किए जाने पर ध्यान देने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान आइजीआरएस निस्तारण की स्थिति काफी खराब मिली। इसमें गुणात्मक सुधार के लिए एवं प्रारंभिक जांच व सामान्य जांच को अति शीघ्र निस्तारण करने के लिए क्षेत्राधिकारी हर्रैया को निर्देशित किया। पब्लिक अप्रूवल सिस्टम में रेटिंग खराब होने पर सभी प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष को रेटिंग ठीक करने का निर्देश दिया। साथ ही विगत तीन माह में स्थिति में सुधार न होने पर कार्रवाई करने की हिदायत दी। पासपोर्ट जांच में स्थिति संतोषजनक न होने पर नाराजगी व्यक्त की। सीओ शेष मणि उपाध्याय के अलावा सभी प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

# हत्या के जुर्म में पिता–पुत्र को आजीवन कारावास

**जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट का फैसला,प्रत्येक पर लगाया 11500 रुपये का अर्थदंड, अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा**

**जासं, बस्ती:** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना ने रंजिश में भाभी की हत्या करने के आरोपित देवर और उसके पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने प्रत्येक आरोपित को 11500 रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड न देने की दशा में 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी परिपूर्णानंद पांडे, सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता कमलेश कुमार चौधरी ने अदालत में घटना का विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के सुमई गांव निवासी रामअधार व सगे भाई बेचन के बीच बहुत पहले से जमीनी रंजिश चली आ रही थी। रामअधार द्वारा वाल्टरगंज थाना में दी गई तहरीर के अनुसार इसी रंजिश में बेचन व बेचन का पुत्र महेंद्र तथा बेचन का दामाद पतरका निवासी ग्राम तरेता थाना वाल्टरगंज रामअधार के घर पर चढ़ गये। उसकी पत्नी कृष्णा देवी व पुत्र रविंद्र को मारपीट कर घायल कर दिए। घायल कृष्णा देवी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि रविंद्र को गंभीर स्थिति में इलाज के लिए लखनऊ ले जाया गया। विवेचक ने बेचन और उसके पुत्र महेंद्र के विरुद्ध ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायालय ने दोनों पक्ष की दलील सुनने के बाद न्यायालय ने कृष्णा की हत्या के आरोपित बेचन व उसके पुत्र महेंद्र को दोषी मानते हुए दंडित किया है।

# हत्या के मामले में पिता-पुत्र को आजीवन कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सुनाया फैसला

**बस्ती।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना की अदालत ने हत्या के आरोप में पिता-पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने 11, 500 रुपये प्रत्येक पर अर्थदंड लगाते हुए कहा कि इसे न अदा करने पर छह माह अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना पड़ेगा।

डीजीसी पीएन पांडेय और एडीजीसी कमलेश चौधरी ने अदालत को बताया कि वाल्टगंज थाना क्षेत्र के सुभई गांव निवासी राम अधारे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका अपने सगे भाई बेचन से भूमि विवाद है। इसी रंजिश में 22 जून 2014 की शाम करीब सात बजे महेंद्र, बेचन और बेचन का दामाद पतरका ने मेरी पत्नी कृष्णा और बेटे रविंद्र के साथ मारपीट की। मारपीट में गंभीर रूप से घायल कृष्णा देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल रविंद्र का लखनऊ मेडिकल कॉलेज में इलाज चला।

मामले की विवेचना में पुलिस को आरोपी पतरका के विरुद्ध साक्ष्य न मिलने पर मुकदमे से उनका नाम निकाल दिया, जबकि महेंद्र और बेचन के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में भेजा गया।

अभियोजन की ओर से नौ गवाहों को अदालत के समक्ष पेश किया गया। गवाह और साक्ष्यों के आधार पर न्यायाधीश ने दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# बदमाशों ने सीएससी संचालक को मारी गोली

## हरिगांव में लूटपाट की वारदात को दिनदहाड़े अंजाम देने का किया प्रयास

संवाद न्यूज एजेंसी

**परशुरामपुर (बस्ती)।** हरिगांव बाजार में सोमवार को लूट में असफल बदमाशों ने ग्राहक सेवा केंद्र (सीएससी) के संचालक वीरेंद्र कुमार राजभर को गोली मार दी। गोली संचालक के पैर में लगी है। आसपास के लोग जुटने पर बदमाश असलहा लहराते हुए भाग गए। घायल संचालक को श्रीराम चिकित्सालय अयोध्या के लिए रेफर कर दिया गया है।

हरिगांव निवासी वीरेंद्र कुमार राजभर कस्बे में ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। वीरेंद्र ने परशुरामपुर सीएचसी में इलाज के दौरान बताया कि वह केंद्र पर बैठे थे। दोपहर करीब 2:30 बजे बाइक पर सवार दो नकाबपोश बदमाश आए।

उन्होंने खाते से रुपये निकालने के लिए कहा। वह जैसे ही अपने कंप्यूटर की ओर जाने लगे तभी एक बदमाश ने कनपटी पर पिस्तौल लगा दी। धमकाते हुए केंद्र में रखे सारे रुपये मांगने लगा।

पैसे निकालकर देने की बजाय वीरेंद्र ने चाभी का गुच्छा बदमाश को थमा दिया। इस पर बदमाशों ने चाभी वापस देकर लॉकर खोलकर पैसे निकालने के लिए कहा।



बदमाशों ने ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक को गोली मार कर किया घायल।

### चेहरे पर कपड़ा बांधकर बाइक से पहुंचे थे दो लुटेरे

### सीएचसी संचालक अयोध्या के जिला अस्पताल रेफर

इसी बीच बगल के दुकानदार अवधेश पांडेय को इस लूटपाट की भनक लग गई। वह केंद्र की तरफ बढ़ने लगे। अपने को घिरता देख बदमाशों ने वीरेंद्र पर गोली चला दी, जो उनके दाहिने पैर पर लगी। उसके बाद नजदीक आ रहे अवधेश पांडेय की तरफ भी फायरिंग किया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पास में स्थित इंटर कॉलेज में परीक्षा चल रही थी। वहां ड्यूटी पर तैनात सिपाही आगे आए तो उन पर पिस्तौल तानकर बदमाश मस्कनवा की तरफ फरार हो गए।

वारदात की सूचना पर एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, एसएचओ रामेश्वर यादव आदि अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज से बदमाशों की पहचान कर रही है।

# शांतिभंग की आशंका में दो गिरफ्तार

**बनकटी।** लालगंज पुलिस ने पसड़ा गांव में शनिवार को भैंस दरवाजे पर चले जाने के विवाद में हुई मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। एसओ ने बताया कि मां बेटी को घायल करने के आरोपी पसड़ा गांव निवासी श्रीप्रकाश व भोलू चौधरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना में गिरफ्तार किया गया है। संवाद

# उलाहना देने पर मारपीट कर धमकाया

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाने में तहरीर देकर रघुनाथपुर निवासी बाबूराम सोनकर ने बताया कि उनकी भतीजी नेहा व अंशिका रविवार को दवा लेकर लौट रही थीं। आरोप है कि रास्ते में गांव के अजय, राजकपूर, विशाल ने उनसे अभद्रता की। वे जब इस बात का उलाहना देने गए तो विपक्षियों ने उनसे भी मारपीट की। बीच-बचाव में परिजन आए तो उन्हें भी मारापीटा व जातिसूचक शब्दों से संबोधित किया। पुलिस ने योगेंद्र, अजय, राजेंद्र समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम कर कार्रवाई शुरू कर दी है। संवाद

# जांच लंबित होने पर खफा हुए आईजी

## हरैया सर्किल के थानों के कामकाज की समीक्षा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में देरी पर जताई आपत्ति

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने जिले के हरैया सर्किल के क्षेत्राधिकारी व सर्किल के हरैया, छावनी, परशुरामपुर, पैकोलिया, गौर थाने के प्रभारियों व कर्मचारियों के साथ उनके कामकाज की समीक्षा की। समीक्षा (अर्दली रूम) के दौरान पोस्टमार्टम रिपोर्ट की जांच बिना किसी कारण लंबित रखने पर आपत्ति जताई। साथ ही क्षेत्राधिकारी व अन्य विवेचकों को निस्तारण प्रतिशत सुधारने को लेकर चेतावनी दी।



हरैया सर्किल के क्षेत्राधिकारी और थानाध्यक्षों के साथ बैठक करते आईजी।

परिक्षेत्रीय कार्यालय में की गई इस समीक्षा के दौरान अपराध रजिस्टर, लंबित विवेचना, प्रारंभिक जांच, जांच, जेड रजिस्टर आदि का अवलोकन किया। आईजी ने कहा कि चार्जशीट या फाइनल रिपोर्ट क्षेत्राधिकारी कार्यालय से ही एक कर्मचारी न्यायालय में दाखिल करने ले जाए। इसका इंद्राज प्रत्येक दशा में जीडी में अंकित किया जाएगा। चार्जशीट या फाइनल रिपोर्ट न्यायालय में दाखिल होने या न होने की स्थिति में तस्करा जीडी में अवश्य अंकित किया जाए। दाखिले के संबंध में होने वाली कठिनाइयों को पुलिस अधीक्षक के माध्यम से मॉनीटरिंग सेल की बैठक में रखे जाने का निर्देश दिया।

जीडी पर सीसीटीएनएस के माध्यम से आपत्ति न किए जाने पर ध्यान देने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान आइजीआरएस निस्तारण की स्थिति काफी खराब मिली। इसमें गुणात्मक सुधार के लिए एवं प्रारंभिक जांच व सामान्य जांच को अति शीघ्र निस्तारण करने के लिए क्षेत्राधिकारी हरैया को निर्देशित किया। पब्लिक अप्रूवल सिस्टम में रेटिंग खराब होने पर सभी प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को रेटिंग ठीक करने का निर्देश दिया। साथ ही तीन माह में स्थिति में सुधार न होने पर कार्रवाई करने की हिदायत दी। पासपोर्ट जांच में भी स्थिति संतोषजनक न होने पर नाराजगी जताई।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फॉलोवर्स की संख्या बढ़ाने को कहा। इस दौरान सीओ शेष मणि उपाध्याय के अलावा सभी प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 28-02-2023

# 50 हजार का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर (एसएनबी)। जिले की एसओजी,सर्विलांस व मोहाना थाना की संयुक्त टीम के हाथ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है,पुलिस टीम ने 50 हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त/ गैंगेस्टर को गिरफ्तार कर लिया है।पकड़े गए अभियुक्त का नाम गुरुचरन पुत्र स्वर्गीय श्याम लाल है,वह गोंडा जनपद के वजीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरियाडीह खटकिन पुरवा का निवासी है। पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त गुरुचरन काफी दिनों से फरार चल रहा था,जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती द्वारा 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था,इस इनामिया गैंगेस्टर की गिरफ्तारी के लिए एसओजी/सर्विलांस व थाना मोहाना की संयुक्त टीम का गठन किया गया था,गठित की गई टीम ने तत्परता दिखाते हुए 27 फरवरी को सुबह मोहाना थाना क्षेत्र के बर्डपुर स्थित चिल्हिया मोड़ से उक्त अभियुक्त को पकड़ने में सफलता हासिल किया,उन्होंने बताया कि इसके पहले भी अभियुक्त गुरुचरन के गैंग के तीन अन्य सदस्यों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पकड़े गए अभियुक्त द्वारा विभिन्न जनपदों में चोरी,टप्पे बाजी व डिग्गी तोड़कर रुपये निकालने की घटनाओं को अंजाम दिया जाता है।पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस टीम द्वारा एक अदद मोटरसाईकल, दो अदद मोबाइल,720 रुपया नकद बरामद किया है।पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध गोंडा, उन्नाव ,सिद्धार्थ नगर सहित प्रदेश के कई जिलों में आपराधिक मुकदमे दर्ज है।इस इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष मोहाना जीवन त्रिपाठी,एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव,सर्विलांस सेल प्रभारी सुरेंद्र सिंह,मुख्य आरक्षी रमेश यादव, राजीव शुक्ल,मृत्युंजय कुशवाहा,पवन तिवारी,अवनीश सिंह,धीरेंद्र तिवारी,विवेक मिश्र, अभिनन्दन सिंह शामिल रहे।प्रेस वार्ता के दौरान सीओ सदर अखिलेश कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे।



पत्रकारों से वार्ता करते पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द।

# मिलजुल कर मनायें त्यौहार

बानगंगा (एसएनबी)। शोहरतगढ़ तहसील सभागार मे होली व शवेबारात को लेकर पीस कमेटी की बैठक एसडीएम शोहरतगढ़ प्रदीप कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई।एसडीएम ने तहसील सभागार मे उपस्थित लोगों से आगामी होली व शबेवारात त्योहार को सौहार्द पूर्वक मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष शोहरतगढ़ पंकज कुमार पाण्डेय ने कहा कि डीजे कम ध्वनि में बजाएं। त्यौहार में खलल डालने वाले अराजक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। इस दौरान प्रदीप कुमार यादव एसडीएम शोहरतगढ़, थानाध्यक्ष पंकज पाण्डेय,वीरेंद्र सिंह,सभाजीत मिश्रा,राम मिलन चौधरी, रवि अग्रवाल,सौरभ गुप्ता, वकील खान,अल्ताफ हुसेन, रामू यादव, सोनू निगम, राजेन्द्र जायसवाल, रविन्द्र कुमार उर्फ लालू यादव, अशोक दूबे, मनोज कुमार,सर्वजीत यादव, रामदास, संजीव पाण्डेय, विशुनदेव तिवारी, अनिरुद्ध चौधरी सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।



# एसपी ने मातहतों संग बॉर्डर पर की पेट्रोलिंग

सिद्धार्थनगर। एसपी अमित कुमार आनंद ने मातहातों संग थाना कपिलवस्तु के इंडो-नेपाल बॉर्डर से सटे बजहा कस्बा में सोमवार को पेट्रोलिंग की। लोगों से अमन के माहोल में रहने व संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देनी की अपील की गई। इस दौरान रामकृष्ण डोंगरा कार्यवाहक कमांडेंट 43वीं बटालियन एसएसबी, शक्ति सिंह उपकमांडेंट एसएसबी, चौकी प्रभारी बजहा आदि रहे।



दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन के बाद नायब तहसीलदार के माध्यम से आप ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा । • हिन्दुस्तान

# सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में आप का प्रदर्शन

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता** ।दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। उन्होंने उप मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को असंवैधिक व निराधार बताते हुए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज तत्काल रिहाई की मांग की।

जिलाध्यक्ष महेश कुमार राव के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ता कलक्ट्रेट पहुंचे। यहा नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि उपमुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर भाजपा ने साबित कर दिया है कि वह तानाशाही पर उतर आई है। जांच एजेंसियां भी असंवैधिक कार्य में लिप्त हैं। भाजपा को आम आदमी पार्टी का बढ़ रहा कद पसंद नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी नींव हिलती देख रही है। मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी का विरोध करने वाले सांसद संजय सिंह, मंत्री गोपाल राय, विधायक ऋतुराज आदि को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि सत्ता के खिलाफ आवाज बुलंद करने वालों के खिलाफ हो रही कार्रवाई को जनता देख रही है कि किस प्रकार से भाजपा एजेंसियों का इस्तेमाल कर विपक्ष को प्रताड़ित कर रही है। प्रदर्शन के बाद नायब तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज कर तत्काल रिहाई की मांग की। इस दौरान मोहम्मद फैसल, शाह आलम, प्रमोद मिश्र, नवल किशोर विश्वकर्मा, मो. समीर आदि मौजूद रहे।

# भाईचारा के साथ मनाएं त्योहार अराजक तत्वों पर होगी सख्ती

- तहसील सभागार में हुई पीस कमेटी की बैठक में बोले एसडीएम
- कहीं पर समस्या व असुरक्षा दिखे तो प्रशासन को दें सूचना

शोहरतगढ़, हिन्दुस्तान संवाद। पर्व को आपसी भाईचारा व प्रेम सौहार्द के साथ सभी लोग मिलकर मनाएं। कहीं पर समस्या व असुरक्षा दिखने पर प्रशासन को जरूर सूचना दें। अराजकतत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। ये बातें एसडीएम प्रदीप कुमार यादव ने तहसील सभागार में पीस कमेटी की बैठक में कहीं।

उन्होंने कहा कि होली व शब-ए-बारात पर्व नजदीक है। पर्व एक साथ पड़ रहा है। दोनों पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए आपस में भाईचारा कायम रखते हुए एक दूसरे का सहयोग करें। मिलजुलकर त्योहार मनाएं। उन्होंने कहा कि होली का जुलुस मार्ग व अन्य तैयारी को पहले से ही भलीभांति देख लें। छोटे-छोटे विवाद आपस में बात कर हल कर लें।

उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कार्य न करें कि किसी दूसरे समुदाय को ठेस पहुंचे। नगर में सफाई के लिए ईओ को निर्देश दिया। थानाध्यक्ष पंकज पांडेय ने कहा कि पर्व में खलल डालने वालों को बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने डीजे संचालकों से कहा कि धीमी आवाज में डीजे तेज आवाज में बजाते पाया गया तो विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसआई सभाशंकर मिश्र, रवि अग्रवाल, अल्ताफ हुसैन, वकील खां, विशुनदेवआदि मौजूद रहे।

# भाजयुमो नेता से मारपीट व छिनैती में दो पर केस

- हरैया गांव के आगे भट्टे के पास की घटना
- पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की छानबीन

इटवा, हिन्दुस्तान संवाद। भाजपा युवा मोर्चा के जिलामंत्री से मारपीट व छिनैती करने के मामले में मिश्रौलिया पुलिस ने रविवार देर शाम दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने यह कार्रवाई पीड़ित की तहरीर के आधार पर की है।

पुलिस को दिए तहरीर में बिड़रा गांव निवासी पीड़ित भाजपा युवा मोर्चा के जिलामंत्री विनय त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार को वह अपने दो मित्रों के साथ एक जरूरी काम से गोल्हौरा जा रहे थे। रास्ते में हरैया चौराहे से आगे भट्ठे के पास गौरडीह गांव के दो लोग अपनी बग्गी पर ईंट लादकर खड़ा किए हुए थे। आरोप है कि जब उन्होंने अपने गाड़ी का हार्न बजाकर बग्गी साइड में करने लेने को कहा तो उन लोगों ने बग्गी से ईंट उठाकर अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर मारपीट की और जेब में रखा सोने के आभूषण व 10 हजार रुपये नगदी छीनकर फरार हो गए। उन्होंने 112 नम्बर पर फोन कर सूचना देने की कोशिश की पर फोन नहीं लगा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रविवार शाम आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष मोती लाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर गौरडीह गांव निवासी लल्ला पुत्र हसबू व मिरचा पुत्र मजीबुल्लाह के खिलाफ धारा 394, 323,504 व 506 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## एसओजी, सर्विलांस व मोहाना थाने की पुलिस ने की गिरफ्तारी

# 50 हजार के इनामी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कामयाबी**




इनामी बदमाश की गिरफ्तारी के बाद खुलासा करते पुलिस कप्तान अमित कुमार।

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** सिद्धार्थनगर थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के फरार चल रहे 50 हजार के इनामिया आरोपित गुरुचरन को एसओजी, सर्विलांस व मोहाना थाने की पुलिस टीम ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। वह गोंडा जिले का रहने वाला है।

एसपी अमित कुमार आनंद ने पुलिस लाइंस सभागार में पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि आरोपित गुरुचरन पुत्र स्व. श्यामलाल गोंडा जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के डुमरियाडीह खटकिनपुरवा का रहने वाला है। पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र ने उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। आरोपित विभिन्न जनपदों में चोरी, टप्पेबाजी, डिक्की तोड़कर रुपये निकालने की घटनाओं को अंजाम देता था। गुरुचरन के पास से पुलिस ने एक बाइक, दो मोबाइल व 720 रुपया बरामद किया है। गुरुचरन पर कई थानों में केस दर्ज हैं। धारा 379, 411 थाना शोहरतगढ, धारा 379, 411, 419, 420, 467, 468, 471, 34 थाना सिद्धार्थनगर, धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना वजीरगंज जनपद गोंडा, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना इटियाथोक जनपद गोंडा, धारा 379 थाना कोतवाली नगर जनपद गोंडा, धारा 379, 411 थाना दही जनपद उन्नाव, धारा 8/2022 एनडीपीएस एक्ट थाना दही जनपद उन्नाव, धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना सिद्धार्थनगर, धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना वजीरगंज जनपद गोंडा में दर्ज है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:** जीवन त्रिपाठी थानाध्यक्ष मोहाना, शेषनाथ यादव प्रभारी एसओजी, सुरेंद्र सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल, मुख्य आरक्षी रमेश यादव, राजीव शुक्ला, मृत्युंजय कुशवाहा, पवन तिवारी।

# सुरक्षा की अहम कड़ी हैं ग्राम प्रहरी

शोहरतगढ़। क्षेत्र के गांव में रहने वाले हर नागरिकों की गतिविधियों के साथ-साथ आने जाने वाले लोगों पर भी पैनी निगाह बनाए रखना जरूरी होता है। पुलिस के अंग कहे जाने ग्राम प्रहरी सुरक्षा की अहम कड़ी हैं। सभी ग्राम प्रहरी सतर्कता और सूझबूझ से हर पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं। ये बातें थाना परिसर में ग्राम प्रहरियों संग बैठक में थानाध्यक्ष ने कहीं।

उन्होंने कहा कि सभी ग्राम प्रहरी अपने जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करते रहें। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कड़ी नजर रखें ताकि समय रहते उन पर कड़ी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने प्रहरियों को निर्देशित किया कि होलिका दहन स्थल पर जरूर जाएं और लोगों को आपसी भाईचारा व सौहार्द पूर्ण ढंग से पर्व मनाने के लिए प्रेरित करें। इससे लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा और आसामाजिक तत्व अपने मंसूबों में सफल नहीं होने पाएंगे।

# आत्मदाह का प्रयास करने वाले रघुनंदन पर एसएसबी ने दर्ज कराया मुकदमा

**जासं, संतकबीर नगर**: कथित एसएसबी जवान के द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय पर गत 24 फरवरी को आत्मदाह करने के मामले में नया मोड़ आ गया है। इस मामले में एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) सिद्धार्थनगर के उपकमांडेंट ने रघुनंदन यादव के खिलाफ कोतवाली खलीलाबाद में मुकदमा दर्ज कराया है। उनका कहना है कि उसने खुद को एसएसबी का जवान बताकर जनता को गुमराह किया, जबकि वह एसएसबी से पारिवारिक कारणों से त्यागपत्र दे चुका है।

एसएसबी 43वीं वाहिनी सिद्धार्थनगर के उपकमांडेंट दंडपाल शक्ति सिंह ने कोतवाली खलीलाबाद को दिए गए अपने शिकायती पत्र में यह लिखा है कि रघुनंदन यादव निवासी निबहर, पोस्ट रिठुआखोर, थाना सहजनवां, जनपद गोरखपुर 11 जून 2012 को एसएसबी में आरक्षी सामान्य के पद पर नियुक्त हुआ था। उसने अपने घरेलू कारण व पारिवारिक समस्या के कारण गत 22 नवंबर 2022 को त्यागपत्र दे चुका है। वर्तमान में वह एसएसबी में कार्यरत नहीं है। वह अपने आप को एसएसबी के जवान के तौर पर प्रस्तुत करके स्थानीय लोगों तथा प्रशासन को गुमराह कर रहा है। उस व्यक्ति ने अपने कार्य से एसएसबी को बदनाम किया है। यह किसी भी अनुशासित बल के कार्य के विरुद्ध है। इसलिए उस व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाए। प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सर्वेश राय ने बताया कि रघुनंदन यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

**यह है मामला**: रघुनंदन यादव ने गत 24 फरवरी को जिलाधिकारी कार्यालय पर अपने ऊपर डीजल छिड़क कर आत्मदाह करने का प्रयास किया था। उसे किसी तरह से बचाया गया। उसने खुद को एसएसबी का जवान बताया था। उसका आरोप था कि मगहर में स्थित उसकी बैनामे की भूमि पर कुछ लोगों के द्वारा कब्जे का प्रयास किया जा रहा है।

**शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई** : इटवा, मिश्रौलिया थाने पर शांति कमेटी की बैठक में होली और शब-ए-बरात पर्व को लेकर चर्चा की गई।

नागरिकों से समस्याएं पूछी गईं तो सभी से त्योहार सौहार्द पूर्वक वातावरण में मनाने के लिए आह्वान किया गया। शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों को कड़ी चेतावनी दी गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी हरीश चंद्र ने कहा कि होली के दिन अबीर-गुलाल की ही होली खेले। गंदगी एवं कीचड़ की होली खेलने से सभी लोग परहेज करें। कहीं भी विवाद की समस्या आती है तो तुरंत सूचित करें। कोई अराजकता करता है तो इसकी जानकारी दें, जिससे उनको सबक सिखाया जा सके। शांति व्यवस्था को किसी ने भी खराब करने की कोशिश की तो उसे बख्शा नहीं जाएगी। नायब तहसीलदार महेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक मोती लाल यादव ने भी बैठक को संबोधित किया। ग्राम प्रधान पप्पू चौरसिया, प्रेम सेवक चौधरी, तेज प्रताप आदि उपस्थित रहे।

# एसपी ने पैदल गश्त कर देखी सीमा की सुरक्षा



सीमा क्षेत्र का निरीक्षण करते एसपी अमित कुमार आनन्द व एसएसबी कमांडेंट आर के डोगरा ● जागरण

**जासं,कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर :** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने सोमवार को सीमा क्षेत्र का निरीक्षण किया। सीमाई इलाके में पैदल गश्त कर सुरक्षा के लिए तैयार की गई व्यवस्था के बारे में जानकारी लेने के साथ ही पुलिस विभाग के जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिया।

एसपी ने सीमा क्षेत्र के क्षेत्र के गौरी से मटियरिया तक पैदल गश्त किया। आपरेशन कवच के तहत कमांडेंट आर के डोगरा से चर्चा किया तथा इसके उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। साथ ही सीमा पर गश्त करने वाले जवानों से सभी प्रकार के संदिग्धों पर नजर रखने को कहा। तस्करी को शून्य करने पर दोनों अधिकारियों ने रणनीति बनाई गई। जवानों से कहा कि स्थानीय लोगों को यह बताएं कि देश हित में गुप्त सूचनाएं मिलते ही प्रशासन को सूचना देने में सभागिता निभाएं। इससे सीमा क्षेत्र सहित देश की आंतरिक सुरक्षा में सहयोग मिल सके। इस दौरान कोतवाली प्रभारी ज्ञानेंद्र राय, चिल्हिया एसओ दीपक कुमार, अरविंद कुमार,अशोक कुमार, नंदलाल एसएसबी के सहायक कमांडेंट शक्ति सिंह आदि उपस्थित रहे।

**पर्व में खलल डालने वाले जाएंगे जेल-एसडीएम**: शोहरतगढ़, हर पर्व को आपसी प्रेम व भाईचारा के साथ मनाएं तो इसका आनन्द कुछ और होता है। मारपीट व झगड़ा करने से पर्व फीका हो जाता है तथा शारीरिक कष्टों से गुजरना पड़ता है। उक्त बातें उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार यादव ने तहसील सभागार में शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि होली व शब-ए- बरात दोनों समुदाय का पर्व एक साथ पड़ रहा है। पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए आपस में भाईचारा कायम रखने की अपील की। होली का जुलूस किस मार्ग से जाएगा आपस में मिलजुल कर वार्ता कर हल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कार्य न करें कि जिससे दूसरे समुदाय को ठेस पहुंचे। नगर में साफ सफाई के लिए ईओ को निर्देशित किया।

थानाध्यक्ष पंकज पांडेय ने कहा कि पर्व में खलल डालने वाले चाहे वह कितनी भी पहुंच वाला क्यों न हो बक्शा नही जाएगा। इस दौरान उप निरीक्षक सभाशंकर मिश्रा, राम मिलन चौधरी, रवि अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, अल्ताफ हुसैन, वकील खां आदि रहे।

## ग्राम प्रहरी सूझबूझ से सकुशल संपन्न कराएं पर्व

जासं, शोहरतगढ़ : सभी ग्राम प्रहरी सर्तकता और सूझबूझ से हर पर्व को शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं। पुलिस का अंग होने के नाते यह आपकी जिम्मेदारी हैं। कहीं भी विवाद का पूर्वानुमान हो तो तत्काल पुलिस को इसकी जानकारी दें। इससे विवाद होने से पहले रोका जा सके। यह बातें सोमवार को शोहरतगढ़ थाना परिसर में ग्राम प्रहरियों की बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी पंकज कुमार पांडेय ने कही। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम प्रहरी अपने जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वाहन करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में अभी से लगातार भ्रमण करते रहें। सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखें। जिससे समय रहते उन पर कड़ी कार्रवाई की जा सके।

उन्होंने सभी प्रहरियों को निर्देशित करते हुए कहा कि होलिका दहन स्थल पर जरूर जाएं और लोगों को आपसी भाईचारा व सौहार्द पूर्ण ढंग से पर्व मनाने के लिए प्रेरित करें।

इससे लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा और असामाजिक तत्व अपने मंसूबों में कभी सफल नहीं होने पाएंगे।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा 50 हजार का इनामी

## पुलिस महानिरीक्षक बस्ती रेंज ने घोषित किया था इनाम, एसओजी टीम ने किया गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में 50 हजार का इनामी बदमाश के गिरफ्तारी का पर्दाफाश किया। आरोपित को एसओजी व मोहाना थाना की संयुक्त टीम ने बर्डपुर बाजार के चिल्हिया मोड़ के पास से पकड़ा है। इसका नाम गोंडा के थाना वजीरगंज के डुमरियाडीह खटिकनपुरवा गांव निवासी गुरुचरन है।



गिरफ्तार आरोपितों के बारे में जानकारी देते पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद साथ में मौजूद एएसपी सिद्धार्थ व सीओ सदर अखिलेश वर्मा ● जागरण

आरोपित की खोज में सिद्धार्थनगर, गोंडा व उन्नाव पुलिस लगी थी। इन जनपदों में दर्ज दस मुकदमों में यह वांछित हैं। पुलिस महानिरीक्षक बस्ती रेंज ने इसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार का इनाम घोषित कर रखा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपित लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसओजी व मोहाना थाना की संयुक्त टीम गठित की गई थी। सोमवार की सुबह के समय टीम बर्डपुर बाजार में गश्त कर रही थी। इस दौरान गुरुचरन नेपाल की ओर से आता दिखा। मुखबिर द्वारा पहचान करने पर पुलिस ने उसे दबोच लिया। उसके पास से दो मोबाइल व 720 रुपये बरामद हुआ। पुलिस अधीक्षक ने गुरुचरन एक गिरोह का संचालन करता है। उसके गिरोह में कुल चार सदस्य हैं। गिरोह के अन्य सदस्यों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। आरोपित को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ मोहाना जीवन त्रिपाठी, प्रभारी एसओजी शेषनाथ यादव, प्रभारी सर्विलांस टीम सुरेंद्र सिंह, मुख्य आरक्षी रमेश यादव, राजीव शुक्ला, मृत्युंजय कुशवाहा, पवन, अवनीश आदि मौजूद रहे।

### इस तरह घटना को अंजाम देता है गिरोह

गिरोह के सदस्य चोरी व टप्पेबाजी के लिए पहले लोगों की रेकी करते हैं और बाद में एकांत में मौका देकर संबंधित को अपने झांसे में लेते हैं और उसके बाद घटना को अंजाम देते हैं। पुलिस के मुताबिक बीते एक वर्ष में यह गिरोह बाइक की डिक्की से रुपये व सामान चोरी करने में भी सक्रिय रहा है। गुरुचरन डेढ़ वर्ष पूर्व जिला अस्पताल के पास हुई 4.80 लाख की लूट की घटना का मास्टर माइंड भी रहा है।

# आत्मनिर्भर बना रहा सामाजिक चेतना अभियान

## जिलाधिकारी व पुलिस अधिक्षक ने कार्यक्रम में लिया हिस्सा, दी जानकारी

**जासं, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर** : भारत- नेपाल सीमा से सटे बजहा में सशस्त्र सीमा बल की ओर से सामाजिक चेतना अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न आयोजनों के दौरान लोगों में सीमा सुरक्षा की भावना पैदा की गई। इस मौके पर विविध खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सरदार भगत सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित सामाजिक चेतना अभियान अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक के वित्तीय सहयोग से महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा था। इसका समापन सोमवार को किया गया। समापन समारोह में पहुंचे जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली अभियार्थिनियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका हौसला बढ़ाया। सिलाई प्रशिक्षण में प्रथम स्थान कुसुम कसौधन, द्वितीय नेमसी, रोशनी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। वालीबाल प्रतियोगिता का फाइनल मैच भी खेला गया जिसका शुभारंभ डीएम ने वालीबाल सर्विस देकर किया। रोचक मैच के बीच अलीगढ़वा ने चेरीगंवा के टीम को दो शून्य से पराजित कर दिया। प्रथम विजेता टीम को जिला अधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधिक्षक अमित कुमार आनंद ने शील्ड प्रदान किया। डीएम ने कहा कि इस तरह के आयोजन से सीमा क्षेत्र के पिछड़े शोषित लोग भी इस अभियान से स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो रहे हैं। कमांडेंट आर के डोगरा, सहायक कमांडेंट शक्ति सिंह, जसवंत कुमार, कोतवाली प्रभारी ज्ञानेंद्र राय, चिल्हिया एसओ दीपक कुमार,कोमल आदि उपस्थित रहीं।



विजेता टीम को ट्राफी प्रदान करते डीएम संजीव रंजन व एसपी अमित कुमार आनन्द ● जागरण

# जमीन पर कब्जे के लिए दो पक्ष आमने-सामने

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**इटवा।** थाना क्षेत्र के इटवा कस्बे के बिस्कोहर मार्ग पर पीडब्ल्यूडी की भूमि के सामने एक भूखंड पर कब्जे के लिए सोमवार को दो पक्ष आमने-सामने आ गए। शोर सुनकर पहुंचे कुछ लोगों ने बीच-बचाव करके मामले को शांत कराया।

स्थानीय कस्बे के बिस्कोहर मार्ग पर सड़क के उत्तर स्थित एक भूखंड को उसके मालिक ने 43 वर्ष पूर्व बेच दिया था। खरीदार ने बगैर गाटा संख्या का उल्लेख किए केवल चौहद्दी के आधार पर बैनामा लिखवाकर मकान बनाकर रहने लगा।

मकान मालिक ने इसे बेचकर कब्जा दे दिया। नए खरीदार मकान को तोड़वाकर नई बुनियाद डालने के लिए मलबे को हटाने लगे। तभी दूसरा पक्ष जेसीबी लेकर कब्जा करने पहुंच गया। उसका कहना है कि इस जमीन को उसने 1994 में ही बैनामा लिया था। इसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट की स्थिति बन गई। लोगों ने किसी तरह से मामले का शांत करवाया।

एसओ अरविंद मौर्य ने बताया कि दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया गया है। उनकी सुनने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# संपन्न हुई नीलामी प्रक्रिया 1.32 लाख की राजस्व प्राप्ति

**जासं, इटवा:** आपरेशन क्लीन के तहत मिश्रौलिया थाने में लावारिस, विभिन्न मुकदमों से संबंधित वाहनों की नीलामी प्रक्रिया सोमवार को हुई। कुल 12 वाहनों की नीलामी से जीएसटी सहित 132160 रुपये की राजस्व की प्राप्ति की गई। प्रायः थाना परिसर में बेतरतीब दो बाइक खड़े रहते हैं। इन वाहनों से थाने की काफी अधिक भूमि व्यर्थ हो जाती है व दैनिक थाना कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होता है। जो धूप, गर्मी, बरसात की वजह से जंग लगकर धीरे-धीरे नष्ट हो रहे हैं। साथ ही राष्ट्रीय सम्पत्ति की हानि हो रही है। उन्होंने आपरेशन क्लीन के तहत इसके निस्तारण हेतु निर्देश दिए। मिश्रौलिया थाने पर एसडीएम इटवा विकास कश्यप, पुलिस क्षेत्राधिकारी हरीश चंद्र, सहायक सम्भागीय परिवाहन अधिकारी बृजेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक मोतीलाल यादव की गठित टीम के समक्ष लंबित माल मुकदमाती से संबंधित सीज शुदा 12 वाहनों की नीलामी संपन्न कराई गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि नीलामी की धनराशि राजकीय कोषागार में जमा कराई जाएगी।

# ठगी के शिकार व्यक्ति की रकम वापस कराई

**सिद्धार्थनगर।** साइबर सेल की टीम ने धोखाधड़ी के शिकार एक व्यक्ति के खाते में सोमवार को सवा लाख रुपये वापस कराए दिए। रुपये मिलने से पीड़ित खुश हो गया।

प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल सुभाष कुमार यादव ने बताया कि अमन जायसवाल निवासी मो. रामनगर थाना सदर ने फेसबुक पर कंपनी का विज्ञापन देख कर पानी की बोतलें खरीदने के लिए एक खाता नंबर में 1.24 लाख रुपये भेज दिया। जब पता चला कि वह धोखाधड़ी का शिकार हो गया तो उसने शिकायत की।

टीम मामले की जांच में जुट गई। सोमवार को पीड़ित के बैंक खाते में पूरी धनराशि वापस करवा दिया गया। संवाद

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अलीगढ़वा बना विजेता



सरदार भगत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेते अलीगढ़वा और चेरीगंवा के खिलाड़ी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**कपिलवस्तु।** बजहा में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच सोमवार को अलीगढ़वा और चेरीगंवा के बीच खेला गया।

अलीगढ़वा टीम के कप्तान अलाउद्दीन व चेरीगंवा के खुर्शीद आलम अपनी टीम के साथ मैदान में उतरे। एक-दूसरे पर विजय प्राप्त करने के लिए जोर आजमाइश करते रहे। रोचक मैच में अलीगढ़वा ने चेरीगंवा को दो शून्य से हराकर मैच जीत लिया।

अलीगढ़वा की तरफ से साहिल खान ने बेहतर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्रॉफी दी।

# रक्तदान कर 12 लोग बने महादानी



बांसी कोतवाली परिसर में रक्तदान करते रक्तदाता। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बांसी।** अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर सोमवार को बांसी कोतवाली परिसर में भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन, राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच और आजाद वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 12 लोगों ने रक्तदान किया।

शिविर का उद्घाटन सीओ देवी गुलाम ने किया कहा कि रक्तदान बहुत बड़ा पुनीत कार्य है। इसके लिए शिविर के आयोजक बधाई के पात्र हैं। इस तरह के आयोजन महीने में एक बार अगर होता रहे तो बहुत से लोगों का जीवन बचाया जा सकता है।

कोतवाल अनुज कुमार सिंह ने रक्तदान करने वाले युवाओं को उत्साहित करते हुए कहा कि आज के नौजवान अगर रक्तदान करने में रुचि ले रहे हैं तो यह सौभाग्य की बात है।

इससे निश्चित ही ब्लड बैंक में रक्त की कमी नहीं होने पाएगी और जरूरतमंदों को समय से रक्त मिल जाएगा। रक्तदान करने वाले लखपति शर्मा, रक्तदाता बृजेश चौबे, अनिल कुमार अवस्थी, वीरू मिश्र, संजय कुमार पांडेय, सुनील कुमार श्रीवास्तव, शशि प्रकाश शुक्ल, रमेश वर्मा आदि को सीओ देवी गुलाम और कोतवाल अनुज कुमार सिंह ने प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया।

## अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर लगा रक्तदान शिविर

इस अवसर पर भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के जिला अध्यक्ष रविंद्र श्रीवास्तव, राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच के जिलाध्यक्ष ईश्वर चंद्र दुबे, डॉ. सुशील श्रीवास्तव सागर, स्वास्थ्य विभाग की टीम डॉ. राघवेंद्र वर्मा, एके मिश्र, उमेश कुमार पांडेय, आंचल श्रीवास्तव, राजकुमार तिवारी, मनीष कुमार, एसपी विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर नजर रखें : एसडीएम



होली व शबे-बरात त्योहार को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते एसडीएम प्रदीप कुमार यादव। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**शोहरतगढ़।** होली व शबेबरात त्योहार को लेकर सोमवार को एसडीएम की अध्यक्षता में शोहरतगढ़ थाना परिसर में चौकीदार और क्षेत्र के लोगों की बैठक हुई। इसमें त्योहार सकुशल संपन्न कराने की अपील की गई।

उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि होली व शबे बारात पर्व एक साथ पड़ रहा है। दोनों पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए आपस में भाईचारा कायम रखते हुए एक-दूसरे का सहयोग करें। कहा कि होली का जुलुस किस मार्ग से जाएगा आपस में बात कर हल कर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कार्य न करें कि किसी दूसरे समुदाय को ठेस पहुंचे। थानाध्यक्ष पंकज पांडेय ने कहा कि पर्व में खलल डालने वाले चाहे वह कितना भी पहुंच वाला हो उसको बक्शा नही जाएगा। इसके अवाला चौकीदारों को गांव में नजर रखने के लिए कहा।

इस दौरान सभाजीत मिश्र, राम मिलन चौधरी, रवि अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, अल्ताफ हुसैन आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने पैदल गश्त कर परखी सुरक्षा व्यवस्था

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**कपिलवस्तु।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने सोमवार को सीमा क्षेत्र का दौरा किया। क्षेत्र के गौरी से मटियरिया तक पैदल गश्त की गई।

एसएसबी के ऑपरेशन कवच के तहत कमांडेंट आरके डोगरा से चर्चा की गई। सीमा पर संदिग्धों पर नजर रखने के लिए कहा गया। तस्करी को शून्य करने की रणनीति बनाई गई। दोनों अधिकारियों ने जवानों से कहा कि सीमाई क्षेत्र के आमजन मानस से सामंजस्य बनाकर उन्हें प्रेरित किया जाए।

इस दौरान कोतवाली प्रभारी ज्ञानेंद्र राय, चिल्हिया एसओ दीपक कुमार, अरविंद कुमार, अशोक कुमार, नंदलाल, एसएसबी सहायक कमांडेंट शक्ति सिंह, मुकेश कुमार, जसवंत, धर्मेंद्र मिश्र मौजूद रहे।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा 50 हजार का इनामी गैंगस्टर

## कई जनपदों में लूट, चोरी, छिनैती के 15 से अधिक मुकदमों में था वांछित

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** लूट, छिनैती सहित कई आपराधिक मामलों में फरार चल रहा 50 हजार का इनामी बदमाश सोमवार सुबह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। एसओजी और मोहाना पुलिस की टीम ने उसे क्षेत्र के बर्डपुर मोड़ से दबोच लिया। पुलिस का दावा है कि इस पर 15 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इसके तीन साथी पहले ही पकड़े जा चुके हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस लाइन सभागार सोमवार को एसपी अमित कुमार आनंद ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गोंडा जनपद के वजीरगंज थाना क्षेत्र के

### एसओजी और मोहाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बर्डपुर मोड़ के पास से पकड़ा

डुमरियाडीह खटकिनपुरवा गांव निवासी गुरुचरन शातिर बदमाश है। वह गैंग बनाकर लूट, छिनैती, चोरी आदि वारदातों को अंजाम देता था। उसके खिलाफ जनपद के अलावा उन्नाव, गोरखपुर व अन्य जनपद में 15 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। उसके तीन साथी कुछ दिन पहले ही बाइक की डिकी तोड़कर नकदी उड़ाने के मामले में पकड़े गए थे। वे जेल में बंद हैं।

गुरुचरन फरार हो गया था। आईजी बस्ती की ओर से उसपर 50 हजार रुपये का इनाम रखा गया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव, सर्विलांस प्रभारी सुरेंद्र सिंह को लगाया गया था। सोमवार सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि मोहाना थाना क्षेत्र के बर्डपुर से चिल्हिया जाने वाले मार्ग पर वह आने वाला है।

एसओ मोहाना जीवन त्रिपाठी के साथ टीम तैयार की गई। बताए हुए स्थान पर टीम पहुंच गई। इसी बीच एक व्यक्ति बाइक से आता हुआ दिखा।


जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। जवानों ने घेराबंदी करके पकड़ा तो उसकी पहचान गुरुचरन के रूप में की गई। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उसके खिलाफ दर्ज मुकदमों की जानकारी जुटाई जा रही है।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 28-02-2023

# एएसपी ने किया महुली थाने का निरीक्षण

नाथनगर (एसएनबी)। जिले के अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत महुली थाने पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर



पुलिस अधीक्षक ने थाने के सभी जरूरी अभिलेखों की गहनता के साथ जांच पड़ताल की और थाना परिसर में सभी स्थानों पर पहुंचकर साफ-सफाई का भी जायजा लिया। एएसपी ने थाने के मालखाने में पहुंचकर असलहों के रख-रखाव की भी जानकारी निरीक्षण के दौरान प्राप्त की। अपरान्ह करीब 2 बजे अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह महुली थाने पहुंच गए और थाना परिसर में स्थित प्रभारी निरीक्षक के कक्ष में बैठ गए जहां उन्होंने मातहतों से बारी-बारी से सभी अभिलेखों को मंगवा कर गहनता से उसकी जांच पड़ताल की। इस दौरान एएसपी ने मालखाना रजिस्टर,आगन्तुक रस्टिर, महिला अपराध रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, हिस्ट्री शीटरों से संबंधित रजिस्टर, जीडी,पाबंदी कार्रवाई रजिस्टर समेत अन्य सभी अभिलेखों की जांच की। उसके बाद एएसपी थाने के दीवान खाने में पहुंच गए जहां उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव की व्यवस्था देखी और मातहतों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिया। उसके बाद एएसपी थाने के मालखाने में पहुंचकर असलहों के रखरखाव की जानकारी प्राप्त की। एएसपी ने थाने के महिला और पुलिस बंदीगृहों का जायजा लेकर साफ-सफाई का निर्देश दिया। इस दौरान सीओ धनघटा दीपांशी राठौर के अलावा थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार,चौकी प्रभारी विरेन्द्र कुमार मिश्र, रमेश यादव, अरूण कुमार पांडेय, हरिकेश भारती, उपनिरीक्षक परमेश कुमार मिश्र, अवधेश शर्मा,बलजीत यादव व जयप्रकाश मिश्र सहित सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# त्वरित निस्तारण का मिला प्रशिक्षण



**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में सीसीटीएनएस की मासिक हैंड्स ऑन ट्रेनिंग-गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें जनपद के थानों के प्रभारी निरीक्षक, विवेचक, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए, मु. आरक्षी-आरक्षी व महिला आरक्षियों को सीसीटीएनएस संबंधी मूलभूत प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही महिलाओं से संबंधित मुकदमों के सुपरविजन एवं उनके त्वरित निस्तारण हेतु बताया गया। अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन, नोडल अधिकारी सीसीटीएनएस अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राजीव कुमार यादव की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में सीसीटीएनएस मासिक हैंड्स ऑन ट्रेनिंग-गोष्ठी का आयोजन किया गया। जनपद के थानों के प्रभारी निरीक्षक, विवेचक, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए, मु. आरक्षी-आरक्षी व महिला आरक्षियों ने प्रतिभाग किया जिन्हें सीसीटीएनएस संबंधी मूलभूत प्रशिक्षण जैसे सीसीटीएनएस कैस सॉफ्टवेयर पर फीड किए जा रहे पर्चों का पर्यवेक्षण, डाटा सिंक, सीसीटीएनएस में प्रचलित विभिन्न फर्म, आईसीजेएस पोर्टल के अधिकतम प्रयोग एवं आईटीएसएसओ पोर्टल पर महिलाओं से संबंधित मुकदमों के सुपरविजन व उनके त्वरित निस्तारण हेतु बताया गया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, सीसीटीएनएस डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर अहमद रजा मौजूद रहे।

# फरार चल रहे सात अभियुक्त गिरफ्तार



धनघटा (एसएनबी)। अपराधिक मुकदमों में नामजद होने के बाद लगातार पुलिस और न्यायालय से फरार चल रहे सात अभियुक्तों को धनघटा पुलिस ने सोमवार को उनके घरों पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पुलिस ने सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के अनुसार धनघटा थाना क्षेत्र के औराडाड़-मरवटिया गांव निवासी अमरचन्द पुत्र नरेश, थाना क्षेत्र के ददरवार गांव निवासी रामनाथ पुत्र शिवदत्त, थाना क्षेत्र के बभनौली गांव निवासी शेखर मूज उर्फ चन्द्रशेखर पुत्र रामसेवब, बभनौली गांव निवासी गिरजेश गुप्ता पुत्र रामदास व तीरथ लोहार पुत्र कोमल, ददरवार गांव निवासी पिन्टू पुत्र मोतीराम तथा थाना क्षेत्र के मूड़ाडीहा गांव निवासी रणविजय पुत्र रामचन्द्र के विरूद्ध पूर्व में धनघटा थाने में अलग-अलग घटनाओं को लेकर अपराधिक मुकदमा दर्ज हुआ था। दर्ज मुकदमें की विवेचना पूरी कर पुलिस आरोपपत्र न्यायालय में पूर्व में ही भेज चुकी है लेकिन नामजद उक्त सभी अभियुक्त अभी तक पुलिस पकड़ से फरार चल रहे थे साथ ही मुकदमें को लेकर न्यायायल के समक्ष भी पेश नहीं हो रहे थे। बार-बार समन और वारंट जारी करने के वाद भी उक्त सभी अभियुक्त जब न्यायालय के समक्ष पेश नहीं हुए तो न्यायालय ने सभी के विरूद्ध गैर जमानती वारंट जारी करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने का निर्देश धनघटा पुलिस को पूर्व में दिया था जिसके अनुपालन में पुलिस ने सोमवार को सभी के घरों पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर सभी को सम्बन्धित न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया जहां जमानत पर सुनवाई के वाद न्यायालय ने सभी की जमानंतअर्जी खारिज कर सभी को जेल भेज दिया है।

# धरने पर बैठे आप कार्यकर्ता गिरफ्तार






पुलिस द्वारा कलेक्ट्रेट गेट को बंद किए जाने के बाद धरने पर बैठे आप कार्यकर्ता तथा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस।

**संतकबीरनगर(एसएनबी)।** आम आदमी पार्टी के उप मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को आवकारी नीति के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजने से आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक आवास से जुलूस निकाल कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस द्वारा कलेक्ट्रेट गेट को बंद किए जाने पर कार्यकर्ताओं ने वहीं धरना दिया। सीओ अंशुमान मिश्र के नेतृत्व में पुलिस ने बलपूर्वक धरने पर बैठे आप कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया और पुलिस लाइन ले जाया गया जहां से उन्हें निजी मुचलके पर रिहा कर दिया गया। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित मांगपत्र उप जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली के उप मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है, जो पूर्ण रूप से असंवैधानिक और निराधार है। रातों-रात आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं राज्यसभा सांसद संजय सिंह, मंत्री गोपाल राय, विधायक ऋतुराज झा, दिनेश मोहनिया, रोहित महरौलिया, आदिल खान आदि नेताओं को गिरफ्तार करना यह बताता है कि अब भाजपा

### डिप्टी सीएम व मंत्रियों की गिरफ्तारी के विरोध में निकाला जुलूस, दिया धरना

सरकार आम आदमी पार्टी से डरी हुई है और लोकतंत्र का गला घोंटना चाहती है। जिला महासचिव आलोक श्रीवास्तव ने आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली के बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए रात-दिन मेहनत करने वाले आम आदमी पार्टी के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करके भाजपा ने साबित कर दिया कि वह आम आदमी पार्टी के सिद्धांतों और उसकी बढ़ती लोकप्रियता से कितना भयभीत है। किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अंबिका राय ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी वास्तव में भ्रष्टाचारियों को सजा देना चाहती हैं तो आज तक अपने मित्र अडानी के ऊपर उन्होंने किसी तरह की जांच क्यों नहीं करवाई? भाजपा की तानाशाही चरम सीमा पर है। इस प्रकार का असंवैधानिक कृत्य आम आदमी पार्टी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी। बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सौम्येन्द्र प्रताप श्रीवास्तव, महिला जिलाध्यक्ष प्रतिमा यादव, शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष आबिद अली फिरदौसी, यूथ विंग के जिलाध्यक्ष राहुल राय ने कहा कि अभी देश महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है। किसान और नौजवानों की स्थिति बद से बदतर है। महिलाएं बिगड़ते किचन से परेशान हैं। बच्चे खस्ताहाल शिक्षा व्यवस्था से परेशान हैं लेकिन मोदी सरकार आम आदमी पार्टी के नेताओं को गिरफ्तार करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि देश की जनता सब देख रही है और इसका जवाब इनको आने वाले लोकसभा के चुनाव में अवश्य देगी। इस दौरान अमरपाल पांडेय, राम निवास मौर्य, प्रतिमा यादव, राम नारायण सिंह, विश्वमूर्ति त्रिपाठी, ब्रह्मदेव सिंह, आबिद अली फिरदौसी, अहमद अली, अफजल अली, अंबिका राय, सूर्यकांत मौर्य, दुर्विजय यादव, अरविंद यादव, डॉ. जीके सागर, महेश राव, दीपक गौड़ आदि लोग उपस्थित रहे।

# शांतिभंग की आशंका में 22 अभियुक्त गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में 22 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस मीडिया सेल के अनुसार बेलहर कला थाने की पुलिस ने 11 अभियुक्त, मेहदावल थाने की पुलिस ने आठ अभियुक्त, महुली थाने की पुलिस ने दो और धनघटा थाने की पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर जेल रवाना कर दिया गया।

# पूर्व एसएसबी जवान पर छवि धूमिल करने का मुकदमा

- गृह मंत्रालय के निर्देश पर कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर
- भूमि पर कब्जा को लेकर कलक्ट्रेट में आत्मदाह करने की कोशिश की थी

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। भूमि विवाद के मामले में कलक्ट्रेट में आत्मदाह करने का प्रयास करने वाले पूर्व एसएसबी जवान पर विभाग की छवि धूमिल करने का मुक़दमा दर्ज हुआ है। गृह मंत्रालय के निर्देश पर अधिकारियों ने कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दी। पुलिस ने उस पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी ने लिखा है कि रघुनंदन यादव पुत्र जोखन यादव ग्राम निबरहर थाना सहजनवा कुछ दिन पहले विभाग में कार्यरत थे। किन्ही कारणों वश विभाग से त्यागपत्र दे दिया था। अब वह विभाग में नहीं हैं। सोशल मीडिया व समाचार पत्रों के माध्यम से यह संज्ञान में आया कि पिछले दिनों जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर इन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में अपने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ उड़ेल कर आत्मदाह करने का प्रयास किया था। इस दौरान यह अपने को सेना का जवान बता रहे थे। इससे विभाग की छवि धूमिल हुई है। सशस्त्र सीमा बल का इनसे न तो कोई लेना-देना है ना ही कोई दखल है। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि उक्त प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# धनघटा में पुरानी रंजिश को लेकर दंपति की पिटाई की

संतकबीरनगर। धनघटा थाना क्षेत्र के भरवल पर्वता गांव निवासी दंपति को सोमवार की सुबह पुरानी रंजिश को लेकर उसके पटीदारों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में दो महिलाओं समेत चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज किया है।

लक्ष्मण पाल का आरोप है कि उनसे और उनके पाटीदारों से लंबे समय से विवाद चला रहा है। उसी विवाद को लेकर सोमवार की सुबह उनके पटीदार एकत्रित होकर उनको और उनके परिवार के लोगों को अपशब्द कहते हुए मारने पीटने लगे। मारपीट में लक्ष्मण पाल और उनकी पत्नी ऋतंभरा पाल घायल हो गए। थानाध्यक्ष जयवर्धन सिंह ने बताया कि इस मामले में आदित्य पाल, शिवम पाल, उषा पाल और सोनम के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज हुआ है।

# पीस कमेटी की बैठक

**नाथनगर** । आगामी त्योहारों को सकुशल और शान्ति पूर्वक संपन्न कराने के मकसद से सोमवार को महुली थाना परिसर में सीओ धनघटा दीपांशी राठौर की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। सीओ ने कहा कि होली और शबेबारात शांतिपूर्वक मनायें। सीओ ने चेतावनी भी दी है कि त्योहार के मौके पर अगर शान्ति व्यवस्था में खलल डालने की कोशिश कोई भी अराजकतत्व करेगा तो उससे पुलिस सख्ती पूर्वक निपटेगी। वरिष्ठ उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार, चौकी प्रभारी रमेश यादव, विरेन्द्र कुमार मिश्र, अरुण कुमार पांडेय, हरिकेश भारती, उपनिरीक्षक परमेश कुमार मिश्र, बलजीत यादव, अवधेश शर्मा, जयप्रकाश मिश्र के अलावा प्रधान रामउग्रह, अनिल पाल, विन्देश्वरी कन्नौजिया, महेश यादव, फिरोज उर्फ चुन्नू खान, संजय कुमार, अलीमुल कदर सहित सभी पुलिसकर्मी व क्षेत्र के तमाम अन्य प्रधानगण मौजूद रहे।

# किशोरी भगाने वाले आरोपी पर मुकदमा

बखिरा। क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत की रहने वाली किशोरी को एक युवक बहला फुसलाकर कहीं भाग गया। बहकावे में आकर बेटी साथ में एक लाख के जेवर व चालीस हजार नगदी भी लेती गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बहला फुसलाकर व अपहरण के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी 24 फरवरी की शाम को आठ बजे घर से बगैर बताए ही कहीं चली गई। बेटी के घर पर न होने की जानकारी पर बेटी की खोजबीन किया किन्तु पता नहीं चल पा रहा था। खोजबीन के दौरान एक घण्टे बाद मालूम हुआ कि नगर पंचायत बखिरा के एक वार्ड का एक युवक उसकी बेटी को बहला फुसलाकर कहीं लेकर चला गया। बहकावे में आकर बेटी एक लाख कीमत के जेवर व चालीस हजार नगदी भी लेती गई। एसओ श्याम मोहन ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# जमीन पर कब्जे की नहीं हो रही सुनवाई

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम सिसवनिया के एक व्यक्ति की गौरा कला में स्थित भूमि पर दबंग अवैध निर्माण कार्य कर रहे हैं। वह अपनी भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य को रोकने के लिए परेशान हैं। पीड़ित तहसील प्रशासन से लेकर थाने तक का चक्कर लगाते-लगाते थक चुका है लेकिन इंसाफ की जगह उसे बेवजह परेशान किया जा रहा है। उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

- महुली थाना क्षेत्र के गौरा कला में स्थित है भूमि
- सिसवनिया का रहने वाला है पीड़ित
- चक्कर लगाते-लगाते थक चुका है पीड़ित

> पूर्व में एसडीएम के निर्देश पर मौके पर पुलिस कर्मियों को भेजकर दोनों पक्षों को तलब किया गया था। मामला राजस्व सम्बन्धित होने से दोनों पक्षों को कोर्ट जाकर सुलझवाने की बात कही गई है। मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है।
>
> **सन्तोष मिश्र**, इंस्पेक्टर, महुली

महुली थाना क्षेत्र के सिसवनिया निवासी विनोद कुमार पुत्र रामदरश ने बताया कि गौरा कला स्थित गाटा संख्या 199 उसकी भूमि है। सीमांकन और निशानदेही के लिए उन्होंने वाद दाखिल किया है। जिसकी पत्रावली राजस्व निरीक्षक के पास है। उसने बताया कि विपक्षी एक व्यक्ति द्वारा उसकी भूमि पर जबरदस्ती नींव खोदकर कब्जा कर लिया गया है। उसका कहना है कि निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है। जिसकी शिकायत के लिए उन्होंने एसडीएम को 17 फरवरी 23 को पत्र भी दिया था। जिस पर एसडीएम ने पुलिस को कार्य रोकवाने का निर्देश दिया था लेकिन कोई असर नहीं हुआ। पीड़ित की माने तो वह महुली समाधान दिवस पर पहुंचा लेकिन तहसीलदार ने उसकी एक बात भी नही सुनी। जबकि वह उक्त भूमि सम्बन्धित अभिलेख लेकर प्रस्तुत हुआ था। फिर भी टाल मटोल किया गया। उनक्त आरोप था कि तहसील और पुलिस उसके विपक्षी की मदद कर रही है। इंसाफ नहीं मिल पा रहा है।

# पिता बनकर जालसाज ने बेच दी जमीन, चार पर रिपोर्ट दर्ज

## पीड़ित युवक बोला- 35 वर्ष से लापता हैं उसके पिता लक्ष्मन

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** कोतवाली क्षेत्र के गोरयाभार के रहने वाले पीड़ित युवक के पिता 35 वर्ष से लापता है। फर्जी कागजात के सहारे जालसाज ने उसका पिता बनकर बिना अधिकार के उसकी जमीन को बेच दिया। इतना ही नहीं उसकी कुछ अन्य जमीनों का फर्जी तरीके से दूसरों को बेचने के लिए अनुबंध भी कर दिया।

मामले की जानकारी होने पर पीड़ित बेटे ने सोमवार देर शाम जालसाज और उसके तीन अन्य सहयोगियों के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया। कोतवाली क्षेत्र के गोरयाभार निवासी लालचंद पुत्र स्वर्गीय

### पुलिस ने जालसाज और उसके तीन अन्य सहयोगियों के खिलाफ शुरू की जांच

लक्ष्मन ने बताया कि उसके पिता लापता थे। जिसका कोर्ट के जरिए सिविल मृत्यु सांस्थित किया गया है। आरोप है कि तीन दिसंबर 2022 को श्यामनरायन यादव पुत्र दीनानाथ यादव उसका फर्जी पिता लक्ष्मन बनकर बिना किसी अधिकार के कर्री स्थित उसकी जमीन का गोरयाभार की रहने वाली गीता पत्नी रामभरत को फर्जी तरीके से बैनामा कर दिए।

उसकी तुर्कवलिया स्थित जमीन का विक्रय करने के लिए अनुबंध पत्र दो दिसंबर को राजलक्ष्मी पत्नी राजकुमार चौधरी निवासी गोरयाभार व दिनेश पुत्र सीताराम निवासी जगदीशपुर उर्फ लहुरादेवा को कर दिया, जबकि गोरयाभार की जमीन का अनुबंध पत्र विजय कुमार पुत्र राजेश कुमार के हक में दो दिसंबर 2022 को ही कर दिया।

कूटरचित तरीके से इस पूरी घटना के मास्टर माइंड राज कुमार चौधरी निवासी गोरयाभार है। श्याम नरायन यादव छदम नाम से उसके पिता लक्ष्मन का फर्जी पहचान पत्र, कागजात, पैनकार्ड, राशन कार्ड, निर्वाचन कार्ड बनवाया है।

श्याम नरायन यादव के नाम से तमाम फर्जी पहचान पत्र बनवाएं हैं। अपनी पत्नी निर्मला यादव व पुत्र जय प्रकाश यादव के नाम से पहचान पत्र बने है। छदम लक्ष्मन और वास्तविक श्याम नरायन यादव दोनों एक ही व्यक्ति है।

उपरोक्त रजिस्ट्री एवं अनुबंध पत्र में दीपक चौधरी वुत्र बाबूलाल चौधरी निवासी तुर्कवलिया,दिनेश चंद्र पुत्र सीताराम निवासी जगदीशपुर उर्फ लहुरादेवा ने फर्जी गवाही की है।

लोग उसे जानमाल की धमकी दे रहे है। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि इस मामले में श्याम नरायन यादव, राजकुमार चौधरी, दीपक चौधरी और दिनेशचंद्र के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना से जो तथ्य सामने आएगा,आगे उसी के अनुसार, कार्रवाई की जाएगी।

# चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग

**जासं, महुली, संतकबीर नगर:** धनघटा थाना के कटार मिश्र गांव निवासी राजकरण ने सोमवार को महुली थाने में तहरीर देकर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। उसका कहना है कि वह 26 फरवरी को महुली थाना के गायघाट गांव निवासी राजकुमार सिंह के घर गए थे। घर आते समय गायघाट गांव के बड़ी बाग में एक व्यक्ति ने तीन अन्य अज्ञात लोगों के साथ उन्हें मारने-पीटने लगे। उनका मोबाइल व 18 हजार रुपये नकद लूट कर फरार हो गए। थानाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**चार फरार वारंटी गए जेल:** संतकबीर नगर: कांटे पुलिस चौकी ने एक व बखिरा पुलिस ने तीन समेत चार फरार वारंटियों को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कांटे पुलिस चौकी के प्रभारी हरेंद्र राय ने सौरहा-सिंहोरवा गांव निवासी काशी को गिरफ्तार किया।

# 56 वाहन चालकों से 47 हजार रुपये की वसूली

संतकबीर नगर : जनपद की पुलिस ने यातायात पुलिसकर्मियों के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर वाहनों की जांच की। मांगने पर जरूरी कागजात न दिखाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 56 चालकों से 47 हजार रुपये समन शुल्क की वसूली हुई। (जासं)

# पिता ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

धनघटा : शनिचरा बाजार के राधेश्याम ने थाने में तहरीर दी है। इनका कहना है कि उनका बेटा अब उनके अलावा गांव के लोगों के साथ भी अभद्रता करने लगा है, जिससे वह काफी परेशान हैं। इन्होंने बिगड़े बेटे से राहत दिलाने की मांग की है। (जासं)

# आत्मदाह का प्रयास करने वाले पर केस दर्ज

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर:** कथित एसएसबी जवान के द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय पर गत 24 फरवरी को आत्मदाह करने के मामले में नया मोड़ आ गया है। इस मामले में एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) सिद्धार्थनगर के उपकमांडेंट ने रघुनंदन यादव के खिलाफ कोतवाली खलीलाबाद में मुकदमा दर्ज कराया है। उनका कहना है कि उसने खुद को एसएसबी का जवान बताकर जनता को गुमराह किया, जबकि वह एसएसबी से पारिवारिक कारणों से त्यागपत्र दे चुका है।

एसएसबी 43वीं वाहिनी सिद्धार्थनगर के उपकमांडेंट दंडपाल शक्ति सिंह ने कोतवाली खलीलाबाद को दिए गए अपने शिकायती पत्र में यह लिखा है कि रघुनंदन यादव निवासी निबहर, पोस्ट रिठुआखोर, थाना सहजनवां, जनपद गोरखपुर 11 जून 2012 को एसएसबी में आरक्षी सामान्य के पद पर नियुक्त हुआ था।

उसने अपने घरेलू कारण व पारिवारिक समस्या के कारण गत 22 नवंबर 2022 को त्यागपत्र दे चुका है। वर्तमान में वह एसएसबी में कार्यरत नहीं है। वह अपने आप को एसएसबी के जवान के तौर पर प्रस्तुत करके स्थानीय लोगों तथा प्रशासन को गुमराह कर रहा है। उस व्यक्ति ने अपने कार्य से एसएसबी को बदनाम किया है। यह किसी भी अनुशासित बल के कार्य के विरुद्ध है। इसलिए उस व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सर्वेश राय ने बताया कि रघुनंदन यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## यह है मामला

रघुनंदन यादव ने गत 24 फरवरी को जिलाधिकारी कार्यालय पर अपने ऊपर डीजल छिड़क कर आत्मदाह करने का प्रयास किया था। उसे किसी तरह से बचाया गया। उसने खुद को एसएसबी का जवान बताया था। उसका आरोप था कि मगहर में स्थित उसकी बैनामे की भूमि पर कुछ लोगों के द्वारा कब्जे का प्रयास किया जा रहा है।

- अधिकारी बोले- एसएसबी का जवान नहीं है रघुनंदन, दे चुका है त्यागपत्र
- खुद को एसएसबी जवान बताकर आम जनता को किया है गुमराह

# फरार चल रहे 20 वारंटी दबोचे गए

संतकबीर नगर : जनपद की पुलिस ने फरार चल रहे 20 वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसमें दुधारा पुलिस ने मझौवा गांव के अब्दुल तौव्वाब, लोहरौली ठकुराई गांव के लल्ला व इनके भाई राजा, मो. सिद्दीक तथा सैंथवलिया गांव के केशवराम, महुआरी गांव के शिवकुमार शामिल हैं। धनघटा पुलिस ने डेबरी गांव के बलवंत निषाद, रजनौली गांव के अमरजीत, राजेश्वर राय व शीला देवी को गिरफ्तार किया है। महुली पुलिस ने सड़हरा गांव के दीनानाथ उर्फ दिनई को गिरफ्तार किया है, जबकि मेंहदावल पुलिस ने घूरापाली गांव के हरिश्चंद्र, दिलीप व रामानंद, थरौली गांव के पलटन, परसापांडेय गांव के राघव पांडेय, हरदीहट्टा गांव के गुड्डू, देवी प्रसाद, सीमा, औरही गांव की तीजा देवी को गिरफ्तार किया है। (जासं)

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 28-02-2023

# चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। नगर कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग घरों में चोरी व मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

नगर कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया चोरी में वांछित आरोपी सोनू खान को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4200 रूपये नगद व चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद किया है।

उन्होंने बताया आरोपी ने कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत मोटरसाकिल व कुछ घरों में चोरी किया था। जिसके संबंध में पीड़ित ने मुकदमा दर्ज करवाया था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। वहीं चोरों पर अंकुश लगाने के लिए गश्त और बढ़ाई जाएगी।

# साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूकता ही उपाय

धानेपुर, संवाददाता। धानेपुर इलाके में ऑनलाइन फ्रॉड की समस्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। ठग कभी व्हाट्सएप कॉल तो कभी फोन कॉल कर कुछ जानकरियों के जरिये लोगों को निशाना बना रहे हैं। पिछले 2 दिनों से साइबर ठगों की ओर से आंगनबाड़ी वर्करों व उनके जरिए लाभार्थियों को निशाना बनाया जा रहा है।

इसको लेकर सोमवार को आंगनबाड़ी वर्करों को जागरूक करने के लिए मुजेहना ब्लॉक सभागार में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विभाग की ओर से किया गया। जिसमें धानेपुर पुलिस टीम ने पहुंचकर होने वाले विभिन्न प्रकार के साइबर ठगी के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया और बताया कि जागरूकता ही इसका मुख्य उपाय है। साइबर सेल प्रभारी आदित्य गौरव श्रीवास्तव ने वर्करों को बताया कि कभी भी कोई भी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी फोन पर डिटेल नहीं मांगते हैं ऐसे में आने वाली अंजान काल अथवा अधिकारी कर्मचारी बनकर काल करने वाली काल पर क्रिया प्रतिक्रिया से बचें। सीडीपीओ अभिषेक दूबे ने बताया कि शुक्रवार से आंगनबाड़ी वर्करों के मोबाइल नंबर पर लगातार फोन आ रहा है। उनसे कारवाई का डर दिखाकर जानकारी मांगी जा रही है। रविवार को एक लाभार्थी के खाते से पांच हजार रुपये भी उड़ा दिया गया था। इस पर सोमवार को अवर्करों की बैठक बुलाई गई।

# त्योहार पर कायम रखें भाईचारा: सौरभ

## बैठक

छपिया, संवाददाता। त्योहारों के मद्देनजर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक क्षेत्राधिकारी सौरभ वर्मा के नेतृत्व में आयोजित की गई। सीओ मनकापुर सौरभ वर्मा और नायब तहसीलदार अनीश सिंह ने लोगों से त्योहार में शान्ति बनाये रखने की अपील की। उन्होंने सभी लोगों से आगामी त्योहार आपसी सौहार्द और भाईचारा से मनाने का आग्रह किया।

सीओ ने कहा कि होली का रंगों का त्योहार है। इसे लोग भाई चारे के साथ मनाए। किसी के ऊपर जबरदस्ती रंग डालने का प्रयास न करें। वाहन सावधानी से चलाएं। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान ने दें। गांव में बाहरी व्यक्तियों की चिन्हित करे। किसी भी प्रकार के उपद्रव की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। प्रभारी निरीक्षक सतानंद पाण्डेय ने कहा कि किसी को किसी भी प्रकार की समस्या हो तो थाने और चौकी पर सूचित करे। उन्होंने लोगों का आभार व्यक्त किया।

चौकी प्रभारी मसकनवा बृजेश कुमार गुप्ता, उप निरीक्षक अरुण कुमार गौतम, राजेश द्विवेदी, दिनेश सिंह, भूपेश मिश्रा, सोनू पांडेय, भूपेंद्र मिश्रा, सालिक राम यादव, सुनील गौड़, मो हसन, संतोष उपाध्याय, इसरार अहमद, गुफरान अहमद, अमित यादव, रामभूल वर्मा रहे।



सोमवार को छपिया थाने में गणमान्य लोगों के साथ बैठक करती पुलिस। • हिन्दुस्तान

# तीमारदार की नकदी चुराई, पकड़ा गया

गोण्डा। शहर के आईटीआई चौराहे स्थिति एक निजी हॉस्पिटल में कौड़िया बाजार निवासी राजेश दत्त तिवारी अपनी बीमार मां को भर्ती करवा रखा है। आरोप है कि अस्पताल में एक व्यक्ति ने उसकी जेब से 76 सौ रुपए चुरा लिए। जिसको पीड़ित ने खुद ही पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अविनाश चंद्र मिश्र पुत्र रामनरेश मिश्रा निवासी मंशापुरी थाना–खरगूपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## करनैलगंज के धमसड़ा में चोरी का विरोध करने पर बदमाशों ने की थी फायरिंग

# गोली मारने के मामले में दो गिरफ्तार

**कार्रवाई**

- आरोपियों की निशानदेही पर चोरी हुए जेवरात व दो असलहे बरामद
- गिरफ्तार बदमाशों के पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद



धमसड़ा गांव में गोली मारने के मामले में गिरफ्तार आरोपी व जानकारी देती पुलिस।

गोण्डा/करनैलगंज, हिटी । करनैलगंज के धमसड़ा में चोरी का विरोध करने पर बदमाशों द्वारा 10वीं के छात्र सहित दोस्त लोगों को गोली मारने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी किए गए जेवरात भी बरामद किए हैं। बदमाशों के पास से दो असलहे और चोरी की बाइक भी बरामद की गई है।

धमसड़ा गांव में 24 फरवरी की रात चोरी करने आए बदमाशों ने परिवार व गांव वालों द्वारा घेराबंदी करने फायरिंग कर दी थी। इस फायरिंग में दोपहर लोग घायल भी हो गए थे। घायल छात्र का लखनऊ में इलाज चल रहा है। इस सम्बन्ध में हरीश कुमार मिश्र ने कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस खुलासे के लिए हाथ-पैर मार रही थी। एसपी आकाश तोमर ने एएसपी शिवराज के पर्यवेक्षण में करनैलगंज , थाना कटराबाजार व एसओजी की संयुक्त टीम बनाकर खुलासे की जिम्मेदारी सौंपी थी।

**दो आरोपियों को किया गिरफ्तार :** एएसपी शिवराज ने बताया कि जांच के दौरान अब तक दो लोगों के नाम सामने आए हैं, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है।

उन्होंने बताया कि ज्ञान चन्द्र पासी पुत्र शिव प्रसाद निवासी ग्राम राजपुर थाना परसपुर व जंग बहादुर उर्फ जंगू पुत्र हिरई निवासी ग्राम राजापुर थाना परसपुर को गिरफ्तार किया गया है।

**यह हुई बरामदगी :** गिरफ्तार आरोपियों के पास से तीन अंगूठी, पायल, एक मंगल सूत्र, एक चांदी की थाली, एक चांदी का नारियल, एक सुपारी के साथ ही दो देसी तमंचा, चोरी की एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है।

**इनको मिली सफलता :** प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह मय टीम थाना करनैलगंज, प्रभारी एसओजी टीम व उप निरीक्षक सरफराज मय टीम थाना कटराबाजार का विशेष योगदान रहा।

# अवैध असलहे सहित दो लोग गिरफ्तार किए गए

बभनान। थाना छपिया अंतर्गत बभनान पुलिस चौकी के बभनान ढाढौआ मार्ग से पैकोलिया जाने वाले मार्ग पीआर बांस कोठ के पास सोमवार दोपहर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। चौकी प्रभारी बभनान राकेश कुमार ओझा ने बताया कि अखिलेश चौहान निवासी रायपुर खौपुरा थाना हरैया व ओमकार गौतम निवासी मुदिला कुर्थिया थाना हरैया जिला बस्ती के पास दो देसी तमंचा व कारतूस मिले हैं।

# एके-47 संग फोटो वायरल, जांच शुरू

गोण्डा। सोशल मीडिया पर जिले के एक युवक की फोटो एके-47 के साथ वायरल होने पर सोमवार को पुलिस महकमे में खलबली मच गई। पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। युवक फिलहाल सऊदी अरब में है।

एसपी आकाश तोमर ने बताया कि सोशल मीडिया पर एके-47 राइफल के साथ फोटो वायरल हुई है। इसमें दिख रहे युवक की पहचान फुरकान अली पुत्र कुर्बान अली निवासी इंदिरापुर थाना कोतवाली नगर गोंडा के रूप में हुई है। फुरकान अली तीन माह पूर्व श्रमिक के रूप में काम करने सऊदी अरब गया था। वहीं से फुरकान ने एके-47 के साथ फोटो वायरल की है। उसके संबंध में पुलिस कई माध्यमों से गहनता से छानबीन करने में जुटी है।

# दूसरे के पैनकार्ड पर ले लिया लोन, मुकदमा दर्ज

**धोखाधड़ी**

गोण्डा, संवाददाता। जालसाजी और ठगी के मामले दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं। जालसाज अलग-अलग हथकंडों के जरिए ठगी को अंजाम दे रहे हैं। शहर में दूसरे के पैन कार्ड का इस्तेमाल कर ऑनलाइन लोन लेने का मामला प्रकाश में आया है। जालसाजों ने एक व्यक्ति के पैन कार्ड का इस्तेमाल कर ऑनलाइन लोन ले लिया। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर जालसाजी का मुकदमा दर्ज करवाया है।

देहात कोतवाली के केशवजोत बालपुर निवासी प्रदीप कुमार के अनुसार एक वर्ष पूर्व उन्होंने कचहरी परिसर में अपने पैन कार्ड का फोटोस्टेट करवाया था। तभी से उनका पैन कार्ड गायब था। हाल ही में पीड़ित बैंक में लोन लेने गया तो बैंक मैनेजर ने बताया कि आप के पैन कार्ड से प्रेम कुमार शुक्ला के नाम से पहले ही ऑनलाइन लोन चल रहा है। जबकि, पीड़ित को इस बारे में कुछ पता ही नहीं था। आरोप है की पीड़ित ने जब विपक्षी से संपर्क कर मामले की जानकारी चाही तो आरोपी ने अभद्रता करते हुए जान मॉल की धमकी देकर भगा दिया। नगर कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर जानकीनगर निवासी प्रेम कुमार शुक्ला के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

# 14 हजार लगाया जुर्माना

**आर्यनगर** : गोंडा–बहराइच मार्ग पर चौकी पुलिस चेकिंग अभियान चलाया। चौकी प्रभारी दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि चेकिंग में मनमानी फर्राटा भरते मिले दस वाहन चालकों पर 14 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। (संसू)

# पांच वर्ष का सश्रम कारावास

**गोंडा** : पईडीह पंचम जिला अपर सत्र न्यायाधीश मोहम्मद नियाज अहमद अंसारी ने सुमन निवासी नियामतपुर थाना वजीरगंज को पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। (संसू)

# लूट का राजफाश , दो आरोपितों गिरफ्तार

**संसू, गोंडा :** कर्नलगंज कोतवाली के धमसड़ा गांव में गत 23 फरवरी की रात हुई लूट की घटना का राजफाश करते हुए पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से सात हजार रुपये, आभूषण, मोटरसाइकिल व अवैध असलहा भी बरामद किया गया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपित ज्ञान चंद्र पासी व जंग बहादुर उर्फ जंगू परसपुर थाना के ग्राम राजापुर के रहने वाले हैं। एसपी आकाश तोमर ने बताया कि ज्ञानचंद्र पासी पर 41 व जंग बहादुर पर 13 मुकदमे दर्ज हैं। गत गुरुवार की रात धमसड़ा गांव के हरित मिश्र के घर बदमाशों ने धावा बोल नकदी समेत करीब सात लाख रुपये के आभूषण बटोर ले गए थे।

लूट कर भाग रहे बदमाशों को जब ग्रामीणों ने दौड़ाया तो उन लोगों ने फायरिंग कर दी थी। इसमें दो लोग घायल हो गए थे। घायलों में कक्षा 10 का छात्र सिद्धांत का इलाज लखनऊ ट्रामा सेंटर में चल रहा है। को लगाया था। एएसपी शिवराज ने कहा कि टीम ने घनकदी, आभूषण सहित अन्य सामान बरामद किए हैं।

# साइबर फ्रॉड की 1930 करें शिकायत

**धानेपुर (गोंडा)।** पुलिस ने सोमवार को मुजेहना ब्लॉक के सरयू सभागार में साइबर जागरूकता अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व अन्य कर्मचारियों को जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीपीओ अभिषेक दुबे ने की। उपनिरीक्षक आदित्य गौरव श्रीवास्तव व महिला आरक्षी नेहा सिंह ने बताया कि अपने मोबाइल का पिन, गूगल पे, फोन पे आदि का पिन या ओटीपी पोषण ट्रैकर एप का पिन किसी को भी न दें। संदेह हो तो पुलिस को तत्काल सूचना दें। किसी प्रकार का साइबर फ्रॉड होने पर टोल फ्री नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। (संवाद)

# सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**धानेपुर (गोंडा)।** थाना क्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने में वांछित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह ने बताया कि जनवरी 2023 में पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में दर्ज मुकदमे में वांछित कोतवाली देहात के ग्राम रमवापुर श्याम निवासी राजेश वर्मा को बग्गीरोड टैक्सी स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया गया है।

**पुलिस ने महिला को थाने से भगाया**

**गोंडा।** कोतवाली देहात क्षेत्र के हरखापुर निवासी सरिता देवी ने उपजिलाधिकारी तरबगंज से शिकायत की।

कहा कि उसकी वैनामे की जमीन पर पड़ोसी जबरन दीवार बना रहे हैं। एसडीएम ने पुलिस को जांच कर निर्माण कार्य रुकवाने के निर्देश दिए। आरोप है कि जब वह कोतवाली में गई तो इंस्पेक्टर महिमा नाथ ने डांटकर भगा दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि महिला आई थी। उन्होंने लेखपाल को बुलाने को कहा था। भगाने का आरोप निराधार है। संवाद

## युवक ने फांसी लगा कर दी जान

**कटरा बाजार (गोंडा)।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला कटरा थाना क्षेत्र के गौरिया चौधरी पुरवा का है। चंद्रावती ने बताया कि उसका देवर रामतीर्थ साथ में काफी दिनों से रहता था। वह नशा करता था। सोमवार दोपहर 2 बजे वह खेत में गन्ना काट रही थी, तभी सूचना मिली कि देवर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। (संवाद)

# छात्र की पिटाई पर चार के खिलाफ मुकदमा

मनकापुर (गोंडा)। छात्र की पिटाई मामले में दो महिलाओं समेत चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया। अमवा माफी निवासी नफीस अहमद के तहरीर पर उनके बेटे व पिता को लाठी डंडे से मारने वालों पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। कोतवाल चितवन कुमार ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया गया है। (संवाद)

# तीन पर छेड़खानी का केस

खोड़ारे (गोंडा)। कोर्ट के आदेश पर स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से छेड़छाड़ करने के आरोप पर पांच माह बाद मुकदमा दर्ज किया गया। कोर्ट के आदेश पर बक्सरिया ग्रंट नरहरपुर निवासी वीर बहादुर, हंसराज, जगप्रसाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। (संवाद)

# रास्ते के विवाद में मारपीट, चार पर मुकदमा

तरबगंज (गोंडा)। क्षेत्र के ग्रामसभा गौहानी शिवलाल पुरवा में सोमवार को दो पक्षों के बीच रास्ते के विवाद को लेकर मारपीट हो गई। मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गांव के स्वामीनाथ यादव ने थाना तरबगंज में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि गांव के राघवराम से रास्ते का विवाद चल रहा था। इसी को लेकर राघवराम, उनकी पत्नी नीलम, बेटे संदीप, प्रदीप ने लाठी डंडे से हमला कर दिया। बचाने के लिए आई उसकी पत्नी पुष्पा को भी मारापीटा व धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। (संवाद)

# फुरकान ने क्यों पकड़ा एके-47

गोंडा। नाम फुरकान अली वल्द कुर्बान अली, पेशा खानसामा, उम्र-30 बरस, लिवास-अरबी फेरन, सिर पर टोपी और हाथों में एके-47...। रविवार रात तकरीबन नौ बजे सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल होती है। उसका ताल्लुक गोंडा से है।

तस्वीर किसी और की नहीं, नगर के ही इंद्रापुर के मूल निवासी फुरकान अली की है। फुरकान, मरहूम कुर्बान अली का बेटा है। फेसबुक की शार्ट रील के बैकग्राउंड में बज रहे...नवाब बनकर जियोगे तो सलाम ठोंकेगी दुनिया.... के सहारे उसने अपनी मंशा जाहिर की। पुलिस कप्तान आकाश तोमर ने सीओ सिटी और नगर कोतवाल को मामले की जांच के निर्देश दिए।

प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने फुरकान का घर ढूंढ़ निकाला। पुलिस ने परिवार में भाइयों और अन्य सदस्यों से पूछताछ की। पता चला कि फुरकान नवंबर में सऊदी अरब के नाजरान शहर में मजदूरी को गया था। एसपी ने बताया कि सऊदी अरब के नाजरान शहर से यह फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया है। संवाद

# कुख्यात बदमाश ज्ञानचंद व जंगू को पुलिस ने दबोचा

संवाद न्यूज एजेंसी

करनैलगंज/गोंडा। धमसड़ा लूटकांड मामले का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। वांछित दो कुख्यात बदमाशों की गिरफ्तारी पुलिस व एसओजी से मुठभेड़ के दौरान हुई। इनमें एक लुटेरों के गिरोह का सरगना ज्ञानचंद पासी है, जिसपर पहले से 42 मुकदमे हैं। जबकि, दूसरे बदमाश जंगू पर 13 मुकदमे हैं। वारदात में शामिल दो अन्य बदमाशों की भी शिनाख्त हो गई है। पुलिस कार्यालय पर सोमवार को एडिशनल एसपी व सीओ करनैलगंज ने टीम के साथ गिरफ्तारी की जानकारी दी।

सोमवार को लूट का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि एसओजी टीम के साथ ही करनैलगंज कोतवाली व थाना कटरा बाजार पुलिस लगाई गई थी। एएसपी के मुताबिक, पुलिस टीम बदमाशों की सुरागरसी में लगी थी तभी रविवार रात सूचना पर प्राथमिक विद्यालय दत्तनगर के पास मुठभेड़ के दौरान कुख्यात ज्ञानचंद पासी और जंगबहादुर उर्फ जंगू निवासी राजापुर परसपुर को गिरफ्तार किया गया।

करनैलगंज की पुलिस क्षेत्राधिकारी नवीना शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार ज्ञानचंद पासी के विरुद्ध हत्या, लूट, जानलेवा हमले, डकैती समेत 42 व जंगबहादुर उर्फ जंगू के खिलाफ हत्या, लूट, जानलेवा हमले, डकैती समेत 13 मुकदमे दर्ज हैं।

बताया कि ज्ञानचंद पासी लुटेरों के गिरोह का सरगना है। उसके गिरोह में 25 सक्रिय सदस्य हैं। जो हत्या, लूट जैसे जघन्य वारदात को अंजाम देते हैं।

ज्ञानचंद कई अपराधिक मामलों में जेल जा चुका है। एक साल पहले ही जेल से रिहा हुआ था। इनके पास से नकदी, जेवर के अलावा दो तमंचा, कारतूस व फर्जी नंबर प्लेट लगी बाइक बरामद की गई है।

## करनैलगंज लूटकांड का खुलासा, पुलिस मुठभेड़ में दत्तनगर से दो दबोचे गए



धमसड़ा लूटकांड के आरोपी। संवाद

## ये थी वारदात

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धमसड़ा के रहने वाले हरीत मिश्र के घर में 23 फरवरी की भोर में छत के रास्ते अंदर घुसे बदमाशों ने लूटपाट की थी। शोर सुनकर गांव के लोगों ने बदमाशों की घेराबंदी की तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जिसमें हरीत मिश्र के चचेरे भाई सुशील मिश्र व हाईस्कूल के छात्र सिद्धांत पांडेय गोली से घायल हो गए थे। सिद्धांत को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया था। मामले में हरीत मिश्र ने कोतवाली में चार बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 28-02-2023

# शांति भंग मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना गौरा चौराहा में शांति भंग के मामले में दो व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक कमलेश यादव व हेड कांस्टेबल प्रभात कुमार यादव ने अरमान पुत्र कलफ हुसैन एवं शहंशाह पुत्र मो. जहीर उर्फ छोट्टन निवासीगण सिसहना थाना गौरा चौराहा को शांतिभंग करने के मामले गिरफ्तार किया है।

# चार बाल श्रमिकों को कराया मुक्त गया

बलरामपुर, संवाददाता। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में चलाये जा रहे बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति एवं एक युद्ध नशे के विरूद्ध महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की ओर अभियान चलाया गया। इस दौरान एएचटीयू टीम, श्रम विभाग व चाइल्ड लाइन  की ओर से सोमवार को कोतवाली उतरौला व श्रीदतगंज क्षेत्र में पड़ने वाले ढाबा, दुकान व होटलों को चेक किया गया। जहां से चार बाल श्रमिकों को रेस्क्यू किया गया।

# वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अकुंश लगाने को लेकर पुलिस टीम अभियान चला रहा है। अभियान के दौरान न्यायालय से वांछित चल रहे वारंटी अभियुक्त वीर प्रताप उर्फ बबलू पुत्र सतगुरु निवासी ग्राम कुकुरभुकवा को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।

# नाबालिग को भगाने पर पांच साल की सजा

बलरामपुर, संवाददाता। जनपद न्यायाधीश ने नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने के आरोप में दोषी को पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर दस हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया गया है। नगर कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति ने उसकी नाबालिग पुत्री को किन्कू उर्फ राजेश पर बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था। मामले की विवेचना उप निरीक्षक विरेन्द्र कुमार यादव ने की। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद जिला जज ने दोषी को पांच साल का कठोर कारावास व दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# वारंटी को जेल

**बलरामपुर** : कोतवाली देहात की पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज ने बताया कि कुकुरभुकवा निवासी वीर प्रताप उर्फ बबलू को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया है। (संसू)

# पांच गिरफ्तार

**ललिया** : पुलिस ने ताश के पत्तों के साथ जुआ खेलते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष जयहरि मिश्र ने बताया कि मथुरा बाजार निवासी साबिर, असलम, सोनू, सहाबुद्दीन व सलाहुद्दीन को गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों के पास से 3210 रुपये व 52 ताश के पत्ते भी बरामद किए गए हैं।( संसू)

# चलती ट्रेन में रंग भरे गुब्बारे व पत्थर न फेंके

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** होली आठ मार्च को है। लोग होली का मजा लेंगे। चलती ट्रेन में रंग भरे गुब्बारे, कीचड़ व पत्थर न फेंके। इससे रेल यात्रियों व स्टाफ को नुकसान हो सकता है। ऐसा करने वालों के खिलाफ दंड का प्रावधान है।

रेलवे स्टेशन बलरामपुर के अधीक्षक रंजन कुमार श्रीवास्तव व स्टेशन मास्टर पुरुषोत्तम राव सोमवंशी ने लोगों से अपील किया है। पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के मुख्य जन संपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने इससे लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया है। पत्थर व रंग भरे गुब्बारे से चोट लगने पर अधिक रक्तस्राव हो सकता है। इससे यात्री व स्टाफ को नुकसान हो सकता है। ऐसा करते वक्त पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी स्टेशनों पर प्रचार-प्रसार कराकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। होली में रंग खेलने वाले ट्रेनों को अपना निशाना न बनाएं।

# अपहरण करने वाले को पांच साल कारावास

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** अपर सत्र न्यायाधीश जहेंद्र पाल सिंह ने अपहरण के मामले में अभियुक्त को पांच साल के कारावास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड से भी दंडित किया है।

विशेष लोक अभियोजक पवन कुमार शुक्ल ने बताया कि थाना कोतवाली नगर के एक गांव की एक नाबालिग लड़की को किनकू उर्फ राजेश बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया। घटना की प्राथमिकी कोतवाली नगर में 10 दिसंबर 2016 को दर्ज हुई थी। अभियोजन की ओर से आठ गवाहों का बयान दर्ज कराया गया। बचाव पक्ष से कहा गया कि प्राथमिकी विलंब से दर्ज कराई गई है। तथाकथित पीड़िता बालिग है। गवाहों के बयान में विरोधाभास है। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद अभियुक्त को पांच साल कारावास के साथ 10 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया है। न्यायाधीश ने अभियुक्त को बहलाने फुसलाने व पाक्सों से दोषमुक्त कर दिया है।

# वन कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**संवादसूत्र, जरवा (बलरामपुर)** : सोहेलवा वन जीव प्रभाग की सुरक्षा 40 वन कर्मियों के कंधों पर है। जनकपुर रेंज में वन कर्मियों को प्रशिक्षण देकर सुरक्षा के तौर-तरीकों को बताया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण के पहले दिन सोमवार को वन कर्मियों को वन्य जीवों के शिकार पर अंकुश लगाने का तरीका बताया।



जनकपुर रेंज आफिस में वन कर्मियों को जानकारी देते प्रशिक्षक मोनिक तोमर ● जागरण

जनकपुर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी अमरजीत प्रसाद ने प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया। कहा कि वन कर्मियों को जंगल के साथ वन्यजीवों की सुरक्षा करनी है। अधिनियम 1972 के बारे में वन कर्मियों को अवगत कराया। प्रशिक्षक मोनिक सिंह तोमर, लवीस शर्मा व अनिल कुमार ने वन कर्मियों को कानूनी व प्रवर्तन के बारे में बताया। वन्यजीव अपराध निवारण घटक में हुए बदलाव की जानकारी दी। कहा कि शिकार विरोधी गश्त करने, तकनीकों की मूल बातें, खुफिया जानकारी एकत्र करना, मुखबिर नेटवर्क, हैंडलिंग, खोज, जब्ती, पूछताछ, शिकार समुदाय, अपराध स्थल की जांच और प्रारंभिक अपराध रिपोर्ट तैयार करने की जानकारी दी। प्रशिक्षुओं को भारतीय साक्ष्य अधिनियम, भारतीय दंड संहिता, आपराधिक कार्रवाई संहिता के प्रासंगिक प्रावधानों व वन्यजीव अपराधों के अभियोजन में दी गई शक्तियों के बारे में बताया। तुलसीपुर यूनिट के वन क्षेत्राधिकारी विपुल मिश्र, रामपुर के वन क्षेत्राधिकारी राधेश्याम यादव, भांभर के वन क्षेत्राधिकारी कोटेश त्यागी, बनकटवा के वन क्षेत्राधिकारी इब्रानी सोनकर, वन क्षेत्राधिकारी रामचंद्र, पश्चिमी सुहेलवा के वन क्षेत्राधिकारी धर्मेंद्र व वन दारोगा शशिकांत शुक्ल ने भी वन कर्मियों को प्रशिक्षित किया। वन कर्मियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से क्राइम सीन दिखा कर प्रशिक्षण दिया गया। इससे उन्हें समझने में सुविधा मिली। मंगलवार को भी वन कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

# चार बच्चों को कराया मुक्त

**श्रीदत्तगंज।** पुलिस टीम ने सोमवार को उतरौला व श्रीदत्तगंज में होटल व ढाबों की जांच की। अभियान के दौरान होटलों में काम कर रहे चार बच्चों को मुक्त कराया गया। इन बच्चों को बाल संरक्षण इकाई के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं, गौरा चौराहा पुलिस ने दो के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई की है। कोतवाली देहात पुलिस ने लूट के मामले में न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर वीर प्रताप निवासी कुकुरभुकवा को गिरफ्तार किया है। ललिया पुलिस ने जुआ खेलते हुए मथुरा बाजार के साबिर, असलम, सोनू, सहाबुद्दीन व सलाहुद्दीन को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन हजार रुपये बरामद किए गए हैं। (संवाद)

# नाबालिग के अपहरण में पांच वर्ष की कैद

बलरामपुर। कोर्ट ने नाबालिग लड़की को अगवा करने वाले को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। दोषी को 10 हजार रुपये अर्थदंड भी अदा करने का आदेश दिया है। बता दें कि तीन दिसंबर 2016 को नाबालिग को भगा ले गया था। सोमवार को विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जहेंद्र पाल सिंह ने आरोपी किंकू को नाबालिग को अगवा करने का दोषी करार दिया। (संवाद)

# चार नाबालिग बच्चों को होटलों से कराया मुक्त

**बलरामपुर** : ढाबा, दुकान व होटलों पर कार्य करने वाले चार बच्चे रेस्क्यू किए गए हैं। क्षेत्राधिकारी नगर दरवेश कुमार ने बताया कि थाना एएचटीयू के प्रभारी निरीक्षक जयदीप दूबे व श्रम विभाग के भूपेंद्र मिश्र ने मिलकर बच्चों को कार्य करने से मुक्त कराया है। सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया है। समिति बच्चों के बारे में निर्णय लेगी। (संसू)

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 28-02-2023

# हिन्दुस्तान

# दिलों को जोड़ने का काम करते हैं पर्व : एसडीएम



रामगांव थाने में शांति समिति की बैठक को सम्बोधित करते एएसपी ग्रामीण।

बहराइच, संवाददाता। फखरपुर के वजीरगंज बाजार में होली व शब-ए-बारात त्यौहार के मद्देनज़र सोमवार को दोपहर शांतिसमिति की बैठक की गई। एसडीएम कैसरगंज महेश कुमार कैथल ने कहा कि पर्व दिलों को जोड़ने का काम करते हैं। हमें सभी पर्व आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ मिलजुलकर मनाना चाहिए। होली खेलते समय दूसरे की भावनाओं का भी ध्यान रखें। सीओ कमलेश सिंह ने बताया अफवाहों पर ध्यान न दें।

होली और शब ए बरात में बाइक पर स्टन्ट करने वालो की बाइकें जब्त होंगी। माहौल खराब करने वालों की खैर नहीं होगी। अराजक तत्वों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। नशे का सेवन करके वाहन न चलाएं। पर्व को राजनीति से परे रखें, खुशी का रंग लगाएं। एसएचओ वेद प्रकाश शर्मा ने बताया होली के पर्व को हर्षोउल्लास के साथ मनाएं। किसी गांव में अगर होली को लेकर कोई समस्या हो तो पहले ही अवगत कराएं। होलिका दहन के दौरान किसी के फसल को नुकसान न पहुंचे। दरोगा बिंदेश्वरी यादव, मुख्य आरक्षी अबरार अहमद को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर माजिद सिद्दीकी, रघुराज मौर्य, मंडल अध्यक्ष गजाधरपुर मनोज पांडे, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, सतपाल मौर्य, ज्ञान चन्द्र ,जलालू खां, रोशन खां, विनय उपाध्याय साहिद खां, रफीक अंसारी शम्सुद्दीन आदि मौजूद रहे।

## पर्वों पर खलल पर होगी कड़ी कार्रवाई : एएसपी

बहराइच। रामगांव थाने परिसर सोमवार को एएसपी ग्रामीण डॉ.पवित्र मोहन त्रिपाठी की अध्यक्षता में उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एएसपी ग्रामीण ने कहा कि होली व शबेबरात त्योहार सभी लोग भाईचारे के साथ मनाए। यदि कहीं भी कोई दिक्कत होती है, तो थानाध्यक्ष को बताएं, तत्काल सहायता की जाएगी। कोई भी व्यक्ति गलत तरीके से अफवाह फैलाने की कोशिश करेगा उसके खिलाफ दंडनातमक कार्यवाही की जाएगी। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि पर्व को लेकर कहीं कोई समस्या हो तो बताएं । इस अवसर पर प्रधान दशरथपुर शकील अहमद, लतीफ खान. जवाहर खान, बौन्डी फतेउल्लापुर, यूनुस खान, राजन पान्डेय, बौंकहा से फैजुल खान. बेहटाभया से अभिषेक कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

हिन्दु

# गैंगरेप मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

बलहा। नानपारा कोतवाली के दरोगा धनंजय तिवारी, सिपाही संजय कुमार, महिला सिपाही अर्चना मिश्रा ने बहराइच- रुपईडीहा हाईवे पर दबिश दी। पुलिस ने अपहत किशोरी को बरामद कर लिया। नामजद आरोपी भंगहरन टोला निवासी निजाम उर्फ चुन्ना को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेजा गया है। किशोरी को महिला सिपाही की अभिरक्षा में मेडिकोलीगल को भेज दिया है।

# शादी का झांसा देकर भगाई गई किशोरी बरामद, मुकदमा

**संसू, नानपारा :** शादी का झांसा देकर भगाई गई किशोरी को पुलिस ने सोमवार को बरामद कर लिया। आरोपित को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पाक्सो, दुष्कर्म समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पिछले 10 फरवरी को नगर के एक मुहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली में शिकायती पत्र दिया था। भंगरहन टोला निवासी तीन युवकों पर शादी का झांसा देकर बेटी को भगाने का आरोप लगाया था। प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार ने बताया कि दो आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। उनकी निशानदेही पर चुन्ना उर्फ निजाम निवासी भंगरहन टोला को अगैया के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपित किशोरी को नेपाल बेचने की फिराक में था।

# बाघ के हमले में चली गई तेंदुए की जान

**संसू, मिहींपुरवा(बहराइच) :** सोमवार की भोर दो वर्षीय नर तेंदुए को बाघ ने मौत के घाट उतार दिया। तेंदुए से बाघ का संघर्ष कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मोतीपुर रेंज के झाला बीट के गन्ने के खेत में हुआ। पशु चिकित्सकों के तीन सदस्यीय दल ने तेंदुए का पोस्टमार्टम किया और विस्तृत जांच के लिए बिसरा भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान बरेली भेजा जाएगा।

झाला गांव निवासी रमेश के गन्ने के खेत में सुबह लगभग नौ बजे तेंदुआ मृत दिखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रभागीय वनाधिकारी आकाशदीप बधावन को दी। सूचना के बाद डीएफओ क्षेत्रीय वनाधिकारी मोतीपुर एवं जीव प्रतिपालक को मौके पर भेजा। लगभग एक घंटे बाद स्वयं घटनास्थल पहुंचे। डीएफओ ने बताया कि प्रारंभिक निरीक्षण के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। तेंदुए के गले में किसी बड़े जानवर के काटे जाने का निशान पाया गया और पिछला हिस्सा खाया हुआ था। इससे तेंदुए को बाघ के शिकार बनाने की संभावना है।

शव को ककरहा ईको पर्यटन परिसर लाया गया। यहां राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण के मानक के अनुरूप तीन चिकित्सकों का पैदल गठित कर शव विच्छेदन कराया गया। तेंदुआ नर था और उसकी उम्र लगभग दो वर्ष के आसपास थी। उन्होंने बताया कि तेंदुए की मृत्यु संघर्ष में बाघ जैसे बड़े जानवर के मारकर खाने के संकेत मिले। उन्होंने बताया कि बिसरा की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही नर तेंदुए की मौत का पता चल सकेगा।



कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मोतीपुर वन रेंज में झाला गांव में मिला तेंदुए का शव ● जागरण

## पालतू कुत्ता उठा ले गया तेंदुआ

**मिहींपुरवा :** सोमवार देर शाम लगभग जंगल से निकला तेंदुआ चहल्लूम ढाबे से पालतू कुत्ते को उठा ले गया। भीड़भाड़ के बीच आकर पालतू कुत्ते को उठा ले जाने से ढाबा संचालक सहित वहां पर मौजूद लोग सहम गए। (संसू)

## कारीकोट में ग्रामीणों को फिर दिखे जंगली हाथी

**संसू, बिछिया(बहराइच) :** भोजन की तलाश में निकले जंगली हाथियों के झुंड ने एक बार फिर कारीकोट का रुख किया है। गेंहू व गन्ने की बड़े पैमाने पर खेती वाले इन गांवों में बीती रात तीन जंगली हाथियों को देखा गया। वन रक्षक कौशल किशोर ने बताया कि शिवबंशपुरवा में किसान शशिकांत व आजमगढ़पुरवा में मोनू के खेत में हाथियों का मूवमेंट देखने को मिला है। किसानों की सूचना पर मौके पर जांच की गई है। हाथियों के पगचिह्न मिले हैं, हालांकि फसल को नुकसान नहीं हुआ है। रेंजर ताराशंकर यादव ने बताया कि टीम को नजर रखने के लिए कहा गया है।

# गैंगस्टर भूरी की 86.23 लाख की संपत्ति कुर्क

**जासं, बहराइच :** गैंगस्टर अजमत अली उर्फ भूरी की छह जमीनों पर किए गए कब्जे के दावे को जिला मजिस्ट्रेट डा. दिनेश चंद्र ने अवैध करार दिया है। जिला मजिस्ट्रेट ने 86.23 लाख की संपत्ति को कुर्क करने का आदेश जारी किया है।

- **जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किया कुर्की का आदेश, छह स्थानों पर कर रखा था अवैध कब्जा**

जिला मजिस्ट्रेट ने गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत दो अभियुक्तों की संपत्तियों को कुर्क करने की कार्रवाई की है। थाना दरगाह शरीफ के मुहल्ला हमजापुरा निवासी भू-माफिया अजमत अली उर्फ भूरी की ग्राम सिंघापरासी की 24.20 लाख की तीन जमीन, ग्राम बक्शीपुरा में 40.18 लाख की 490 वर्ग मीटर जमीन और मुहल्ला हमजापुरा में 21.85 लाख कीमत की 182.15 वर्ग मीटर संपत्ति को अवैध घोषित किया है। उनकी 86.23 लाख की भूमि कुर्क की गई है। इसके अलावा श्रावस्ती के थाना इकौना के ग्राम इन्स्पेक्टरपुरवा निवासी रामनरेश सोनकर के पिकअप वाहन को भी कुर्क करने की कार्रवाई की गई है।

# 'आपसी सौहार्द, समरसतापूर्ण वातावरण में मनाएं त्योहार'

**जागरण टीम, बहराइच :** होली व शब-ए-बरात को लेकर थानों में शांति समितियों की बैठकें हुईं। इसमें लोगों से आपसी सौहार्द व समरसतापूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की गई।

बलहा : ब्लाक परिसर में बैठक अध्यक्षता जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने की। संचालन अपराध निरीक्षक मनोज सिंह ने किया। डीएम ने कहा कि लोग शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं। डीएम ने होली व शबेबरात पर होने वाली समस्याओं पर भी जानकारी ली। एसपी प्रशांत वर्मा ने कहा कि त्योहार पर हुड़दंग न करें। यदि कोई समस्या है तो इसकी जानकारी पुलिस को दें। होली समिति अध्यक्ष अतुल जायसवाल, एसडीएम अजीत परेश, पूर्व नपाप अध्यक्ष अब्दुल वहीद, निवर्तमान अब्दुल मोहिद, रामविलास लोधी, जगतराम पटेल ने भी संबोधित किया। एएसपी ग्रामीण डा. पवित्र मोहन त्रिपाठी, सीओ राहुल पांडे, तहसीलदार पीयूष श्रीवास्तव, प्रमुख विजय वर्मा, बीडीओ सौरभ श्रीवास्तव, कोतवाल हेमंत कुमार आदि मौजूद रहे।

रामगांव : थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता एएसपी ग्रामीण डा.पवित्र मोहन त्रिपाठी ने की। उन्होंने त्योहारों कों आपसी सहयोग के साथ मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने शांति व्यवस्था बनाए रखने में लोगों का सहयोग मांगा।

गजाधरपुर : फखरपुर के वजीरगंज बाजार में पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम महेश कुमार कैथल ने कहा कि पर्व दिलों को जोड़ने का काम करते हैं। इसे सौहार्द के साथ मनाएं। सीओ कमलेश सिंह, एसओ वेदप्रकाश शर्मा ने संबोधित किया।



वजीरगंज बाजार में समारोह का आयोजन किया गया। इसमें उत्कृष्ट कार्य के लिए लोगों ने उपजिलाधिकारी महेश कुमार कैथल, सीओ कमलेश सिंह, थानाध्यक्ष फखरपुर वेदप्रकाश शर्मा व एसएसआइ विंदेश्वरी यादव को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया ● जागरण

# शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले बख्शे नहीं जाएंगे

**बहराइच।** डीएम डॉ.दिनेश चन्द्र व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने सोमवार को बलहा ब्लॉक में शांति समिति की बैठक की। इसमें पुलिस को शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए। कहा कि होली व शब-ए-बारात सहित अन्य पर्वों पर जिले में यदि किसी ने कानून एवं शान्ति व्यवस्था भंग करने की कोशिश की तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

बलहा ब्लॉक में आयोजित शांति समिति की बैठक में अफसरों ने कहा कि कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। पूरे जिले में विशेष चौकसी बरती जा रही है। असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। अपील किया कि होली हर्ष और उल्लास का पर्व है। सभी नागरिक एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्यौहारों को मनाएं। यदि कोई समस्या है, तो जिम्मेदार अधिकारियों के संज्ञान में अवश्य लाएं।

डीएम ने बीडीओ व ईओ को ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में होलिका दहन स्थलों व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर बेहतर साफ-सफाई व एसडीएम नानपारा अजित परेश को निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर होली समिति के अध्यक्ष अतुल जायसवाल, पूर्व चेयरमैन अब्दुल वहीद व अब्दुल मोहीद राजू सहित क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। संवाद

# गैंगस्टर के दो आरोपियों की 90 लाख की संपत्ति जब्त

**बहराइच।** गैगस्टर के दो अपराधियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 90 लाख की संपत्ति को जब्त कर लिया गया। डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र ने बताया कि दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र के मोहल्ला हमजापुरा निवासी अजमत अली उर्फ भूरी पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज है।

इसके तहत अजमत की सिंघापरासी गांव की 0.352 हेक्टेअर, गाटा संख्या 2269 की 0.081 हेक्टेअर, गाटा संख्या 2268/2 की 0.130 हेक्टअर भूमि जिसकी कीमत 24, 20,900 रुपए है, को जब्त कर लिया गया है। साथ ही बक्शीपुरा मोहल्ले में गाटा संख्या 1911/2 की आवासी 0.045 हेक्टेअर, गाटा संख्या 1913/2 की 0.0004हेक्टेअर जिसकी कीमत लगभग 40,18,000 रूपये है, को जब्त कर लिया गया है।

साथ ही हमजापुरा मोहल्ले में स्थित 182.15 वर्ग मीटर की आवासी जमीन जिसकी कीमत लगभग 21,85,000 है, को जब्त किया गया है। वहीं श्रावस्ती के इकौना थाना क्षेत्र के इन्स्पेक्टरपुरवा निवासी राम नरेश सोनकर 3.6 लाख कीमत के पिकअप वाहन को जब्त किया गया है। संवाद

# गन्ने के खेत में मृत मिला क्षत-विक्षत तेंदुआ

## दो से तीन साल की उम्र, बाघ या बड़े तेंदुए के हमले की आशंका





## दो महीने में हाथियों के तीन शिकार

### सीमा पर कई महीनों से जारी है नेपाली टस्कर हाथियों का उत्पात



सरक्षक अनिल त्रिपाठी ने कहा कि कपूर, आयुष यादव आदि मौजूद रहे।

# 4239 बच्चों ने नहीं दिया इम्तिहान

## डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर देखी व्यवस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित बोर्ड परीक्षा के तहत सोमवार को हाईस्कूल की विज्ञान व इंटरमीडिएट की जीव विज्ञान व गणित की परीक्षा आयोजित की गई। प्रतिदिन की भांति सोमवार को भी 4239 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

परीक्षा को नकलविहीन व शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित कराने के लिए डीएम, एसपी व डीआईओएस ने दल-बल के साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं।

सोमवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल की विज्ञान विषय की परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें पंजीकृत 20912 छात्र व 17691 छात्राओं समेत पंजीकृत कुल 38609 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 36191 परीक्षार्थी मौजूद रहे। जबकि 2412 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। इसी प्रकार द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की जीव विज्ञान व गणित विषय की परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 11527 छात्र व 4589 छात्राओं समेत कुल पंजीकृत 16116 परीक्षार्थियों में से 14292 परीक्षार्थी परीक्षा में मौजूद रहे। जबकि 1824 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। दोनों पालियों में मिलाकर 4239 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।




परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर बाहर आते अधिकारी। -संवाद

परीक्षा को नकलविहीन आयोजित कराने के उद्देश्य से डीएम डॉ.दिनेश चंद्र ने एसपी प्रशांत वर्मा के साथ नगर तारा गर्ल्स इंटर कॉलेज व मानस इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण करते हुए केंद्र व्यवस्थापकों व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों से जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हें महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही डीआईओएस जेपी सिंह ने भी विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 28-02-2023

# पुलिस अधीक्षक ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**श्रावस्ती।** अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने सोमवार को जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान 15 मामले प्राप्त हुए। जिसमें चार मामले भूमि विवाद, पांच मामले पारिवारिक विवाद तथा छह अन्य मामले आए। शिकायतों को सुन कर निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को भेज दिया। एएसपी ने बताया कि सभी मामलों का समय से निस्तारण करने का आदेश दिया गया है।

# जमीन पर कब्जा करने का लगाया आरोप

**श्रावस्ती।** सोनवा थाने के ग्राम पकड़िया निवासी अनंतराम तिवारी पुत्र राम अक्षैवर ने अपने भाई पर बैनामासुदा जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस चौकी लक्ष्मननगर में तहरीर देकर बताया है कि उसने पत्नी के नाम जमीन बैनामा कराया था। जिसे जबरन कब्जा किया जा रहा है। जबरन कब्जा करने से रोकने पर धारदार हथियार लेकर मारने के लिए दौड़ा लिया। पीड़ित ने आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए जमीन पर अवैध कब्जा रोकने की मांग की है।

# 10 लीटर अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** कोतवाल भिनगा जीतेन्द्र कुमार सिंह रविवार रात में गश्त कर रहे थे। इस बीच गांधी गांव के मोड़ के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका। इसके साथ ही तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। पकड़े गए आरोपी की पहचान राजितराम पुत्र श्यामलाल निवासी गांधी कोतवाली भिनगा के रूप में हुई। आरोपी पर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# 33% वाहनों में ही लग पाई हाई सिक्योरिटी प्लेट

## आदेश बेअसर

- हाई सिक्योरिटी नंबर बनाने में लोग नहीं दिखा रहे हैं रुचि
- नहीं है हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट तो जुर्माने का है प्राविधान

**श्रावस्ती,संवाददाता ।** सरकार की ओर से सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने का आदेश दिया था। इसके लिए समय सीमा भी तय कर दी थी। लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी जिले के 33 प्रतिशत वाहनों में ही हाई सिक्योरिटी नंबर लगे हैं। बाकी 67 प्रतिशत वाहन बिना हाई सिक्योरिटी नंबर के ही फर्राटा भर रहे हैं।

वाहनों की सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सरकार ने सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने का आदेश दिया था। इसके लिए परिवहन विभाग को जागरूकता लाने और वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लगवाने का निर्देश दिया था। इसके लिए 15 फरवरी तक सभी पुराने वाहनों में नंबर बदलवा कर नया नंबर लगाने का निर्देश था। लेकिन नए निकलने वाले वाहनों में तो हाई सिक्योरिटी नंबर लग जाता है जबकि पुराने वाहनों में नया नंबर लगाने में लोग रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इसका कारण है कि अब तक जिले के पंजीकृत एक लाख 34 हजार 101 वाहनों में मात्र 44 हजार 582 वाहनों में ही हाई सिक्योरिटी नंबर लग सका है। इसमें सबसे अधिक 38 हजार 164 दो पहिया वाहन हैं। इसके साथ ही 1514 तिपाहिया, 50 बस और 726 पिकप में हाई सिक्योरिटी नंबर लगा है। पुराने वाहनों में नया नंबर लगाने में लोग रुचि नहीं दिखा रहे हैं। बड़ी संख्या में सरकारी वाहनों में भी नहीं है हाई सिक्योरिटी नंबर लगवाने में सरकारी लोग भी आना कानी कर रहे हैं। बड़ी संख्या में सरकारी वाहन बिना हाई सिक्योरिटी नंबर में चल रहे हैं।

बताया जाता है कि अधिकांश सरकारी वाहन किराए पर चल रहे हैं। लेकिन वाहन मालिक हाई सिक्योरिटी नंबर लगवाने में रुचि नहीं ले रहे हैं। दूसरे हाई सिक्योरिटी नंबर केवल विभिन्न कंपनियों के अधिकृत एजेंसी पर ही आता है। जिले में बड़े वाहनों की अधिकृत एजेंसी नहीं है। इसलिए भी लोगों को परेशानी होती है।

इस तरीके से लिया जा सकता है हाई सिक्योरिटी नंबर किसी भी वाहन के हाई सिक्योरिटी नंबर के लिए किसी भी जनसेवा केन्द्र से या फिर विभाग के पोर्टल पर आन लाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके लिए वाहनों के हिसाब से शुल्क निर्धारित है। फीस कटने के बाद एक रसीद मिलेगी। इसके साथ ही नंबर प्लेट के लिए संबंधित वाहन जिस कंपनी का है। उस कंपनी के डीलर का नाम और नंबर देना होगा। हाई सिक्योरिटी नंबर उसी एजेंसी पर आएगा और वहीं से नंबर प्लेट मिलेगा।

## कुल पंजीकृत वाहन एक लाख 34 हजार 101

| | |
|---|---|
| कुल हाई सिक्योरिटी वाहन | 44582 |
| मल्टी एक्सल वाहन | 59 |
| छह चक्का वाहन | 232 |
| पिकप | 1727 |
| कामर्शियल चार पहिया वाहन | 593 |
| तिपहिया वाहन | 1954 |
| दो पहिया वाहन | 114217 |
| निजी कार जीप | 3442 |
| ट्रैक्टर | 11616 |

"2019 से पहले के सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाया जाना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके बगैर निकलने वाले वाहनों के स्वामियों से पांच हजार रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा। **रणवीर सिंह चौहान** यात्री माल कर अधिकारी

# टीम ने हटवाया होलिका दहन स्थल से अतिक्रमण

**संसू, मल्हीपुर( श्रावस्ती)** : रंगों का पर्व होली अमन व भाईचारे के साथ संपन्न कराने के लिए प्रशासन सक्रिय हो गया है। गांव-गांव होलिका दहन स्थल की स्थिति देखकर साफ-सफाई शुरू की गई है। इसी क्रम में जमुनहा क्षेत्र में सोमवार को पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटवाकर होलिका दहन स्थल को खाली करवाया।

मल्हीपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिकारी चौड़ा में स्थित होलिका दहन स्थल की जमीन पर गांव के ही बांके लाल ने कब्जा कर रखा था। कब्जेदार ने इस जमीन पर सरसों की फसल लगा रखी थी। त्योहार निकट आने पर ग्रामीणों ने एसडीएम जमुनहा को शिकायती पत्र देकर कब्जा हटवाने की मांग की थी। एसडीएम सौरभ शुक्ला ने राजस्व टीम को मौके पर भेजा था। टीम ने तीन दिन में कब्जा हटाने की नोटिस कब्जेदार को दी थी। निर्धारित समय बीतने के बाद भी स्थल पर से कब्जा नहीं हटा तो सोमवार को नायब तहसीलदार शुभम तिवारी व थानाध्यक्ष रामपाल यादव राजस्व व पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जमीन पर लगी फसल को ट्रैक्टर से जोतवा दिया। ग्रामीणों से निर्धारित स्थल पर ही होलिका दहन करने को कहा गया।

# 10 लीटर शराब बरामद

**श्रावस्ती :** भिनगा पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान गांधी गांव निवासी राजितराम को गांधी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से प्लास्टिक पिपिया में 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुआ। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। (वि.)

# आईं 15 शिकायतें

**श्रावस्ती :** एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने सोमवार को जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इसमें से चार भूमि विवाद, पांच पारिवारिक विवाद व छह शिकायतें अन्य विवाद से संबंधित थीं। संबंधित को प्राप्त शिकायतों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। (वि.)

# बाइक चोरी कर भाग रहे आरोपित को दबोचा

**श्रावस्ती :** रविवार की शाम हरदत्तनगर गिरंट क्षेत्र के महरूमुर्तिहा निवासी सियाराम यादव बाइक से मल्हीपुर चौराहे पर पहुंचे। बाइक खड़ी कर वे थोड़ी दूरी पर खड़े थे। इसी दौरान चोर बाइक लेकर भागने लगा। पीड़ित ने शोर मचाया। प्रभारी निरीक्षक रामपाल यादव ने पीआरवी टीम के सहयोग से क्षेत्र के भगवानपुर भैसाही निवासी अंसार खां को दबोच लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बाइक बरामद कर ली गई है। चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

# दुष्कर्म के दोषी व सहयोगी को सात वर्ष का कारावास

**जासं, श्रावस्ती :** इकौना क्षेत्र के एक गांव में 12 वर्ष पूर्व हुए दुष्कर्म के मामले में दोषी व सहयोगी को सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। 70 हजार अर्थदंड भी लगाया गया है। रकम अदा न करने पर दोषियों को एक वर्ष छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सतेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि 26 जून 2011 को घर में अकेली मौजूद 14 वर्षीय किशोरी को ननके अपनी पत्नी विमला व साले सर्वेश कुमार के साथ मिलकर भगा ले गया था। इस मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर इकौना थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के चार माह बाद पीड़िता की बरामदगी हुई थी। बरामदगी के बाद पीड़िता ने बताया कि घटना वाले दिन उसके मामा व मामी सर्वेश के साथ घर आए थे। उसे जबरदस्ती लेकर चले गए। आरोपित पहले किशोरी को परसिया गांव ले गए। यहां उसके साथ दुष्कर्म किया। सर्वेश अयोध्या में किराए का कमरा लेकर उसे एक माह तक रखा और रोज उसके साथ दुष्कर्म करता रहा, फिर उसे मुंबई लेकर गया। दो माह मुंबई में रखा। यहां पर भी उसके साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा। विवेचना इकौना पुलिस ने की। मामले का विचारण अपर सत्र न्यायालय (रेप एलांग विद पाक्सो एक्ट) के न्यायालय में हुआ।

# डिप्टी रेंजर ने अपने आवास पर सर्विस रिवाल्वर से खुद को मारी गोली, मौत

## भदोही जिले के बरवा गांव के रहने वाले थे डिप्टी रेंजर सरोज

संसू, भिनगा(श्रावस्ती) : हरदत्तनगर गिरंट वन क्षेत्र में तैनात रहे डिप्टी रेंजर ने सोमवार की सुबह लगभग पांच बजे भिनगा रेंज कार्यालय परिसर में स्थित सरकारी आवास पर अपनी सर्विस रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी व पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। वन विभाग के अधिकारी फिलहाल कुछ भी कहने से बच रहे हैं।



राममनोहर सरोज

भदोही जिले के बरवा गांव निवासी राम मनोहर सरोज श्रावस्ती जिले के हरदत्तनगर वन क्षेत्र में डिप्टी रेंजर के पद पर तैनात थे। रविवार को वे अधिकारियों के साथ मौजूद थे। रात में डिप्टी रेंजर भिनगा रेंज कार्यालय परिसर में बने सरकारी आवास में पत्नी शशि व दो बच्चे सात वर्षीय दिव्यांशु व पांच वर्षीय दीप्ति के साथ सो गए। सुबह लगभग साढ़े पांच बजे आवास परिसर के पीछे आंगन में डिप्टी रेंजर ने अपने सर्विस रिवाल्वर से खुद के गले में सटाकर गोली मार ली। इससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। आवाज सुनकर पहुंची पत्नी ने शोर मचाया तो आसपास आवासों में रह रहे वन विभाग के अन्य कर्मचारी पहुंच गए। डीएफओ डा. संजय शर्मा भी वन विभाग के अधिकारियों के साथ पहुंचे। डीएफओ ने घटना के संबंध में बताया कि अभी हम कुछ नहीं कह सकते हैं। शव का पीएम कराया जा रहा है। एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस की ओर से कार्रवाई की जा रही है।

### कहीं मानसिक अवसाद ने तो नहीं ले ली अधिकारी की जान

भूपेंद्र पांडेय ● श्रावस्ती

हरदत्तनगर गिरंट वन क्षेत्र में तैनात डिप्टी रेंजर की आत्महत्या अपने पीछे कई सवाल खड़े कर रही है। विभाग में जिंदा दिल इंसान के रूप में पहचान रखने वाले व्यक्ति ने अचानक जीवन लीला समाप्त करने का निर्णय क्यों लिया यह सवाल विभागीय कर्मचारियों के दिमाग में भी कौंध रहा है।

भदोही जिले के बरवा गांव के मूल निवासी राम मनोहर सरोज की वर्ष 2008 में वन दारोगा के पद पर जिले में तैनाती हुई थी। उन्होंने अपने कार्यकाल का लंबा हिस्सा ककरदरी रेंज में बिताया। एक वर्ष पूर्व उनकी तैनाती हरदत्तनगर गिरंट वन क्षेत्र में हुई थी। यहां का कामकाज उन्हें रास नहीं आ रहा था। इसी दौरान उनकी पदोन्नति डिप्टी रेंजर के पद पर हो गई। गिरंट जंगल छोड़कर वे भिनगा आना चाह रहे थे। तत्कालीन डीएफओ एपी यादव ने दिसंबर 2022 में उनकी तैनाती भिनगा रेंज में कर दी थी। इसके कुछ दिन बाद ही डीएफओ सेवानिवृत्त हो गए। एसडीओ धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि तबादले के



भिनगा स्थित आवास में बिलखती डिप्टी रेंजर की पत्नी शशि ( बाएं ) ● जागरण

लिए शासन की अनुमति जरूरी थी। यह प्रक्रिया पूरी किए बिना हुए सभी तबादलों को उच्चाधिकारियों की ओर से निरस्त कर दिया गया था। तबादला निरस्त होने के बाद छह फरवरी को डिप्टी रेंजर वापस हरदत्तनगर गिरंट वन क्षेत्र में तैनात कर दिए गए थे। विभाग में चर्चा है कि पुनः उसी स्थान पर तैनाती से वे क्षुब्ध थे। इसके चलते रेंज कार्यालय आना-जाना भी उनका कम ही होता था। उनके पास कोई प्रभार भी नहीं था। यह स्थितियां इशारा करती हैं कि रेंज कार्यालय में सबकुछ ठीकठाक नहीं था। श्रावस्ती के प्रभारी डीएफओ डा. संजय शर्मा ने बताया कि इसके संबंध में अभी मैं कुछ नहीं कह सकता हूं।

# शांतिभंग के आरोप में तीन गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस ने रविवार रात तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है। वहीं, सोमवार को संदिग्ध वाहनों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया। इस दौरान 19 वाहनों का ई-चालान कर 26500 रुपये जुर्माना वसूला। संवाद

## बाइक चुराते रंगे हाथ पकड़ा

तुलसीपुर (श्रावस्ती)। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के मल्हीपुर चौराहे पर रविवार शाम हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के महरू मुर्तिहा निवासी सियाराम यादव ने मोटर साइकिल खड़ी थी। देर शाम एक चोर बाइक ले जा रहा था। उसे रंगेहाथ पकड़ लिया गया। बाद में उसे पुलिस को सौंप दिया गया। युवक की पहचान थाना क्षेत्र के भगवानपुर भैसाही निवासी अंसार खां के रूप में हुई है। उसे जेल भेजा गया है। संवाद

# कच्ची शराब के साथ दो को पकड़ा

**श्रावस्ती।** इकौना व भिनगा पुलिस ने रविवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया। इकौना पुलिस ने कुम्हारगढी पुलिस के पास से पश्चिम केवटन पुरवा निवासी राजेश कुमार को गिरफ्तार किया जिसके पास से पुलिस ने दस लीटर कच्ची शराब बरामद की। वहीं, भिनगा कोतवाली पुलिस ने गांधी मोड़ के निकट से गांधी निवासी राजित राम को गिरफ्तार किया जिसके पास से पुलिस ने दस लीटर कच्ची शराब बरामद की।

# शांतिभंग के आरोप में तीन गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने रविवार रात तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है। वहीं, पुलिस ने सोमवार को संदिग्ध वाहनों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 19 वाहनों का ई-चालान कर 26500 रुपये जुर्माना वसूल किया। संवाद